सुप्रभात
रांची, बुधवार
21.08.2024
** नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 42

12 फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का पोस्टर रिलीज

## न्यूज डायरी

### लातेहार में घर पर गिरा पेड़, तीन बच्चों की मौत

**लातेहार।** जिले के हेरहंज थाना के बंदरलौरिया गांव में मंगलवार की शाम रूपरु भुइयां के घर पर एक पेड़ गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों में अंशु कुमारी (10), रश्मि कुमारी ( 5) और लक्की भूईया ( 3) हैं। तीनों बच्चे एक ही परिवार के थे। शाम करीब पांच बजे बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, इसी दौरान तेज आंधी चलने लगी। आंधी को देख बच्चे घर के अंदर चले गये। इसी घर के बाहर स्थित सेमर का पेड़ अचानक उनके खपरैल मकान के ऊपर गिर गया। मकान जमींदोज हो गया और तीनों बच्चे घर के मलबे में दब गये।

### खनिज उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी : मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कहा कि भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति मंगलवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित रष्ट्रीय भू-विज्ञान पुरस्कार-2023 वितरण समारोह में बोल रहीं थीं।

### ट्रेन की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

**दुमका।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के गुजीसिमल गांव के पास ट्रेन की चपेट में आकर 20 वर्षीय रशीदा खातून की मौत हो गयी। उसका ससुराल शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के करमाटांड़ गांव में है। तीन दिन पूर्व रशीदा अपने पति सफाउल अंसारी के साथ अपने मायके मुर्गाबनी गांव गयी थी। रशीदा सोमवार को घर से बिन बताए निकली और गुजीसिमल गांव के पास कविगुरु एक्सप्रेस के चपेट में आ गयी। मौके पर उसकी मौत हो गयी।

### सीएम का पलामू दौरा अब 22 अगस्त को होगा

**रांची।** भारत बंद के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 21 अगस्त को पलामू में होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। अब यह कार्यक्रम 22 अगस्त को होगा। सीएम यहां झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की शुरूआत करेंगे।

### जेके में पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी। यहां 90 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए तीन चरणों में चुनाव कराये जाने हैं, जिसके पहले चरण में 24 सीटों पर मतदान कराये जायेंगे।

### डॉक्टर मामले में गांगुली करेंगे विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले के विरोध में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली आज बुधवार को प्रदर्शन करेंगे। उनके साथ प्रदर्शन में उनकी पत्नी भी शामिल रहेंगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता मामले में सुनवाई की

# चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए नेशनल टास्क फोर्स गठित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेशनल टास्क फोर्स (राष्ट्रीय कार्य बल) गठित कर दिया है। नेशनल टास्क फोर्स की अगुवाई वाइस एडमिरल आरती सरीन, डायरेक्टर जनरल मेडिकल सर्विस नेवी करेंगी। इसमें कुल 10 सदस्य बनाए गए हैं। नेशनल टास्क फोर्स पेशेवर चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा, कार्य करने की स्थिति और उसकी बेहतरी की सिफारिश पेश करेगा।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की सुनवाई के दौरान टास्क फोर्स से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत देशभर से डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय कार्यबल सृजित कर रही है। यह ऐसे दिशा-निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे।

बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है।

### यह पूरे देश के चिकित्साकर्मियों की सुरक्षा का मामला



*हम फिर से एक नयी घटना का इंतजार नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट*

कोलकाता के अस्पताल में डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान पर सुनवाई के दौरान कहा कि यह सिर्फ कोलकाता केस का नहीं है बल्कि देश भर के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के सेफ्टी से जुड़ा मसला है। हम फिर से नयी घटना का इंतजार नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया है साथ ही सीबीआई से कहा है कि वह मामले की छानबीन संबंधित स्टेटस रिपोर्ट गुरुवार को पेश करे। सुप्रीम कोर्ट मामले में सिस्टमैटिक तौर पर कई मुद्दों को देखने का फैसला किया है और अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तारीख तय की है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सीआइएसएफ को सौंपी आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा

**कोलकाता।** कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर से दरिंदगी की घटना के बाद पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा सीआईएसएफ को सौंपने का आदेश दिया है। अभी तक सुरक्षा कोलकाता पुलिस के हाथों में थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेने के बाद मंगलवार को पहली सुनवाई की थी। इसमें चीफ जस्टिस की बेंच ने पश्चिम बंगाल सरकार से कड़े सवाल पूछा। सीजेआई ने पूछा कि हॉस्पिटल में 7000 लोग कैसे घुस गए? कोलकाता पुलिस क्या कर रही थी? 14 अगस्त की रात को हॉस्पिटल पर हमले ने कोलकाता पुलिस की लापरवाही को उजागर कर दिया था, जब भीड़ इमरजेंसी वार्ड को तोड़ा डाला था और सेमिनार हॉल तक पहुंचने की कोशिश की।

#### कोर्ट ने यह भी पूछा

- अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की सेफ्टी पर्याप्त क्यों नहीं।
- मौजूदा मामले में एफआईआर में देरी
- शुरूआत में आत्महत्या का मामला बनाने की कोशिश क्यों हुई।
- पेरेंट्स को विक्टिम से मिलाने में देरी क्यों
- डेड बॉडी देने के घंटों बाद एफआईआर क्यों
- अस्पतालों में सीसीटीवी वर्किंग क्यों नहीं है
- क्या अस्पताल के बाहर पुलिस चौकी है?
- क्या समस्याओं के समाधान के लिए इंटरनल कमेटियां हैं?

### रिम्स में हड़ताल जारी




इस बीच, झारखंड में जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण राज्य भर में चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अब तक दस हजार से अधिक मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की झारखंड शाखा के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होती, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

कोल्हान के झामुमो विधायक मुख्यमंत्री से मिले, बैठक की

# विधायक बोले- हम पार्टी छोड़ कहीं नहीं जा सकते, बाहरी सूचनाएं सिर्फ प्रोपगेंडा

- जेएमएम विधायकों के साथ बैठक कर सीएम ने की एकजुटता दिखाने की कोशिश
- राजेश ठाकुर ने किया दावा- बीजेपी के साथ जाने वालीं गीता कोड़ा और सीता सोरेन का हश्र सभी ने देखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दो दिनों से राज्य में चल रहे राजनीतिक उठा पटक और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के झामुमो त्यागने की संभावनाओं के बाद कोल्हान के विधायकों का चंपई सोरेन के साथ पार्टी छोड़ने की अटकलों पर विराम लग गया। मंगलवार को कोल्हान क्षेत्र के बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, पोटका विधायक संजीव सरदार, दशरथ गगराई, रामदास सोरेन और जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची में मिले। बताया जा रहा है कि सीएम से मिलकर उन्हें पार्टी के प्रति आस्था जतायी और कहा कि वे पार्टी छोड़कर कहीं नहीं जा सकते। बाहर जो भी सूचनाएं मिल रही हैं, वह केवल प्रोपगेंडा मात्र है, इससे अधिक कुछ नहीं। विधायकों की कर्तव्यनिष्ठा पर सीएम हेमंत सोरेन ने आभार व्यक्त किया।

**बीजेपी के साथ जाने वालीं गीता-सीता का हश्र सभी ने देखा**

इधर, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीजेपी की साजिश विफल हो गई है। उन्होंने चंपई सोरेन को सलाह दी कि वो बीजेपी की साजिश और षड्यंत्र में फंसने से बचें। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि चंपई सोरेन बीजेपी के जाल में फंसने से बच गए हैं। सभी लोग जानते हैं कि बीजेपी में जाने वाली गीता कोड़ा और सीता सोरेन का क्या हश्र हुआ। झारखंड में पहले से ही एक कहावत है कि भाजपा आएगी, जाल बिछाएगी मगर फंसना मत। राजेश ठाकुर ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस पूरी तरह से एकजुट है, जो लोग टूट की बात कर रहे हैं, ये वही लोग हैं, जिन्होंने अफवाह फैलाकर गणेशजी को दूध पिलाने का काम किया है। ऐसे समय में जो भी लोग इंडी एलायंस छोड़ कर जाएंगे, उन्हें जनता सबक सिखायेगी।



### किसी भाजपा नेता से नहीं मिला : चंपई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का राजनीतिक पारा बढ़ाने के बाद पूर्व सीएम और झामुमो नेता चंपई सोरेन दिल्ली से कोलकाता लौट आये हैं। एयरपोर्ट में जब उनसे उनकी आगे की रणनीति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा इंतजार कीजिए। पार्टी में अपमान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे जो कहना था मैंने कहा दिया है। जब उनसे मौजूदा स्थिति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इंतजार करने को कहा।

वहीं चंपाई सोरेन ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि किसी भाजपा नेता से उनकी मुलाकात नहीं हुई है। वे निजी काम से दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि यह सब कौन कह रहा है। पत्रकारों ने उनसे पूछा, क्या आप यहां भाजपा के नेता मिलना चाहते थे। उन्होंने इस बात को भी खारिज कर दिया। पत्रकारों ने उनसे झामुमो से नाराजगी का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को पहले बता दिया हूं। जब उनसे झामुमो के सिंबल से ही चुनाव लड़ने की बात पूछी गयी तो उन्होंने कहा कि मैंने इन सारी बातों की जानकारी पहले दे दी है। दूसरी तरफ उनके साथ जिन विधायकों के झामुमो छोड़ने की बात कही जा रही थी वे सभी इसे सिरे से खारिज कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि चंपई सोरेन के 18 अगस्त के पोस्ट से झारखंड में सियासी भूचाल मचा हुआ है।

## सामाजिक संगठनों का आज भारत बंद, इंडी गठबंधन ने दिया समर्थन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सर्वोच्च न्यायालय की ओर से एससी-एसटी आरक्षण में दिये गये वर्गीकरण के फैसले के खिलाफ सामाजिक संगठनों ने 21 अगस्त (बुधवार) को भारत बंद बुलाया है। झारखंड में भी भारत बंद को सफल बनाने की तैयारी आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की ओर से की गयी है। दूसरी ओर प्रदेश की सत्ताधारी दल झामुमो और राजद, कांग्रेस के साथ साथ लेफ्ट और आजसू ने भी बंद को समर्थन दिया है। झामुमो के केंद्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भारत बंद को देखते हुए पत्र जारी कर कहा है कि एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय एससी/एसटी वर्ग के उत्थान और मजबूती के मार्ग में बाधक है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिला अध्यक्षों, अग्रणी संगठन के विभाग एवं प्रकोष्ठों को भारत बंद के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने को कहा है। वहीं आजसू पार्टी ने भी भारत बंद को पार्टी की ओर से नैतिक समर्थन दिया है। इस राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में बसपा ने समर्थन देने की बात कही है। राजस्थान के एससी/एसटी समूहों ने भी इस बंद का समर्थन किया है।

#### क्यों बुलाया भारत बंद

आरक्षण बताओ संघर्ष समिति की ओर से भारत बंद सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में बुलाया गया है, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने राज्यों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के भीतर सब-कैटेगरी बनाने की स्वीकृति दी थी। इसमें उन लोगों को प्राथमिकता दी जानी है जिसके लिए आरक्षण जरूरी है।

**राजधानी में लगभग निजी विद्यालय रहेंगे बंद** : भारत बंद को लेकर स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के एसपी-एसएसपी को अलर्ट किया है। कहा कि मॉल, दुकान, ऑफिस, मार्केट, बस और रेल सेवा को बलपूर्वक बंद कराये जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है, इसलिए विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी रखने की जरूरत है। बंद को देखते हुए राजधानी में लगभग सभी निजी विद्यालयों ने स्कूल बंद करने का नोटिस जारी किया है।

### सीएम, डीजीपी व एडीजी के खिलाफ जांच की मांग वाली याचिका वापस

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन, डीजीपी और स्पेशल ब्रांच के एडीजी पर परेशान करने का आरोप लगाने वाली याचिका वापस ले ली गयी है। हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की इस याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि जब यह रिट याचिका दाखिल की गई थी उस समय मामला पुलिस अधिकारी रूपा तिर्की की सुसाइड से संबंधित था। यह मामला अब क्लोज और पुराना हो चुका है, इसलिए प्रार्थी को अपनी याचिका वापस ले लेनी चाहिए। इसके आलोक में प्रार्थी ने अपनी याचिका वापस ले ली।

दरअसल प्रार्थी अधिवक्ता राजीव कुमार ने सीएम हेमंत सोरेन, राज्य के डीजीपी एवं स्पेशल ब्रांच के एडीजी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके द्वारा उन्हें कोलकाता में कैश कांड में फंसाया गया है। स्पेशल ब्रांच के एडीजी के द्वारा पुलिस कर्मियों के माध्यम से उनकी निगरानी की जा रही है और गतिविधियों की मॉनिटरिंग हो रही है। इससे निजता भंग हो रही है। इसे देखते हुए स्पेशल ब्रांच के एडीजी के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

आम जनता ने मुख्यमंत्री से अपना दु:ख-दर्द साझा किया

# निश्चिंत रहें, बुनियादी सुविधाएं आपके गांव-घर तक पहुंचायेंगे : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने अपनी-अपनी समस्यायें सीएम को बतायी। मुख्यमंत्री खुद एक-एक लोग के पास पहुंचे और उनसे आवेदन लिया। मौके पर श्री सोरेन ने सभी लोगों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद लोग संतुष्ट दिखाई दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार समस्याओं के समाधान का निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि बुनियादी सुविधाएं आपके गांव-घर तक पहुंचायी जाये। पिछले साढ़े चार वर्ष में जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ आप तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी-मूलवासी, गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग समुदाय का सर्वांगीण विकास उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। आने वाले समय में भी जनहित का कार्य अनवरत चलता रहेगा।



### सीएम ने किया जागरूक : मंइयां योजना में फर्जी कॉल से सतर्क रहें

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए निबंधित महिलाओं को राशि हस्तांतरण से संबंधित आ रहे कॉल को गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहे हैं, जो पूरी तरह से फर्जी है। इसलिये योजना के तहत निबंधित बहन बेटियों से आग्रह है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से संबंधित कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा कदापि नहीं करें।

### प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत को मिलेगा सीबीडीटी प्रमाण पत्र

**रांची।** रांची के प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत को बेहतर कुशल प्रबंधन के लिए सीबीडीटी प्रमाण पत्र मिलेगा। दिल्ली के विज्ञान भवन में 21 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण डॉ प्रभाकांत को प्रमाण पत्र सौंपेंगी। प्रभाकांत को यह प्रमाण पत्र 33 साल से अधिक बेहतर कुशल प्रबंधन और मेधावी सेवा के लिए दिया जा रहा है। प्रमाण पत्र के लिए आयकर विभाग के 50000 से अधिक कर्मियों में से कुल 22 अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन हुआ है।

**प्रभाकांत ने करियर में हासिल की हैं कई उपलब्धियां** : प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उद्योगों के मामले में एकत्र किए गए उनके सबूतों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। कर चोरी से निपटने में एक बेंच मार्क भी स्थापित किया। डॉ प्रभाकांत ने मैनुअल प्रक्रिया को एक मजबूत ई-फाइलिंग प्रणाली में बदलकर क्रांति ला दी। मधु कोड़ा प्रकरण और टूजी घोटाले जैसे हाई-प्रोफाइल मामलों को कानूनी रूप दिया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 87000 रु./प्रति किलो |




सीधी भर्ती के विज्ञापन पर उठे विवाद के बाद केंद्र सरकार ने यूपीएससी को दिया आदेश

# लेटरल एंट्री का विज्ञापन रद्द कर दें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** यूपीएससी की ओर से 45 पदों पर लेटरल एंट्री यानी सीधी भर्ती के विज्ञापन पर उठे विवाद के बाद केंद्र सरकार ने इस विज्ञापन को रद्द करने का आदेश आयोग को दिया है। यूपीएससी की चेयरमैन प्रीति सूदन को लिखी चिट्ठी में केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि पीएम मोदी की नजर में लेटरल एंट्री की प्रक्रिया हमारे संविधान में निहित समानता और न्याय के आदर्शों पर आधारित होनी चाहिए। खासकर, आरक्षण के प्रावधानों को लेकर। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा सामाजिक न्याय पर विश्वास रखते आए हैं। उनकी योजनाओं से हमारे समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि लेटरल एंट्री को आरक्षण के सिद्धांतों के अधीन लाने का फैसला समाजिक न्याय के प्रति पीएम मोदी का समर्पण भाव दिखाता है।




दरअसल, 17 अगस्त को यूपीएससी ने 24 केंद्रीय मंत्रालयों में सेक्रेटरी, डायरेक्टर और डिप्टी सेक्रेटरी जैसे पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती के लिए विज्ञापन निकालकर आवेदन मांगे थे, लेकिन इस विज्ञापन ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। विपक्षी पार्टियों के साथ बीजेपी की सहयोगी एलजेपी ने भी इसके विरोध में आवाज उठायी। विरोध करने वालों का कहना था कि इन भर्तियों में आरक्षण का प्रावधान न होने से पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों का हक मारा जाएगा। सरकार की ओर से अब इस भर्ती विज्ञापन को रद्द करने के फैसले को विपक्षी पार्टियों ने संविधान की जीत बताया है। वहीं बीजेपी के सहयोगी चिराग पासवान ने इस फैसले पर खुशी जताई है।

#### हम जातिगत गिनती के आधार पर देशभर में सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे : राहुल गांधी

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लेटरल एंट्री को रद्द करने पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस ने पोस्ट में लिखा, संविधान की जीत हुई। मोदी सरकार लेटरल एंट्री में बिना आरक्षण के भर्ती की साज़िश कर रही थी, लेकिन अब इस फैसले को वापस लेना पड़ा। इधर कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे। भाजपा की लेटरल एंट्री जैसी साजिश्रों को नाकाम कर देंगे। मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि 50 फीसदी आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे।

## सोनारी एयरपोर्ट से उड़ा प्रशिक्षण विमान लापता

- विमान के क्रैश होने की आशंका, पायलट और ट्रेनी पायलट थे सवार

**जमशेदपुर (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** जमशेदपुर एयरपोर्ट से मंगलवार को दोपहर उड़ा दो सीटों वाला ट्रेनर विमान गायब हो गया। जमशेदपुर एयरपोर्ट की राडार से विमान का संपर्क टूट गया। इस विमान पर एक पायलट और एक प्रशिक्षु पायलट सवार थे। विमान के दलमा हिल एरिया में दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका जतायी गयी है। पहले पुलिस को पटमदा के जंगल में विमान के दुर्घटना ग्रस्त होने की जानकारी मिली किंतु शाम में पुलिस के पास सूचना आयी कि चांडिल डैम में विमान गिरा है।



जमशेदपुर के सिटी एसपी सिटी ऋषभ गर्ग ने पुष्टि की कि जमशेदपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला एक विमान लापता हो गया है। सिटी एसपी ने खबर मन्त्र से कहा, विमान और उसके पायलटों को बरामद करने के लिए तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि चांडिल डैम में नहा रहे कुछ लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने विमान को चांडिल डैम के बीचों-बीच गिरते देखा है किन्तु उनके दावों की पुष्टि बाकी है। विमान की तलाश जारी है।

# राष्ट्र के विकास में राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : रामेश्वर

## प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने 80वीं जयंती पर राजीव गांधी को याद किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 80वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल नेता डॉक्टर रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राजीव जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए अपने दूरगामी सोच के तहत देश में कंप्यूटरीकरण की शुरूआत की। युवाओं को लोकतंत्र के फैसले में सीधे भागीदार बनाने हेतु मतदान की उम्र सीमा को 18 वर्ष करने का काम किया जो आज भी एक उदाहरण के रूप में विश्व के सामने है। देश के विकास में ग्रामीण क्षेत्र की भूमिका को समझते हुए उन्होंने पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु कई कदम उठाए, जिससे विकासशील देश से विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम की शुरूआत हुई।

**कार्यक्रम में ये नेता थे शामिल**

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति, जगदीश साहु, मंजूर अहमद अंसारी, अनादि ब्रश, रोशन लाल भाटिया, कुमार राजा, केदार पासवान, नेली नाथन, गुंजन सिंह, सुरेन राम, सलीम खान, पप्पु पासवान, किशोर नायक, शिव टहल नायक, संजय कुमार ओझा, चंन्द्र रश्मि, राजीव प्रकाश चौधरी, रीता चौधरी, नौशाद आलम, कबिता देवी, शांति देवी, इन्द्रानी तिर्की, मार्था टोप्पो,




कबिता देवी, संगीता टोप्पो, उमेश चौधरी, पंकज कुजूर, अनिता तिग्गा, गीता कच्छप, बेरोनिता कच्छप, अनु बेक, पिंकी सिंह, अनीता सिन्हा, संगीता बेक, रजिया खातुन, हीरा मिंज, राखी लकड़ा, रीता देवी, संध्या देवी आदि मौजूद थी।

### देश में तकनीकी विकास मजबूत विदेश नीति राजीव गांधी की देन : ठाकुर

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दूर दृष्टि, पक्का इरादा की सोच रखने वाले राजीव जी के आदर्शों को हमें आत्मसात करना चाहिए। देश की ज्वलंत समस्याओं को अपने राजनीतिक कौशल से हर संभव दूर करने का प्रयास उन्होंने किया था। तकनीकी विकास और मजबूत विदेश नीति से भारत को विश्व के अग्रणी मोर्चे पर खड़ा किया। देश के युवा प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने रोजगारपरक शिक्षा नीति को बढ़ावा दिया और उनके द्वारा लिए गए फैसले आज भी भारतीय जनमानस के बीच उनको अहम नेताओं में शुमार करती है।

# कई रेल मंडलों में विकास कार्य को लेकर बदले मार्ग से चलेगी ट्रेनें

**रांची।** आने वाले कुछ दिनों के दौरान ट्रेनों के मार्ग में बदलाव दर्ज किया जायेगा। ऐसे में ट्रेनें बदले हुए मार्ग से चलेगी। इसमें विजयवाड़ा और आद्रा मंडल में विकास कार्य के कारण ट्रेनें प्रभावित की गयी है।

ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर हटिया एक्सप्रेस 21 और 24 अगस्त को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल पुरुलिया कोटशिला मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल गुंडा बिहार मूरी होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 12835 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस की यात्रा 3, 8, 10, 15, 17, 22, 24 और 29 सिंतबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अलपुझा एक्सप्रेस दो सिंतबर से 29 सिंतबर तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का ताडेपल्लीगुडेम तथा एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

ट्रेन संख्या 22837 हटिया एणार्कुलम एक्सप्रेस ट्रेन 2, 9, 16 और 23 सिंतबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु भीमवरम टाउन गुडिवाड़ा विजयवाड़ा होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलुरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। ट्रेन संख्या 18637 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस की यात्रा 7, 14, 21 और 28 सिंतबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

## कृषि मंत्री से मिले राज्यपाल संतोष गंगवार

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं ने झारखण्ड में कृषि के क्षेत्र में विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की।


**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा ।**

किसान भाईयों

77 वाँ स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं जोहार

कृषि विभाग, लोहरदगा द्वारा संचालित 50 प्रतिशत अनुदान पर खरीफ एवं रबी फसलों का बीज वितरण, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं अन्य योजनाओं के अधिक जानकारी हेतु प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/BTM/ATM / जिला कृषि कार्यालय/ आत्मा कार्यालय, लोहरदगा से सम्पर्क कर सभी योजनाओं का लाभ उठा सकते है।

**जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा ।**

ज्ञापांक 689 — लोहरदगा/दिनाक 12/08/2024



**आत्मसमर्पण नीति**

स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2024 के शुभ अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

1. सरकार द्वारा चिन्हित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
2. आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए 04 डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी जायेगी।
3. प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एब अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा विभिन्न सकायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
4. राज्य अन्तर्गत सरकारी चिकित्सा सस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी।
5. आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेलसह पुनर्वास केन्द्र में स्थानान्तरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
6. आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति/व्यय का भुगतान किया जायेगा।
7. ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
8. आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें-
   1. 9431706376, 2. 9431706182, 3. 9471182118, 4. 9431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी / पुलिस कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

**निवेदक**
**पुनिस अधीक्षक, गुमला।**


## हत्याकांड के दो आरोपी दोषी करार



**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को रिम्स लाइब्रेरी में सुशील कुमार दास की हत्या कर लाश को तीसरे तल्ले से गिराकर दुर्घटना का रूप देने के मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त अमजद खान एवं आवेश अंसारी को दोषी करार दिया है। साथ ही, अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 27 अगस्त की तारीख निर्धारित की है। दोनों आरोपी हजारीबाग निवासी है। इस हत्याकांड को अंजाम 6 अप्रलै 2019 को दिया गया था। इस संबंध में सूचक के अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक के पिता कोलेश्वर रविदास ने बरियातू थाना में घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मृतक हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र के शिलाडीह गांव निवासी था। मृतक और दोनों अभियुक्त समेत पांच लोग हाईटेन कंस्ट्रक्शन कंपनी के तहत रिम्स में काम करता था। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी सिद्धार्थ कुमार सिंह ने बहस की। अदालत के समक्ष कहा कि घटना के दिन मृतक ने अभियुक्त का कपड़ा पहन लिया था। साथ ही पुरानी रंजीश भी थी। इसी का बदला लेने के लिये दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की थी। मामले में कुल 16 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इसमें से 8 गवाह होस्टाइल हो गया था।

### अनुराग गुप्ता ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर दस बिंदुओं पर की समीक्षा

# नक्सलग्रस्त इलाकों को छोड़कर वर्दी पर नेम प्लेट अनिवार्य : डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रांची समेत राज्यभर में चल रही कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए समीक्षा बैठक की। समीक्षा में अपराध, नक्सल, वाहनों में आगजनी समेत नौ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा गयी। बैठक में नक्सलग्रस्त इलाकों को छोड़ कर वर्दी के साथ नेम प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया। डीजीपी ने सभी एसपी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि सभी थाना प्रभारी, एसपी के कार्यालय में प्रतिनियुक्त सभी जवान,मुंशी, टाइपिस्ट, नियमित रूप से वर्दी के साथ नेम प्लेट पहनेंगे।

**रंगदारी और लेवी :** एक जनवरी 2024 से अब तक राज्य के विभिन्न जिलों में रंगदारी लेवी वसूलने के उदेश्य से अपराधियों और उग्रवादियों द्वारा कितने संपत्ति का नुकसान किया गया। जिन जिलों में इस तरह की घटनाएं घटित हुई है तो लेवी वसूली की मांग फोन या अन्य माध्यम से हुई थी या कोई और माध्यम था। दर्ज कांड में कितने व्यक्तियों को गिरफ्तार, कितने पर आरेप पत्र समर्पित, कितने फरार और फरारियों के विरूद्व वारंट, कुर्की जब्ती में हुई कार्रवाई का रिपोर्ट मागा। इसके अतिरिक्त राज्य के कुख्यात नक्सलियों और अपराधकर्मियों पर रिवॉर्ड की घोषणा व उससे संबंधित प्रस्ताव भेजने के मामले में जानकारी ल। डीजीपी अब खुद महिला थानों की समीक्षा अपने स्तर से करेंगें। जिनमें महिला थाना में महिला थाना प्रभारी की प्रतिनियुक्ति, महिला थाना को चलाने के लिए पर्याप्त स्थान की उपलब्धता है या नहीं, यदि नहीं तो उसके वैकल्पिक व्यवस्था की जानकारी लेंगें। उन्होनें महिला थाना के लिए हाजत की आवश्यकता है या नहीं, इसकी भी पड़ताल करेंगें।

महिला थाना के लिए स्थान की उपलब्धता जहां अपराध की पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकें। महिला थाना में नियमित रूप से महिला अपराध से संबंधित प्राथमिकी दर्ज हो रही या नहीं इन बिंदुओं पर डीजीपी ने समीक्षा की।

डीजीपी ने एंटी ट्रैफिकिंग थाना की समीक्षा करते हुए जानना चाहा कि थाना कारगर रूप से कार्य कर रहा या नहीं। थाना में नियमित रूप से प्राथमिकी दर्ज हो रहे या नहीं। साइबर थाना को लेके समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के एसपी से जानना चाहा कि जिला में साइबर थाना कारगर रूप से कार्य कर रहा या नहीं। डायल 1930 के उपयोग की जानकारी साइबर थाना के अधिकारियों को है या नहीं। डीजीपी ने झारखंड ऑन लाइन प्राथमिकी की समीक्षा कर अधिकारियों से पूछा कि ऑनलाइन दर्ज प्राथमिकी पर कार्रवाई संबंधित थाना द्वारा नियमित रूप से की जा रही है या नहीं। थानेदार द्वारा इन दिनों में प्राप्त उक्त ऑनलाइन शिकायत पर बीएनएसएस के प्रावधान के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है या नहीं। डीजीपी ने डायल 112 की भी समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने जानना चाहा कि 112 में प्रतिदिन कितने शिकायत दर्ज होते है। रिपोर्ट की समीक्षा किसी अधिकारी के द्वारा की जा रही है या नहीं।

उन्होनें रांची, धनबाद , बोकारो, जमशेदपुर, देवघर और पलामू जिले में ट्रैफिक की व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के एसपी से शहर में ट्रैफिक लाइट है या नहीं, इसके बारे में जानकारी ली। साथ ही ट्रैफिक लाइटें नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं, ट्रैफिक में पर्याप्त बल की प्रतिनियुक्ति, ट्रैफिक के कर्मियों को पुलिस की ट्रेनिंग, ट्रैफिक के कर्मियों को चालान काटने की शक्ति उपलब्ध है, चालान वसूली किस रूप से की जा रही है, समेत कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया।

### रांची नगर निगम के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक में मंत्री हसन ने दिये निदेश

# सभी पेंडिंग योजनाओं को समय पूरा करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मंत्री हफीजुल हसन ने मंगलवार को निगम स्तर के सभी पेंडिंग योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। श्री हसन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धरातल पर योजनाओं को उतारने के लिए तीव्र गति से कार्य करें। रांची नगर निगम सबसे महत्वपूर्ण नगर निगम है। यह राज्य की राजधानी की स्वच्छता एवं विकास पर ध्यान देती है। इसलिये इस निगम के अन्तर्गत सभी योजनाओं को पूरा करें।

**समस्याओं का निदान ससमय हो :** मंत्री श्री हसन ने कहा कि राजधानी रांची के नागरिकों को बेहतर सुविधा किस प्रकार प्रदान की जाये। इसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शहर में स्वच्छता को प्राथमिकता देनी होगी। बारिश में नालियां जाम न हों, पथ ए स्ट्रीट लाइट दुरुस्त रहें। यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का निदान त्वरित गति से होना चाहिये। उन्होंने शहर में ड्रेनेज या जलापूर्ति योजना के दौरान क्षतिग्रस्त हुये सड़कों को ससमय दुरुस्त करें। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित सभी वेलनेस सेंटरों का संचालन सुचारू रूप से करें। ताकि मरीजों का इलाज बेहतर तरीके से हो सके। मौके पर नगर आयुक्त संदीप सिंह ने कहा कि कैपिटल सिटी के विकास के लिए सभी पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने की आवश्यकता है। रांची नगर निगम एनागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। इसके लिए निगम स्तर के सभी सिविल वर्क्स को समय सीमा के अंतर्गत पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर संयुक्त सचिव ज्योत्सना सिंह, अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, उप प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सभी सहायक प्रशासक, पीएचईडी के प्रतिनिधि, सभी नगर प्रबंधक, सभी नगर नगर अभियान प्रबंधक, अभियांतगण एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## हत्या के दो दोषी को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने मंगलवार को 6 साल पुराने हत्या मामले में दोषी करार दो अभियुक्तों मो मुन्ना उर्फ मुन्ना बंगाली एवं मो सहजाद को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर अदालत ने 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने दोनों उक्त आरोप में 17 अगस्त को दोषी पाया था। अभियुक्त मुन्ना बंगाली घटना के बाद से ही 29 मई 2018 से लगातार जेल में ही है। झारखंड हाईकोर्ट ने भी उसकी जमानत याचिका दो बार खारिज कर चुकी है। वहीं, निचली अदालत ने तीन बार जमानत देने से इनकार किया है। दोनों अभियुक्तों पर हिन्दपीढ़ी निवासी तमजीद अंसारी की गोली मारकर 19 मई 2018 को हत्या करने का आरोप है। घटना को लेकर मृतक का बेटा रहमान अंसारी ने हिन्दपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।


**विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग**

**78वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय पिछले तीन दशकों से शिक्षा की मशाल जलाते हुए शिक्षा जगत में नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल रहा है।

कला, विज्ञान, वाणिज्य, भाषा विज्ञान, संस्कृति, परंपरा में बिखरे हुए ज्ञान के प्रत्येक बिन्दु को महासिंधु बनाने की ओर अग्रसर।

सबका साथ, सबका विकास के कथन को चरितार्थ करते हुए 78वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन।



**श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा**
**कुलपति**
**विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग**

ज्ञापांक : वि०भा०वि०/स्था०/1897/2024 — दिनांक 14. 08/2024



**कार्यालय, झुमरी तिलैंया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**

झुमरी तिलैया नगर परिषद स्वतंत्रता दिवस, 2024 के शुभ अवसर पर सभी नगर वासियों से अपील करती है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग करें। नियमित रूप से होल्डिग टैक्स सहित अन्य करों का भुगतान करें एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।

**सफाई अपनाओ**
**वीमारी भगाओ**
1 जुलाई – 31 अगस्त

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

ज्ञापांक :2272 — दिनांक 12.08/2024



**COURT NOTICE**

In the Court of Learned Addl. Principal Judge-II, Addl, Family Court-II, at Jamshedpur.
Original Mta Suit No. 746/2022
MD. EJAZ ......... Applicant.
-Versus-
MUSKAN PERWEEN ... Respondent

NOTICE THROUGH PUBLICATION

To, Mrs. Muskan Perween, W/o. Md. Ejaz D/o. Aftab Khan, R/o. Gauanagar, Kapali, P.O. Kapali, P.S.Chandil, Dist. Saraikela-Kharsawan, Jharkhand. Where as above named Md. Ejaz, S/o. Md. Razzaque, resident of Road No.1, Old Purulia Road, Near Karim City College Mango, P.O. & P.S. Azadnagar, Mango, Jamshedpur has filed the above Mat. Suit against you for restitution of conjugal life but despite several notices issued by Registered Post as well as through NAZARAT but you have failed to appear before this court.You are hereby directed to appear before this court positively on 9th day of September, 2024 at 10.30 A.M. to answer in the above Mat. Suit failing which this case will be heard in your absence as ex-parte in accordance with law.

Given under my hand and seal of this court on this the 08 th day of Aug 2024.


# संगठन महासचिव से मिले नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मंलवार को दिल्ली में संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर संगठत्मक पहलुओं से उन्हें अवगत कराया। केसी वेणुगोपाल ने उन्हें बधाई दी और कहा कि सबको मिलकर संगठन मजबूत करना है। कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है। आगामी विधानसभा चुनाव में हर एक नेता, हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक मजबूती से तैयारी करना है।

मुलकात के दौरान केशव महतो कमलेश ने पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी झारखण्ड के जल, जंगल जमीन व जनजाति समुदाय समेत सभी वर्गो के अधिकार के प्रति पूर्ण समर्पित है। सरकार द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, कृषि लोन माफ जैसे योजना आने वाले विधानसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के सम्मान में कमी नहीं होगी।श्री कमलेश ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता एवं नेताओं से संवाद स्थापित किया जायेगा। चूंकि विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसलिए सबों का मिलकर युद्ध स्तर पर कार्य करना है। मुलाकात करने वालों में कृषि विपणन अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, मदन मोहन शर्मा शामिल थे।

### आज रांची आयेंगे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश बुधवार को को अपरा? 12:00 बजे सेवा विमान से रांची आएंगे। नेताओं के आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा रांची एयरपोर्ट स्वागत किया जाएगा। इसके प॰ात एयरपोर्ट से कपूरी ठाकुर चौक हिनू, बिरसा मुंडा चौक, वीर बुधु भगत, कार्तिक उरांव, सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अपरा? 1:30 बजे कांग्रेस भवन पहुंचेंगे, जहां पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से केशव महतो कमलेश पदभार ग्रहण करेंगे।

स्पीड न्यूज



## जमशेदपुर में जल्द बने टेक्सटाइल पार्क : मोदी

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष (ट्रेड एंड कॉमर्स) अनिल मोदी ने देश के केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र लिखकर कोल्हान में टेक्सटाइल पार्क के निर्माण की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है की सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अविभाजित बिहार एवं झारखंड की सबसे पुरानी व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्था है जो की अपने 2500 सदस्यों की संकल्प शक्ति के साथ व्यापार एवं उद्योग हित में कार्यरत है। सिंहभूम चैंबर कोल्हान प्रमंडल में टेक्सटाइल उद्योग की विशाल संभावनाओं और इसके विकास को देखते हुए,आपके समक्ष कोल्हान में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का प्रस्ताव रखना चाहता है।कोल्हान में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के सभी सकारात्मक बिंदु जैसे जमीन,श्रमिक,आधारभूत संरचना मौजूद है।यहीं के श्रमिक राज्य से बाहर दिल्ली,सूरत,लुधियाना जैसे शहरों में टेक्सटाइल कंपनियों में काम करते हैं। कोल्हान प्रमंडल का जमशेदपुर, जो की झारखंड राज्य का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र है, में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह पार्क उद्यमियों को आधुनिक बुनियादी ढांचे और तकनीकी सुविधाओं के साथ-साथ अनुसंधान और विकास के अवसर प्रदान करेगा, जिससे वे वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सकें। हमें विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन और समर्थन से, जमशेदपुर में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना एक सफल परियोजना साबित होगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने लिखा कि हम उद्योगों के विकास के प्रति मोदी सरकार के विजन एवं आपकी मेहनत एवं प्रयासों से प्रभावित है। हमें विश्वास है कि आप इस दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे। हम इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ सहयोग के आकांक्षी है।

## जमशेदपुर का पूरा खाद्य कचरा 2026 तक बायो-गैस में बदला जायेगा : रितुराज सिन्हा



**जमशेदपुर।** स्थायी कचरा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में उत्पन्न होने वाले पूरे खाद्य कचरे को मार्च 2026 तक बायो-गैस में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने मीडिया से बातचीत के दौरान इस ऐतिहासिक पहल की घोषणा की, जिसमें शहर की कचरा प्रबंधन प्रणाली को बदलने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की बायो-गैस उत्पादन की क्षमता पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो जमशेदपुर अपने पूरे खाद्य कचरे को बायो-गैस में बदलने वाला पहला शहर बन जाएगा। वर्तमान में, जमशेदपुर प्रतिदिन लगभग 260 टन कचरा उत्पन्न करता है, जिसमें से 40 प्रतिशत खाद्य कचरा होता है। सिन्हा ने इस कचरे को बायो-गैस में बदलने के महत्वपूर्ण लाभों को उजागर करते हुए कहा कि इससे समाज के लिए महत्वपूर्ण बचत हो सकती है। उन्होंने न केवल होटलों और रेस्तरांओं को, बल्कि व्यक्तिगत घरों को भी इस पहल में भाग लेने का आग्रह किया, और इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। टाटा स्टील यूआईएसएल की इस पहल को पहले से ही व्यापक समर्थन मिल रहा है।

# झामुमो के पास रावण है तो आजसू के पास रामचंद्र हैं, इस बार जुगसलाई सीट फतह करना तय माना जा रहा है : सुदेश महतो

- पटमदा में आजसू का चुल्हा प्रमुख सम्मेलन संपन्न
- कहा, आजसू की जवाबदेही जनता के प्रति हमेशा रही है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को कमलपुर थाना समीप कटिन मैदान पटमदा में जुगसलाई विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने बताया कि बहुत दिन के बाद 2009 का उत्साह आज इस पावन भूमि पर देखने को मिला है। इसलिए मैं अपने हजारों चूल्हा प्रमुख को हार्दिक बधाई और धन्यवाद देता हूं क्योंकि सत्ता में बैठे राजनीति करने वाले नेताओं को जो सीधे वोट की राजनीति करते है उन्हे आजतक चूल्हा प्रमुख को समझ नहीं पाया है लेकिन आजसू पार्टी पार्टी एक रामचंद्र सहिस को नेता नहीं बल्कि 16 हजार रामचंद्र सहिस को नेतृत्व देने का कार्य चूल्हा प्रमुख के माध्यम से आप सभी चूल्हा दीदी के रूप में देने का कार्य करते हैं



चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ( बायें ) के साथ पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस।

और उन सभी चूल्हा दीदी को जबाबदेही तय करने आया हूं।

सुदेश महतो ने आगे कहा कि आपको बता दूं कि मुझे याद है शहीद निर्मल दा जो इस मिट्टी से जन्मे हैं निर्मल दा के शहादत के दिन में जब जाने का समय आता था मेरे पास कोई गाड़ी नहीं थी और मैं इसी पटमदा के रास्ते से जमशेदपुर जाता था तो सड़क नहीं थी। मैं आश्चर्य रहता था कैसे इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि है जो इस क्षेत्र को सड़क नहीं दे पा रहे हैं तब मैने एक साधारण लड़का को इस क्षेत्र का प्रतिनिधत्व करने का अवसर दिया और उनके कार्य क्षमता पर आज पार्टी ने दूसरा सबसे बड़ा दायित्ववान नेता बना दिया है। वर्तमान सरकार को 5 वर्ष हो गया लेकिन इस लूट खसोट की सरकार लोगो के भावनाओ से खिलवाड़ करने का कार्य करती है ये सरकार राज्य के जनमानस को कुछ भी बोलकर निकल जाता है और उसकी जवाबदेही तय नहीं कर पाता है।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन सुदेश महतो कुछ भी नहीं बोलता है और वही बोलता है जिसकी जवाबदेही तय करता है राज्य की भोली भाली जनता वैसे बहुरूपिए नेताओं के भावनाओ में बह जाता है क्योंकि सत्ता में बैठे झामुमो के चरित्र में विकास नाम नहीं है। उसके कैरेक्टर में सिर्फ लूट खसोट है। मुझे वर्तमान सरकार में चल रहे उठपठाक पर नहीं जाना है लेकिन राज्य में संघर्ष करने वाले लगभग 35 वर्षो तक राज्य का एक जनप्रतिनिधि के रूप में सेवा करने वाले चंपई दा के खिलाफ उसी सरकार के मंत्री का बयान आता है अखबार में कि चंपई दा विभीषण है तो मैं पूछता हूं आपलोगों से अगर चंपई दा विभीषण है तो रावण कौन है? आपके सत्ता में बैठे लोग रावण है तो मेरे पास राम है रामचंद्र है। मंत्री जी आपने रावण किसको बोला इसे स्पष्ट करो। आपके स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था तो पूरी तरह से चरमरायी हुई है।

# झारखंड में युवाओं को ठगने वाली सरकार की विदाई तय: बिद्युतबरण

- 23 को रांची में युवा आक्रोश रैली में शामिल होंगे जमशेदपुर के हजारों भाजपाई
- जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ता निकालेंगे मशाल जुलूस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सूबे की मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था और महिला अपराध को लेकर लगातार हमलावर है। आगामी 23 अगस्त को भाजयुमो झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में हेमंत सरकार की युवाओं से रोजगार के नाम पर वादाखिलाफी और नियुक्तियों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ रांची



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद बिद्युतबरण महतो। साथ में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य।

के मोरहाबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली का आह्वान किया गया है। इस रैली में पार्टी को एक लाख से अधिक युवाओं के जुटने का अनुमान है। वहीं, युवा आक्रोश रैली की सफलता और कार्यकताओं की भागीदारी को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने भी व्यापक तैयारी की है। इस निमित्त, मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की प्रेस वार्ता साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में समपन्न हुई। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि राज्य में पिछले साढ़े चार साल से युवाओं को ठगने वाली और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाली सरकार चल रही है। इस सरकार ने गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी, महिला एवं नौजवान सभी को ठगा। महागठबंधन की सरकार पूरी तरह ठगबंधन की सरकार साबित हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कई परीक्षाओं को नियोजन नीति के नाम पर रद्द कर दिया। जिस नौकरी को रद्द किया गया उसी नौकरी को हाई कोर्ट के आदेश के बाद बाध्य होकर बहाल किया गया। हेमंत सरकार में जो नियुक्ति निकाली गई वे सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। भ्रष्टाचार के कारण बोलने वाले लोग की नियुक्ति भी मुकबधिर कोटे में की गई। इस सरकार में प्रश्नपत्र लाखों रुपए में बेचा गया। परीक्षा से पूर्व प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया में लीक किये गए। लीक हुए प्रश्नपत्र के बारे में सरकार से प्रश्न पूछने वाले युवाओं पर मामले दर्ज कर उनकी आवाज को कुचनले की कोशिश की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सरकार ने सरकार गठन के बाद से ही प्रत्येक वर्ष को नियुक्ति वर्ष बताकर युवाओं को ठगने का काम किया। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि चुनावी भाषण के बाद झामुमो ने अपने घोषणापत्र में हर साल पांच लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया। वहीं, झारखंड सरकार ने माना है कि खररउ से सिर्फ 357 कर्मियों की नियुक्ति हुई है।

## एक नजर में

### नारायण आइटीआई में मनायी गयी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की पुण्य तिथि



**जमशेदपुर।** गत रविवार को नारायण आईटीआई, लुपुंगडीह चांडिल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की पुण्यतिथि मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक प्रोफेसर डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने नेता जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। श्री पाण्डेय ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में कटक में हुआ था वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया।भारतवासी उन्हें नेता जी के नाम से सम्बोधित करते हैं। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि जब नेता जी ने जापान और जर्मनी से सहायता लेने का प्रयास किया था, तो ब्रिटिश सरकार ने अपने गुप्तचरों को 1941 में उन्हें खत्म करने का आदेश दिया नेताजी की मृत्यु को लेकर आज भी विवाद है। जहाँ जापान में प्रतिवर्ष 18 अगस्त को उनका शहीद दिवस धूमधाम से मनाया जाता है वहीं भारत में रहने वाले उनके परिवार के लोगों का आज भी यह मानना है कि सुभाष की मौत 1945 में नहीं हुई। वे उसके बाद रूस में नजरबन्द थे। यदि ऐसा नहीं है तो भारत सरकार ने उनकी मृत्यु से संबंधित दस्तावेज अब तक सार्वजनिक नहीं किए क्योंकि नेता जी की मृत्यु नहीं हुई थी। 16 जनवरी 2014 (गुरुवार) को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नेता जी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए विशेष पीठ के गठन का आदेश दिया। इस अवसर मुख्य रूप से मौजूद रहे ऐडवोकेट निखिल कुमार, पवन कुमार महतो, कृष्ण पद महतो, अजय मंडल, देव कृष्णा महतो आदि उपस्थित थे

### डॉ टीसी जॉन मेमोरियल चैरिटेबल फाउंडेशन की बैठक



**जमशेदपुर।** मंगलवार को जमशेदपुर हॉस्पिटल इंप्लाइज यूनियन के अंतर्गत डॉ टी सी जॉन मेमोरियल चैरिटेबल फाउंडेशन के कार्यकारिणी के सदस्यों की एक बैठक क्यू सी रोड, साउथ पार्क, बिस्टुपुर स्थित कार्यालय में हुई । इस बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेशवर पांडे कर रहे थे। सर्वप्रथम अपने से बिछड़े हुए साथियों को याद करते हुए मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत ट्रस्ट के अकाउंट्स के बारे में जानकारी दी गई और उसे बहुमत से पास किया गया इसके बाद कार्यकारिणी के सदस्यो नें अपनी जो मुख्य मांगे रखीं। इन मांगों में ग्रेड जो की देय है उसे जल्द से जल्द बनाया जाए इसमें बेसिक, नाइट अलाउंस, पेट्रोल अलाउंस, क्वार्टर अलाउंस आदि दिया जाए, जिनके पास क्वार्टर नहीं है उनको क्वार्टर दिया जाए। साथ ही सभी तरह की छुट्टियों की सुविधा में बढ़ोतरी की जाए ' लीव बैंक की सुविधा प्रदान जाए। मेडिकल से संबंधित हो रही असुविधाओं को ध्यान दिया जाए। नए कर्मचारियों को मेडिकल एवं यूनिफार्म की सुविधा प्रदान की जाए। सभी जगह मैनपावर की कमी है जल्द से जल्द नई भर्ती की जाए एवं एक्स्ट्रा ड्यूटी करने पर उन लोगों को डबल वेतन दिया जाए। सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड दिया किया जाए । ट्रस्ट से रिटायर कर्मचारियों को भी मेडिकल की सुविधा प्रदान की जाए एवं अन्य कई तरह की कर्मचारियों को सुविधा देने की बात की गई इसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राकेशवर पांडे, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, वाइस प्रेसिडेंट मनी भूषण मोहंती, सेक्रेटरी सोमनाथ पोद्दार, अस्सिटेंट सेक्रेट्री बीरबल मुखी, कार्यकारिणी के सदस्य जोलेश मुखी, प्रशांत महतो उपस्थित थे।

## जमशेदपुर विधायक सरयू राय ने किया तीन योजनाओं का शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से लगभग 10 लाख की धनराशि से शुरू होने वाली 3 योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में बिरसानगर स्थित सरस्वती शिशु विद्यालय मंदिर परिसर में साईकिल स्टैंड तथा पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन, बिरसानगर, जोन नं. 1 ह्यबीह्ल में वापी सेन गुपता के घर से सोनु तंतुबाई के घर तक सड़का निर्माण तथा टेल्को, मरियम्मा मंदिर में मंदिर के समीप पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन किया जाना शामिल है। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजु सिंह, बिरसानगर मंडल के अध्यक्ष, शंकर कर्मकार, टेल्को मंडल के अध्यक्ष महेश तिवारी, इंद्रजीत सिंह सहित स्थानीय कार्यकर्तागण एवं बस्तीवासी मौजूद थे।

## मेडिट्रिना अस्पताल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई कैरोटिड एंजियोप्लास्टी

- झारखंड में अपने तरह की पहली सर्जरी संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मेडिट्रिना अस्पताल, आदित्यपुर जो जमशेदपुर ही नहीं बल्कि झारखंड का अपने क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल है यहां के डॉ पार्थो पी चौधरी ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ एक ऐसे मरीज जिसकी ग्रीवा (कैरोटिड) धमनी जो मनुष्य के गर्दन में दोनों तरफ सबसे बड़ी धमनी होती है और इस धमनी से मनुष्य के मस्तिष्क में ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह होता है, मरीज को स्ट्रोक आने से



सर्जरी से पहले की स्थिति और सर्जरी से बाद की स्थिति।

उसमें सिकुड़न आ गया था और उसके मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो गया था उसको उनके द्वारा कैरोटिड एंजियोप्लास्टी (कुह-रोट-इड एएन-जी-ओ-प्लास-टी) करके सफलतापूर्वक मरीज के मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को बहाल किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मेडिट्रिना अस्पताल पिछले 9 सालों से जमशेदपुर शहर एवं आस पास के क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

## किसी भी हाल में बंद नहीं होने देंगे भारत भवन से स्टेशन जाने वाला रास्ता : जोबा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चक्रधरपुर।** रेलवे द्वारा चक्रधरपुर के भारत भवन चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग को बंद करने की योजना पर सांसद जोबा माझी और विधायक सुखराम उरांव ने कड़ा विरोध जताया है। शहरवासियों की मांग पर मंगलवार को विधायक सुखराम उरांव इसी मुद्दे को लेकर सांसद जोबा माझी से उनके आवास पर मिले।



विधायक सुखराम उरांव के साथ सांसद जोबा माझी।

दोनों नेताओं ने मामले पर गंभीर चर्चा की। जिसके बाद सांसद जोबा माझी ने दुरभाष पर चक्रधरपुर के मंडल रेल प्रबंधक अरूण जातोह राठौड़ से वार्ता की। वार्ता के क्रम में सांसद ने डीआरएम से दो टूक कहा कि यह मार्ग सबसे पुराना और महत्वपूर्ण है। इसे किसी कीमत पर बंद नहीं होने देंगे। सांसद ने डीआरएम से कहा मार्ग बंद करने का आदेश अगर किसी वरीय ने दिया है तो बताये हम उनसे बात करेंगे।

## डॉक्टर बेटियों के साथ अत्याचार और हत्या के खिलाफ निकला कैंडल मार्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**गम्हरिया।** कोलकाता के एक अस्पताल में प्रशिक्षु डाक्टर के साथ दुष्कर्म व जघन्य हत्या के विरोध में मारवाड़ी महिला सम्मेलन, गम्हरिया शाखा की ओर से मंगलवार की शाम कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च छोटा गम्हरिया दुगार्पूजा मैदान से प्रारम्भ होकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लाल बिल्डिंग चौक पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान शामिल लोगों ने हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग की। इस मौके पर महिला सम्मेलन की अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रीना धानुका, सुशीला गुप्ता, विनीता केडिया, सरला अग्रवाल, भानु अग्रवाल, मीणा शर्मा, पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह समेत काफी संख्या में सदस्य शामिल थे।

## कांग्रेसियों ने स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य स्मृति में निकाली सद्भावना यात्रा



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के दिशानिर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में वर्मामाइंस डनलप मैदान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के जयंती के अवसर पर वृहत रूप से सद्भावना यात्रा कार्यक्रम जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी शामिल हुए। इस अवसर पर सद्भावना यात्रा की शुभारंभ जिला संगठन प्रभारी बलजीत सिंह बेदी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने झंडा दिया। सद्भावना यात्रा वमार्माइन्स डनलप मैदान से प्रारंभ होकर चुना भट्टा, नवजीवन आश्रम, लक्ष्मीनगर, प्रेम नगर, बजरंगी बगान, आजाद बस्ती होते जेम्को में स्थापित शहीदेआजम भगत सिंहजी के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर यात्रा सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम में सर्वश्री टेल्को प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, प्रिंस सिंह, कमलेश कुमार पांडेय, के के शुक्ल, वरिष्ठ नेता में चन्द्रभान सिंह, ओमप्रकाश उपाध्याय, नन्दलाल सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, ऋषि मिश्र, महेंद्र पाण्डेय, उदय कुमार सिंह आदि भी मौजूद थे।

## सूर्य मंदिर सिदगोड़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी जोरों पर

- बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता एवं सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता होंगे आयोजित 21 अगस्त से इच्छुक प्रतिभागी मंदिर कार्यालय से ले सकते हैं फॉर्म
- 24 को दोपहर 1 बजे तक फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। जन्माष्टमी पर शहर के सैकड़ों बच्चे राधा-कृष्ण का रूप धारण करेंगे, जबकि सूर्य मंदिर परिसर में सैकड़ों प्रतिभागी सामूहिक नृत्य से समां बांधेंगे। दोनों प्रतियोगिता में से तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सूर्य मंदिर कमेटी, सिदगोड़ा की ओर से नकद राशि व पुरुस्कार प्रदान की जाएगी। इस निमित्त, मंगलवार को सूर्य मंदिर समिति की ओर से प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जन्माष्टमी की तैयारियों पर जानकारी देते हुए बताया कि सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम परिसर में 24 से 26 अगस्त तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने



संवाददाता सम्मेलन करते भूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह राजा व प्रमोद मिश्रा।

बताया कि 26 अगस्त को सूर्य मंदिर परिसर में शाम 5 बजे बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता का फाइनल और उसी दिन शाम 7 बजे से सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता का फाइनल होगा। जिनमें ऑडिशन के उपरांत चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में सूर्य मंदिर के संस्थापक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास को समिति की ओर से आमंत्रण पत्र भेजकर मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जिसपर उनकी ओर से शामिल होने का आश्वासन मिला है। प्रेस वार्ता में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के अलावे उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, मीडिया प्रभारी प्रेम झा और प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे।

**सूर्य मंदिर कार्यालय से मिलेगा विभिन्न प्रतियोगिताओं का फॉर्म :** सूर्य मंदिर समिति के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए इक्षुक प्रतिभागी मंदिर कार्यालय से 21 अगस्त से सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और संध्या 5 से 8 बजे तक फॉर्म ले सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### 23 की आक्रोश रैली में भाग लेंगे कार्यकर्ता

**छतरपुर।** प्रखंड मुख्यालय के लठेया में भाजपा मंडल की बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष शेखर कुमार व संचालन युवा मोर्चा के महामंत्री कमलेश गुप्ता ने किया। रैली को सफल बनाने में मंडल प्रभारी मित्तल सिंह और उक्त मंडल के प्रभारी रामप्रसाद शर्मा ने कई आवश्यक जानकारी दी। प्रभारी ने सभी कार्यकर्ता को बताया गया कि 23 अगस्त को जन आक्रोश रैली में भारी संख्या में पहुंच सरकार को जगाने का काम करेंगे और हेमंत सोरेन जी किए गए वायदे को पूरा करने का काम करें। मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरजा विश्वकर्मा, रामरेश यादव, प्रयाग विश्वकर्मा, बिनोद यादव, अरविंद तिवारी, मुन्ना नंदा सिंह, अशोक कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### आंदोलनकारी महासभा की बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर।** कचहरी के प्रांगण में झारखंड आंदोलनकारी महासभा की एक बैठक हुई। जिसमें 21 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि आंदोलनकारियों को सम्मान राशि और पेंशन के लिए एक ज्ञापन सौंपा जायेगा। 26 जनवरी को सम्मान प्राप्त करने गये उन्हें को प्रशस्ति पत्र व समान राशि भी दी गयी थी। इसी को लेकर आंदोलनकारियों में आक्रोश है। मौके पर केंद्रीय सचिव अरुण दुबे, अजय बक्सराय, मीडिया प्रभारी रंजीत शर्मा, पलामू जिला के झारखंड पार्टी अध्यक्ष लक्ष्मण राम ठाकुर, रामनरेश ठाकुर, सुखाड़ी मियां, शंखनाथ सिंह शामिल थे।

### पाटन बीडीओ ने की कर्मियों संग बैठक



**पाटन पलामू।** सभी प्रतिनियुक्त को-ऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव व जेएसएलपीएस कर्मी के साथ बीडीओ अमित कुमार झा की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में बैठक एवं वीसी की गयी। जिसमें कहा गया कि 22 अगस्त को मुख्यमंत्री का आगमन एवं कार्यक्रम पलामू जिला के चियांकी हवाई अड्डा पर निर्धारित है। सभी प्रतिनियुक्त कर्मी को निर्देश दिया गया कि मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना व अन्य लाभुकों के साथ अनिवार्य बैठक कर प्रति पंचायत 200 लाभुकों को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु तैयार करेंगे।

### कांग्रेसियों ने निकाला सद्भावना मार्च



**पाटन पलामू।** भारत रत्न स्व राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में मनातू प्रखंड में पलामू जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में सद्भावना मार्च निकला। मौके पर जिलाध्यक्ष ने स्व राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल के उपलब्धियों को गिनाया। कहा कि स्व राजीव के नीति व आदर्शों को अपनाकर देश को बुलंदियों तक पहुंचाया जा सकता है। मौके पर दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, खुर्शीद आलम ,मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव और सैकड़ो लोग शामिल थे।

### उमेश सिंह ने दौरा कर मांगा समर्थन



**पाटन पलामू।** जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद) उमेश सिंह ने किशनपुर क्षेत्र की लचर बिजली व्यवस्था में सुधार हेतु 27 अगस्त दिन मंगलवार को प्रस्तावित विद्युत कार्यालय मेदिनीनगर में धरना प्रदर्शन हेतु गावों का दौरा कर ग्रामीणों से जनसमर्थन मांगा तथा ग्रामीणों ने उन्हें हर समय उनके साथ तैयार रहने एवं धरना प्रदर्शन में शामिल होने की बात कही। उमेश ने लोइंगा, काला पहाड़ अंगरा तथा कनौदी गांव में लोगों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया तथा लोगों से धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। दौरे में राजू मालाकार, जितेंद्र सिंह, गुड्डू लाल, ईद मो अंसारी, बलराम यादव, चंद्रदेव जी पूर्व मुखिया नावा खास आदि उपस्थित थे।

### बबलू ने निजी खर्च से बनवायी सड़क



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भोलाटांड गांव में वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू ने निजी खर्च से एक किलोमितर लंबा सड़क बनवायाी। बताते चलें कि मुख्य पथ से भोलाटांड़ गांव जाने वाला कच्चा सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया था। इसके अलावा पूरा सड़क कीचड़युक्त हो गया था जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। क्षेत्र भ्रमण में ग्रामीणों ने बबलू सिंह से सड़क मरम्मत का आग्रह किया था। अंजू अभिमन्यु टीम के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा,टीम प्रभारी सलीमुदिन अंसारी, प्रवीन सिंह आदि ने सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय जायजा लिया और अपने देखरेख में निर्माण कार्य पूरा कराया।

### स्वतंत्रता दिवस के दिन रोजगार सेवक ने लूटी किशोरी की अस्मत, केस दर्ज

**हैदरनगर।** पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की 12 वर्षीय किशोरी की अस्मत गांव के ही मणिशंकर मिश्रा ने लूट ली। पीड़िता ने हैदरनगर थाना में दीए आवेदन में कहा है कि गांव के रोजगार सेवक मणिशंकर मिश्रा 15 अगस्त 2024 के दिन उसका मुंह गमछा से बांध कर अपनी बाइक से सोन नदी के झाड़ी में ले गये। वहां उन्होंने उसका दुष्कर्म किया। उसने लिखा है कि दो वर्ष पहले भी उन्होंने पांच सौ का नोट देकर कहा कि ब्लेड और शैम्पू लाकर छत पर आने को बोला। जब ब्लेड और शैम्पू लेकर पीड़िता गई तो उसे अपने कंप्यूटर में गंदी फिल्म दिखाने लगे और वहीं उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने बताया कि उसके साथ गांव के ही रोजगार सेवक मणिशंकर मिश्रा ने यह कुकर्म किया है। उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलना चाहिए। किशोरी अनपढ़ है। वह हस्ताक्षर करना भी नहीं जानती। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि किशोरी के आवेदन पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एक सामाजिक बुराई है लैंगिक असमानता : कर्नल अमिताभ

- लिंगानुपात में हो रही गिरावट चिंता का विषय : डॉ दिलीप राम





खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** मजदूर किसान महाविद्यालय पांकी में लैंगिक असमानता एक सामाजिक बुराई तथा मानसिक अवसाद के कारण और निवारण को लेकर एन एस एस और एन सी सी के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय कार्यशाला सह संगोष्ठी की गयी। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल अमिताभ मुखर्जी, कमांडिग ऑफिसर (समादेशी पदाधिकारी) 44 झारखंड बटालियन एन सी सी उपस्थित थे। विदित हो की कर्नल अमिताभ मुखर्जी पुरे पलामू प्रमंडल में एन सी सी के सभी प्रकार की गतिविधियों के प्रभारी है। दिल्ली से आई विशिष्ट अतिथि के रूप डॉ जूही जो मनोचिकित्सक हैं और देश विदेशों में ऑल इंडिया रेडियो में भी अपना प्रदर्शन करती हैं। वो इस प्रकार के कार्यक्रमों में अक्सर आते रहतीं है। बाहर से पधारे अतिथियों ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मानसिक अवसाद के कारण ओर निवारण के बारे में खेल के माध्यम से बताया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के सचिव डॉ विंदेश्वर सिंह ने लिंगानुपात से संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात एक देश के साथ हमलोगों के लिए चिंता का विषय है।

## पलामू, गढ़वा व लातेहार पुलिस को संयुक्त छापेमारी में मिली भारी सफलता

# रेहला से 48500 रुपये व चोरी के चांदी के जेवर व लोहे के सामान के साथ 23 अपराधी गिरफ्तार

- पलामू एसपी रीष्मा रमेसन ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा
- गिरफ्तारी से पलामू, गढ़वा व लातेहार जिला के कई कांडों का हुआ उद्भेदन : एसपी रीष्मा रमेसन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महीनों से पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले के शहरी क्षेत्रों में चोरी की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हुई थी। चोरी में शामिल अपराधियों की धरपकड़ व चोरी गये सामानों की बरामदगी हेतु एसपी रीष्मा रमेसन ने सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित की। अनुसंधान के क्रम में सूचना मिली कि पलामू क्षेत्र में मध्य प्रदेश के गुना जिला के पारदी समुदाय के लोग काफी संख्या में रेहला में अस्थायी टेंट बलर रहे हैं। जिसमें कई पुरूष, महिलाएं व बच्चे हैं। ये दिन में खिलौना व बैलून बेचने के नाम पर पूरे शहर में टोली बनाकर वैसे घरों की रेकी करते हैं जो या तो कुछ दिनों से बंद हैं या जिस घर में आसानी से घुसकर चोरी की जा सकती है। इसके बाद ये घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। इनका गिरोह घूम घूमकर कभी लातेहार, गढ़वा तो पलामू के रेहला में रह रहे पारदी समुदाय के लोगों को पकड़कर पूछताछ की गयी। इस दौरान इन लोगों ने पलामू के करीब 15 कांड, लातेहार से तीन कांड व गढ़वा शहर से दो कांड व अन्य विभिन्न जगहों से चोरी की घटना में संलिप्तता स्वीकारी।

# थाइलैंड में एशिया एचीवर्स व भारत के गौरव से नवाजे गये डॉ कौशल

- थाईलैंड के पूर्व उप पीएम कॉर्न देमोरेंसी ने डॉ कौशल को किया सम्मानित
- श्री जायसवाल के कार्य मिल का पत्थर साबित होंगे: उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी
- डॉ कौशल को विदेशों में छठा और जीवन का मिला 65वां अवार्ड



थाईलैंड के उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी से अवार्ड लेते ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छः दिवसीय विदेश यात्रा के दौरान थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित होटल हॉलिडे इन में आयोजित कार्यक्रम में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ झारखंड डॉ कौशल किशोर जायसवाल को वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी के हाथों एशिया एचीवर्स व भारत गौरव नामक अवार्ड से नवाजे गए। डॉ कौशल ने बताया कि उनके निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 58 वां वर्ष और वनराखी मूवमेंट का 48वां वर्ष पूरा होने पर थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के होटल हॉलीडे ईन में मोटिवेशनल स्पीकर पॉल नरूला के सम्मान समारोह का उद्घाटन थाईलैंड के पूर्व उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी, पॉल नरूला, डॉ राजू खान, डॉ जफर और पर्यावरणविद डॉ कौशल ने किया। पूर्व डिप्टी पीएम ने एशिया एचीवर्स व भारत के गौरव अवार्ड से डॉ कौशल को सम्मानित करते हुए कहा डॉ कौशल पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे अरसे से जो निःशुल्क कार्य कर रहे हैं, वह दुनिया के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। भारत थाईलैंड दोनों देशों की मित्रता लंबे अरसे से चलते आ रहा है और आगे भी जारी रहेगा। डॉ कौशल को विदेशों में छठा और जीवन का 65 वां अवार्ड मिला है।

# निजी खर्च से राजा हरिश्चंद्र घाट में हर रोज भेजूंगी पानी: अरुणा शंकर

## बाबू भाई का जाना दुखद



जानकारी लेतीं अरुणा शंकर व दिवंगत बाबू भाई (इनसेट में)।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को राजा हरिश्चंद्र घाट जाकर आनंद कुमार बाबू उर्फ बाबू भाई चंद्रवंशी का अंतिम दर्शन किये। प्रथम महापौर ने कहा कि बाबू एक मिलनसार व्यक्ति हम सबों के बीच नहीं रहे। उनकी कमी सबों को खलेगी। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। प्रथम महापौर ने राजा हरिश्चंद्र घाट की व्यवस्था को भी देखा और कहा कि मुझे यहां आने का मौका नहीं मिलता। मैं घर पर ही जाकर किसी के यहां कोई घटना होने पर अंतिम दर्शन कर लेती हूं लेकिन आज यहां आने पर पता चला कि नदी के किनारे होने के बावजूद राजा हरिश्चंद्र घाट में पानी की बहुत समस्या हो रही है। हरिशचंद्र घाट में बोरिंग जो मैंने कराई थी उसमें 700 फीट में भी पानी नहीं था। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं दो-तीन दिनों के अंदर अपने निजी खर्च से प्रतिदिन सुबह शाम टैंकर से पानी भेजूंगी। प्रथम महापौर ने चेंबर के प्रशंसा करते हुए कहा कि चेंबर के सदस्यों के बदौलत हमारा हरिश्चंद्र घाट स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित है और मात्र 3500 रुपये में सफाई से लेकर डोमराजा तक लकड़ी सहित व्यवस्था दी जा रही है जो प्रशंसनीय है।

## सामूहिक प्रयास से ही मलेरिया, डायरिया व फाइलेरिया पर काबू पाया जायेगा : सीएस

- हिंडाल्को ने किया मलेरिया डायरिया से बचाव को लेकर जागरूकता सह मच्छरदानी वितरण का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**पंडवा पलामू।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर टीम द्वारा बटसारा मीडिल स्कूल परिसर में मलेरिया डायरिया बीमारी से बचाव को लेकर जागरूकता एवं मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह कहा कि सामूहिक प्रयास से ही मलेरिया, डायरिया एवं फाइलेरिया जैसी अन्य बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा मलेरिया से बचाव के लिए किए जा रहे मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम की सराहना कर कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम एवं मच्छरदानी से लोगों को राहत मिलेगी। सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह ने लोगों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं कभी भी खुले में शौच नहीं करने की अपील की।

# रेहला थाना परिसर में पुलिस पब्लिक मीट का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस पब्लिक मीट किया गया। जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त थाना प्रभारी संतोष कुमार ने की। इस दौरान पुलिस द्वारा अपराध और अवैध कारोबार पर पूर्ण नियंत्रण हेतु लोगों से सुझाव मांगते हुए सहयोग का अपील की गयी। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि थाना लोगों के लिए न्याय का पहला उम्मीद होता है, जिसपर रेहला पुलिस शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेगी। किसी के साथ भी अन्याय न हो इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को भंग नही होने दिया जायेगा। मौके पर एसआई मोहम्मद एनामुल हक खान, एएसआई कुशेश्वर सिंह, मुन्ना पासवान, मोहन यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, जिला पार्षद विजय रविदास, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, डॉ डी पी शुक्ला, आलोक शुक्ला, दिनेश शुक्ला व कई लोग मौजूद थे।

### सीएम का कार्यक्रम टला, 22 को आयेंगे पलामू

**मेदिनीनगर।** भारत बंद के मद्देनजर मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम 21 अगस्त को चियांकी में आयोजित किया गया था जो स्थगित कर दिया गया। अब 22 अगस्त को सीएम हेमंत सोरेन चियांकी आयेंगे। इसके बाद वे सीधे कार्यक्रम में लेंगे भाग। उक्त जानकारी ए पी आरओ अजीत तिवारी ने दी।

### जनहित में सड़क जरूरी : गायत्री देवी



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रमुख गायत्री देवी ने 15वें वित आयोग योजना के तहत नेउरा पंचायत अंतर्गत गरदा गांव में उदय नारायण सिंह के घर से धर्मदेव सिंह के घर तक पक्की सड़क का शिलान्यास किया। जिसकी लागत राशि 2.49 लाख है। प्रमुख ने कहा कि लोगों की पुरानी मांग थी सड़क निर्माण। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का आधार बेहतर पथ होता है। बेहतर पथ होने से लोगों का आवागमन सुलभ होता है वहीं व्यवसाय का मार्ग भी प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि चैनपुर क्षेत्र का विकास करना पहली प्राथमिकता है। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत्त हैं। मौके पर मुखिया सकिना बेगम समेत कई लोग शामिल थे।

### लोजपा जिलाध्यक्ष राकेश ने किया कमेटी विस्तार



**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी पलामू के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पलामू जिला मुख्यालय मेदिनी नगर स्थित टेंपो स्टैंड के प्रांगण में आयोजित पार्टी की बैठक में सर्वसम्मति से पलामू जिला कमेटी का विस्तार किया। जिसमें योगेंद्र कुमार उर्फ पप्पू एवं रमाकांत दुबे को वरीय उपाध्यक्ष, शंभू प्रसाद, जितेंद्र सिंह, रवि सिंह को उपाध्यक्ष, विवेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू को प्रधान महासचिव, कुमार सिंह, संतोष सिंह, सुरेंद्र सिंह चेरो, शिवकुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, एमडी दानिश, मुन्नालाल पासवान, संजय सिंह, मनोरंजन शुक्ला, संजय पासवान को महासचिव, रंजीत पासवान, विकास तिवारी, सत्येंद्र पासवान, मदन सिंह, भीम चौहान, नवीन कुमार मुकेश, राणा सिंह चौहान, डब्लू पासवान, कैलाश चौहान, रजत पासवान, को सचिव, पंकज तिवारी प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी आकाश कुमार चौबे, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता, अजीत कुमार कार्यालय सचिव तथा कार्यकारणी सदस्य में प्रेमचंद तिवारी, अशोक चौहान, जय कुमार, यशवंत पासवान, सूचित पासवान थे।

## पाटन मंडल से युवा आक्रोश रैली में भाजपा के हजारों कार्यकर्ता लेंगे भाग

- भाजपा पाटन मंडल कार्यसमिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यसमिति की बैठक पाटन ब्लॉक रोड राजू सिंह के आवास पर की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी मंडल के अध्यक्ष संजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता व पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार, विशिष्ठ अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री प्रभात कुमार मौजूद थे। बैठक में पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली झारखंड प्रदेश के मोराबादी के मैदान में होना है जिसके निमित्त आज बैठक बुलाई गई थी। बैठक में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पाटन मंडल से युवा आक्रोश रैली में हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## मामला मेरे संज्ञान में नहीं था, अब जानकारी मिली है, देखते हैं क्या हो सकता है : बीडइओ

- पुरैनी विद्यालय तक पहुंचने के लिए नहीं है सुगम रास्ता बरसात के मौसम से होती है काफी दिक्कत : प्रधानाचार्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी/ तरहसी।** पांकी प्रखण्ड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दुरी पर पांकी मेदिनीनगर मुख्य मार्ग में सलगस के समीप एक नाले के किनारे स्थित है पुरैनी मध्य विद्यालय। जहां आज तक विद्यालय तक पहुंचने के लिए सुगम रास्ते तक नहीं है।

बड़ा सवाल है कि शिक्षा विभाग ने आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की। बरसात में तो शिक्षकों, छात्र, छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में कितनी परेशानी होती है इसका अंदाजा इस तस्वीर को देखकर स्वतः लगाया जा सकता है। विद्यालय आने जाने में कठिनाई को लेकर बच्चे विद्यालय कम पहुंचते हैं। कारण उन्हें नाले में फिसल कर गिरने का भय बना रहता हैं। बरसात में विद्यालय में उपस्थिति काफी कम हो जाती है। विद्यालय में लगभग 70 बच्चे नामांकित हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी कुछ दिन पूर्व हुई भारी वर्षा से नाले में पानी का बहाव तेज होने पर एक गांव का ही लड़का उम्र करीब 12 वर्ष नाले में गिरकर बह गया था लेकिन गांव के लोगों ने किसी तरह उसकी जान बचायी। प्राचार्य कयूम अंसारी ने कहा कि बरसात में विद्यालय आने में काफी कठिनाई होती है।

# मांगों को लेकर पशु पालन विभाग के एआई कर्मचारी गये हड़ताल पर



बेमियादी हड़ताल में शामिल एआई कर्मचारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अपनी मांगों को लेकर झारखंड पशुपालन विभाग एआई कर्मचारी संघ के आह्वान पर पलामू जिले के एआई कर्मचारी मंगलवार से हड़ताल पर चले गये। इस कारण कार्यालयों का कार्य प्रभावित हो गया। कर्मचारी हाथ में बैनर लेकर धरना पर बैठ गये। धरना स्थल पर सभा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष अजय पांडेय व संचालन सचिन पांडेय ने किया।

मौके पर अजय पांडेय ने कहा कि जब तक एआई कर्मचारियों की मांगें सरकार पूरी नहीं करती है तब तक एकजुटता के साथ हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के माध्यम से कर्मियों ने ए आई कर्मचारी का न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित हो एवं 2019 से बकाया राशि भुगतान करने, पशुपालन विभाग में वर्षों से कार्यरत एआई कर्मचारी की नियमावली तैयार कर वरीयता सूची निर्गत करने, पशुपालन विभाग से तृतीय व चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर एआई कर्मचारी को वरीयता योग्यता के आधार पर नियमित करने, वर्तमान मानदेय राशि व प्रोत्साहन राशि, देय बीमा लाभ को ससमय भुगतान व्यवस्था सरल करने की मांग सरकार से की गयी। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, सचिव विकास प्रताप देव, कोषाध्यक्ष दीनानाथ यादव, सचिन पांडेय, दीवाकर तिवारी शामिल थे।

# कंकारी विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कार्य में घोर अनियमितता



चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता प्रदर्शित करती तस्वीर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कंकारी चहारदीवारी निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस कार्य में बालु के बदले फ्लाइ एक्स (छाई) से निर्माण कराया जा रहा है। चहारदीवारी निर्माण की गुणवत्ता में सवाल उठ रहा है। यहां के शिक्षकों से बात करने पर पता चला कि इस कार्य को वर्तमान मुखिया करा रहे हैं। प्राचार्य श्याम किशोर उरांव ने कहा कि मुखिया कुसुम देवी निर्माण कार्य करा रही है। इधर, कंकारी पंचायत के मुखिया कुसुम देवी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

खबर मन्त्र
रांची.बुधवार.21 अगस्त 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# 14 करोड़ नौकरी?

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत रोजगार सृजन के मामले में जी-20 देशों में पिछड़ा हुआ है। जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए देश को 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के हीरक जयंती कार्यक्रम में कहा कि 2010 से शुरू होने वाले दशक में भारत की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रही, लेकिन रोजगार दर दो प्रतिशत से कम रही। भारत की रोजगार दर, अन्य जी-20 देशों की तुलना में काफी कम है। उन्होंने कहा, यदि आप जनसंख्या वृद्धि के लिहाज से भारत के अनुमानों को देखें, तो भारत को अब से लेकर 2030 तक कुल मिलाकर छह करोड़ से 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करनी होंगी हम पहले से ही 2024 में हैं, इसलिए हमें कम समय में बहुत सारी नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके लिए भूमि सुधार और श्रम संहिताओं को लागू करने सहित बुनियादी सुधारों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए निजी निवेश में वृद्धि की जरूरत है, क्योंकि यह सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत वृद्धि के अनुरूप नहीं है। सार्वजनिक निवेश अच्छा चल रहा है, लेकिन निजी निवेश में सुधार करना होगा। गोपीनाथ ने यह भी कहा कि भारत को अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार करना चाहिए, ताकि वह अपने वर्कफोर्स के स्किल विकास कर सके। देश में बेरोजगारी को लेकर चल रही बहस के बीच यह आकड़ा देश के विकास के लिये अति महत्वपूर्ण जान पड़ता है। इस दिशा में राजनीति से अधिक कार्यनीति पर जोर दिया जाना चाहिए। कोरोना, नोट बंदी और धीमी निजीकरणका असर रोजगार सजृन पर पड़ रहा है और इसकी गति धीमी है।

# सुप्रीम फटकार

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना को भयावह बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगायी। मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह घटना पूरे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा के संबंध में व्यवस्थागत मुद्दे को उठाती है। इस घटना पर स्वतः संज्ञान लेने वाली भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय ने बलात्कार-हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए पूछा कि अस्पताल के प्राधिकारी क्या कर रहे थे ? ऐसा लगता है कि अपराध का पता सुबह-सुबह ही चल गया था लेकिन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने इसे आत्महत्या बताने की कोशिश की। पीठ ने कोलकाता पुलिस को भी फटकार लगायी और पूछा कि हजारों लोगों की भीड़ आरजी कर मेडिकल कॉलेज में कैसे घुसी। उसने पूछा कि जब आरजी कर अस्पताल के प्राचार्य का आचरण जांच के घेरे में है तो उन्हें कैसे तुरंत किसी दूसरे कॉलेज में नियुक्त कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को प्रदर्शनकारियों पर बल का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि यह राष्ट्रीय संशुद्धि का वक्त है। न्यायालय ने कहा कि ज्यादातर युवा डॉक्टर 36 घंटे काम करते हैं और कार्य स्थल पर सुरक्षित स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनाने की जरूरत है। मेडिकल कॉलेजों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

# बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें?






-हृदयनारायण दीक्षित

**बांग्लादेश** में हिंदू चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं। कत्लेआम जारी है। हिंदू महिलाओं के साथ बर्बरता के वीभत्स तरीके अपनाए जा रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार के चित्र कठोर से कठोर व्यक्ति को विचलित करने वाले हैं। बांग्लादेशी हिंदुओं का कोई भी काम न तो सेना के खिलाफ है और न ही सेना की कठपुतली कथित सरकार के खिलाफ।अंतरराष्ट्रीय जिज्ञासा है कि इस रक्तपात की वजह क्या है? बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू आबादी का प्रतिशत पहले ही घट रहा है। हिंदू आबादी का प्रतिशत घटने के कारण क्या हैं? दोनों देशों में हिंदू आबादी की संख्या अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसा से घटी है। जोर जबरदस्ती का मतांतरण भी प्रमुख कारण है। मिशनरी लोगों से सम्बंधित साधारण घटनाएं भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनती हैं। धर्मांतरण करने वाली शक्तियां अपना गैरकानूनी काम करती रहती हैं। उनके गलत काम का विरोध भी सारी दुनिया में चर्चा का विषय बनता है। मगर हिंदुओं की सुनियोजित हत्या पर भी कोई हलचल नहीं होती।

हिंदू थोक के भाव मारे जाते हैं, मारे जा रहे हैं। आखिरकार थोक के भाव हिंदुओं की हत्या अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के लिए कोई बड़ी घटना क्यों नहीं है। हिंदुओं की हत्या का मूल कारण है क्या? आहत मन कुछ मौलिक प्रश्न उठते हैं। क्या हिंदू होना एक अभिशाप है? हिंदू सारी दुनिया का लोकमंगल चाहते हैं। हिंदुओं ने कभी किसी दूसरे देश पर हमला नहीं किया। केवल हिंदू होने के कारण ही वे मौत के घाट उतार दिए जाते हैं। अबोध बच्चियों के साथ भी बलात्कार हो रहे हैं।

बांग्लादेश की सेना नियंत्रित सरकार हिंदुओं की रक्षा में असफल हुई है। हिन्दू उत्पीड़न के सरोकार बड़े हैं। भारत विभाजन के पूर्व मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान की मांग की थी। इस मांग को लेकर भी हिंदुओं का भयंकर रक्तपात हुआ था। ह्यडायरेक्ट एक्शन डेह्य के नाम से व्यापक नरसंहार हुआ था। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिंदू 84.44 प्रतिशत और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों के इस प्रतिशत में आज के पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुसलमान भी शामिल थे। 1947 में भारत विभाजन हुआ। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना (1951) में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिंदू आबादी का अनुपात 87.24 प्रतिशत हो गया। यहां की मुस्लिम आबादी 10.43 प्रतिशत रह गई। 50 वर्ष बाद 2001 में भारत में जनगणना हुई। हिंदू आबादी घटी और 84.21 प्रतिशत रह गई। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। जनसंख्या के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान मांगा था। पाया था। अब एक और पाकिस्तान की जनसंख्या हो गई है। हिंदू इस सवाल को उठाते हैं तो उन्हें सांप्रदायिक कहा जाता है। हिंदू आबादी ही सर्वपंथ समभाव और लोकतंत्र की गारंटी है।

बांग्लादेश की सीमाओं पर प्राण रक्षा के लिए व्यथित हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे इसीलिए मारे जा रहे हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या कम है। सेकुलर दल हिंदू संहार पर मौन रहते हैं। बांग्लादेश से भारत के लिए अवैध प्रवेश होता रहा है। भारतीय संसद में अनेक बार बांग्लादेशी घुसपैठ स्वीकार की गई है। भारत के अधिकांश राजनैतिक दल हिंदू नाम के प्रयोग से डरते हैं। फिलिस्तीन को लेकर देश के सेकुलरपंथी दुख व्यक्त करते हैं। लेकिन हिंदू प्रजाति के खात्में को लेकर मौन हैं। वाम दल भी हिंदू नरसंहार पर मौन हैं। समूची हिंदू जाति पर संकट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नागरिकता संशोधन कानून लायी थी। कट्टरपंथियों ने इसका विरोध किया था। वे हिंसक हो गए थे। बांग्लादेश के हिंदू आखिरकार कहां शरण लें? क्या करें? पाकिस्तानी गैर मुसलमान और हिंदू भी उत्पीड़न के शिकार हैं। पाकिस्तान में भी हिंदू हिंसा का शिकार होते हैं। ईशनिंदा कानून में बड़ी सजा है। पाकिस्तानी सरकार हिंदुओं के विरुद्ध इसका इस्तेमाल करती है। संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार चार्टर भी बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पा रहा है। जाति, वंश, लिंग आधारित भेदभाव को निषिद्ध बताने वाले सेक्युलर हिंदू नरसंहार पर चुप हैं। प्रख्यात इतिहासकार डॉ. हर्ष नारायण ने लिखा है कि, ह्यह्यवास्तव में इस्लाम कहीं भी काफिरों के साथ सहअस्तित्व को न प्रोत्साहन देता है और न अनुमति। वह इसकी संभावना पर भी विचार नहीं करता।

हिंदू अपने चिंतन दर्शन में समूची धरती को परिवार मानते हैं लेकिन इस्लामी राजनीतिक चिंतन में इसकी कोई गुंजाइश नहीं। ह्यसंस्कृति के चार अध्यायह्य (पृष्ठ 302) में रामधारी सिंह ह्यदिनकरह्य ने लिखा है कि, ह्यह्यभारत में इस्लाम का आरंभिक इतिहास मारकाट और खुरेंजी, धर्म परिवर्तन, अभद्रता और अन्याय का इतिहास है। मुसलमान एक आदर्श मजहब और एक सुगठित समाज में जिस प्रकार आबद्ध थे, उससे उन्हें अपार नैतिक बल प्राप्त होता था। इसके विपरीत हिंदुत्व ढीला हो चुका था। हिंदुओं के धर्म, आदर्श और सिद्धांत के अनेक रूप थे। फिर भी भारत में इस्लाम की धाक उस आसानी से नहीं जमी।ह्यह्य इस्लामिक कट्टरता नई बात नहीं थी और न ही हिंदू सहिष्णुता। दिनकर के अनुसार अलबेरूनी ने लिखा है कि, ह्यह्यहिंदू जन्मजात अहिंसक थे। अनेक धर्मों का स्वागत करते थे। वे धार्मिक मामलों में बहुत ही सहिष्णु हो गए थे। महमूद से पहले जो मुसलमान भारत आए थे उन्हें यहां के राजाओं ने अच्छा प्रश्रय दिया था।ह्यह्य हिंदू अपने सहिष्णु स्वभाव के कारण बढ़-चढ़ कर नहीं लड़ते थे। दिनकर ने लिखा है कि, ह्यह्यलड़ाई और मारकाट के दृश्य तो हिंदुओं ने बहुत देखे थे। उन्हें सपने में भी यह ख्याल नहीं था कि दुनिया की एकाध जाति ऐसी भी हो सकती हैं जो मूर्तियों को तोड़ने और मंदिरों को ध्वस्त करने में ही सुख माने। मुस्लिम आक्रमण के साथ मंदिरों और मूर्तियों पर विपत्ति आई। हिंदुओं का हृदय फट गया।ह्यह्य

मंदिरों और मूर्तियों पर हमले का लंबा इतिहास है। भारत में लाखों मंदिर ध्वस्त किए गए थे। लेकिन बात यहीं आकर समाप्त नहीं हुई। वे हिंदू समाज को समाप्त करने के मकसद से किसी भी तरह की लड़ाई पर आमादा रहे हैं।

गोल्फ में अदिति अशोक, मुक्केबाजी में एमसी मैरीकॉम, डिस्कस थ्रो में कमलप्रीत कौर, तीरंदाजी में दीपिका कुमारी और अतानू दास, कुश्ती में दीपक पुनिया, निशानेबाजी में मनु भाकर, घुड़सवारी में फवाद मिर्जा, नौकायन में अर्जून लाल जाट और अरविंद सिंह,लांग जंप में श्री शंकर तथा महिला हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है तथा भविष्य में भारत में खेलों के उज्जवल भविष्य के लिए आश्वस्त किया है।

## खास बात
### सनातन की सीमा

-अशोक प्रवृद्ध

**यही** दहस मथुरा, पाटलिपुत्र और कान्यकुब्ज की थी। नालन्दा विश्वविद्यालय वज्रयान संप्रदाय का केन्द्रस्थल था। पश्चिमी देशों के अपेक्षा भारत के पूर्वीय देशों में बौद्ध धर्म अभी संपन्न था। केवल प्रयग और काशी में बौद्धों का अत्यधिक तिरस्कार होता था तथा शिवलिंग की पूजा नगरों ह्न ग्रामों के प्रत्येक घरों में होने लगी थी।वैसे इस समय में सम्पूर्ण उत्तर भारत में प्राचीन वैदिक धर्म के स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म स्थापित हो रहा था। प्राचीन वैदिक धर्म से इस नवीन हिन्दू धर्म में दो बड़े अंतर (भेद) थे - एक सिद्धांत सम्बन्धी तथा दूसरा आचार- विचार सम्बन्धी।

प्राचीन धर्म से नवीन धर्म का सिद्धांत सम्बन्धी भेद यह था कि प्राचीन वैदिक धर्म में तत्वों के देवता माने जाते थे और सर्वव्यापक सर्वशक्तिमान ईश्वर की कल्पना की गई थी उसके स्थान पर नवीन हिन्दू धर्म में ये देवता मूर्तिमान थे तथा इन पर परमेश्वर का एक मूर्त त्रिदेव समूह का था।

यही त्रैकत्व नवीन हिन्दू धर्म की एक नई वस्तु थी। आचार सम्बन्धी नई बात मूर्तिपूजा थी। वैदिक धर्म में जो यज्ञ का महत्व था वही स्थान नये धर्म में देव मन्दिरों को प्राप्त हो गया तथा प्रतिमा पूजन का प्रारंभ एक नई वस्तु थी।

इस काल में सर्वत्र राजनीतिक अन्धकार व्याप्त था। कोई प्रबल स्वराज्य सत्ता देश में नहीं थी। यहअन्धरात्रि की स्थिति विशेषकर नवीं एवं दशवीं शताब्दी में थी । तत्पश्चात ग्यारहवीं -बारहवीं शताब्दी में दिल्ली और अजमेर में राजपूत राज्य स्थापित हुआ । उनकी चाल, व्यवहार, पद्धति सब विक्रम और शिलादित्य से निराली व अनूठी थी ।

एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि प्राचीन हिन्दूओं ने विदेशी आक्रामकों को अपने धर्म और जाति में मलिया लिया था । वैदिक आर्यों ने जब द्रविड़, असुरों आदि से युद्ध किये तो कालान्तर में ये दोनों जातियाँ भी आर्यों में सम्मिलित हो गईं । इसी प्रकार शक, तुर्क, आभीर, सीरियन, गुर्जर, हूण आदि जातियों को भी आर्यों ने अपने भीतर सम्मिलित कर लिया था ।

# निष्ठा की बात

## विचार-प्रवाह

बद्री प्रसाद सिंह

**उनकी** निष्ठा दल के साथ न होकर अपने व्यापार के साथ रहती है। इसीलिए सरकार किसी दल की बने,यह वर्ग सदैव उन्नति करता है।यह ऐसा भामाशाह है जो राणा प्रताप तथा अकबर दोनों को थैली देता है। माफिया, बड़े अपराधी, दलाल आदि की निष्ठा सदैव ही सत्ताधारी दल के साथ होती हैं क्योंकि यह सब सत्ताधारी दल की अवैध संतानें होती हैं। सरकार की दृष्टि टेढ़ी होते ही इनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता है।आज कितने ऐसे लोग जेलों में स्वेच्छा से रह रहे हैं,पता नहीं किसकी गाड़ी कब फिसल जाय या किसकी अवैध इमारत ढहा दी जाय।

अधिकांश समाचार पत्र तथा चैनल की निष्ठा भी सत्ता के साथ रहती हैं। समाचारों में निष्पक्षता, देशहित, जनहित अब गुजरे दिनों की बात हो गई है।सभी मीडिया घराने बड़े पूंजीपति ही हैं जिन्हें अपना व्यापार चलाना होता है,विज्ञापन तथा अन्य सुविधाएं लेनी होती है।जो भी संपादक, संवाददाता इसमें बाधक होता है,तत्काल निकाल दिया जाता है। मैं मेरठ में कभी ररढ था , मेरे कत्रृ बरेली के कार्यकाल में मेरठ के एक व्यापारी मित्र का फोन आया कि वह एक अखबार निकाल रहा है जिसका अमुक तिथि को उद्घाटन मुझे ही करना है ।मैंने कहा कि वह व्यापारी हैं, अधिक पढ़ा भी नहीं है, अखबार कैसे चला पाएगा,तो उसने हंसते हुए कहा कि बिजनेस में रोज कोई न कोई विभाग,नेता उसे परेशान करता है,पैसा मांगता है, उनसे बचने के लिए वह अखबार निकाल रहा है और दूसरे अखबारों से अधिक वेतन देकर अच्छे संपादकों को तोड़ लिया है। मैं उसकी व्यापारिक बुद्धि का कायल हो गया।

## कार्टून वर्ल्ड

शांति की अंतरिक्ष यात्रा...




साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### राहत का इंतजार

**देश** की आम जनता आस लगाए बैठी थी कि सरकार पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में कमी कर राहत देगी, लेकिन उनकी आस पर तुषारापात वित्त मंत्री ने अपने बयान से कर दिया है। आखिर केंद्र व राज्य सरकारें पेट्रोलियम पदार्थों पर लगाए गए विभिन्न टैक्सों की दरों में कटौती कर राहत क्यों नहीं देतीं? पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाया जाए।

-हेमा उपाध्याय, जमशेदपुर

### अमेरिका दोषी

**अफगानिस्तान** की राजधानी काबुल में सशस्त्र बलों के साथ तालिबान ने अपना कब्जा कर लिया है। आखिर अफगानिस्तान की सेना ने तालिबानियों के सामने हथियार क्यों डाल दिए? अमेरिका की क्या मजबूरी थी कि उसने अरबों रुपये का अफगानिस्तान में इन्वेस्ट किया और उसके बाद अपनी सेना को वापस बुला लिया। अफगानिस्तान की दुर्दशा का कारण अमेरिका ही है।

– कांतिलाल, रांची

**संथालपरगना** में 1951 के बाद जनगणना के अनुसार 2011 तक आदिवासी समाज की संख्या 45 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत तथा पूरे देश में इस दौरान हिंदुओं की संख्या 4 प्रतिशत घटी लेकिन संथालपरगना में यह लगभग 23 प्रतिशत घटी।

– डॉ निशिकांत दूबे, सांसद

## आपके ट्वीट

**यह** अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना है। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में सूचना आ रही है कि कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहें हैं, जो पूरी तरह से फर्जी है।

– हेमंत सोरेन, सीएम





**महिलाओं** को रसोई में जहरीले धुएं से मुक्ति दिलाने के लिएप्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार 'उज्जवला'योजना के तहत अबतक 10.33 करोड़ घरों में मुफ्त गैस कनेक्शन पहुंचाया है। भारत के शत प्रतिशत घरों को धुंआ मुक्त कर दिया जाएगा। – **अन्नपूर्णा देवी**

# पीएम मोदी में कुछ तो खास है जो उन्हें आगे रखता है

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी में कुछ तो खास है कि वे अपने विरोधियों के निशाने पर ही रहते हैं। इसका खास कारण है कि वे अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं और लीपापोती, समझौते की राजनीति उन्हें नहीं आती। किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार ह्यआलाकमानह्न सरीखा नहीं है। आप उन्हें तानाशाह भले कहें, किंतु तटस्थ विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक उनकी आलोचना करने वाले अपने किसी साथी के विरूद्ध उन्होंने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने दी। कल्पना करें कि किसी अन्य दल में अपने आलाकमान या सर्वोच्च नेता की आलोचना करने वाला व्यक्ति कितनी देर तक अपनी पार्टी में रह सकता है। नरेंद्र मोदी यहां भी रिकार्ड बनाते हैं। जबकि भाजपा में अनुशासन को लेकर कड़ी कारवाईयां होती रही हैं। भाजपा और जनसंघ के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे बलराज मधोक से लेकर कल्याण सिंह, उमा भारती, बाबूलाल मरांडी, बीएस येदुरप्पा जैसे दिग्गजों पर कार्रवाइयां हुई हैं, तो गोविंदाचार्य पर भी एक कथित बयान को लेकर गाज गिरी। उन्हें अध्ययन अवकाश पर भेजा गया, जहां से आजतक उनकी वापसी नहीं हो सकी है। मोदी का ट्रैक अलग है। वे आलोचनाओं से घबराते नहीं और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की छूट देते हुए अपने आलोचकों को भरपूर अवसर देते हैं।

## चर्चा में

यह कहा जा सकता है कि मोदी आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं, इसलिए इसकी बहुत परवाह नहीं करते हैं। वे कहते भी रहे हैं कि उनके निंदक जो पत्थर उनकी ओर फेंकते हैं, उससे वे अपने लिए सीढ़ियां तैयार कर लेते हैं। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी के भीतर भी उनके आलोचकों और निंदकों की पूरी फौज सामने आती है, जो तमाम मुद्दों पर उन्हें घेरती रही है। आश्चर्यजनक रूप से मोदी उनके विरूद्ध पार्टी के अनुशासन तोड़ने जैसी कार्यवाही भी नहीं होने देते हैं। इसमें पहला नाम गाँधी परिवार से आने वाले वरूण गांधी का है, जिन्हें भाजपा ने सत्ता में आने के बाद संगठन में महासचिव का पद दिया। वे सांसद भी चुने गए। किंतु पार्टी संगठन में उनकी निष्क्रियता से महासचिव का पद चला गया और वे मोदी के मुखर आलोचक हो गए। अपने बयानों और लेखों से मोदी को घेरते रहे। बावजूद इसके न सिर्फ उनको 2019 में भी लोकसभा का टिकट मिला, बल्कि आज भी वे पार्टी के सदस्य हैं। खुलेआम आलोचनाओं और अखबारों में लेखन के बाद भी उन्हें आज तक एक नोटिस तक पार्टी ने नहीं दिया है। हां, इस बार वे टिकट से जरूर वंचित हो गए। उनकी जगह कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को पीलीभीत से लोकसभा का टिकट मिल गया। जतिन जीत भी गए।

दूसरा उदाहरण फिल्म अभिनेता और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे शत्रुध्न सिन्हा का है। सिन्हा मोदी के मुखर आलोचक रहे और समय-समय पर सरकार पर टिप्पणी करते रहे। अंततः वे भाजपा छोड़कर पहले कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में चले गए। अब वे आसनसोल से तृणमूल के सांसद हैं। यही कहानी पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सिन्हा की है। उन्होंने भी मोदी विरोधी सुर अलापे और अंततः पार्टी छोड़कर चले गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद भी उनके बेटे जयंत सिन्हा को 2019 में भाजपा ने लोकसभा की टिकट दी। जयंत सिन्हा मोदी सरकार में मंत्री भी रहे। इस बार जयंत का टिकट कट गया। ऐसे ही उदाहरणों में क्रिकेटर कीर्ति आजाद भी हैं। मोदी सरकार के विरूद्ध उनके बयान चर्चा में रहे, संप्रति वे तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं।

# जम्मू-कश्मीर लिखेगा एक और इतिहास

प्रदीप मिश्र

**आजादी** और विभाजन के बाद ऐतिहासिक विवाद और विचार-विमर्श का केंद्र रहे जम्मू-कश्मीर फिर नई इबारत लिखने जा रहा है। पांच अगस्त 2019 को स्वायत्तशासी राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए जम्मू-कश्मीर का भूगोल लद्दाख के अलग होने के कारण पहले ही बदल चुका है। अरसे बाद तीन चरणों में विधानसभा चुनाव तय हो गया है। 2014 के बाद होने जा रहा नए जम्मू-कश्मीर का यह विधानसभा चुनाव इतिहास का हिस्सा होगा। इस साल जून से आतंकवादियों के आए दिन हमलों और सुरक्षाकर्मियों की शहादत के बीच सुप्रीम कोर्ट के प्रति सम्मान जताने के चुनाव आयोग के फैसले से अवाम को स्थानीय स्तर पर नुमाइंदे मिल जाएंगे। इससे उनकी अपने जनप्रतिनिधि चुनने के बाद उनकी समस्याओं पर सुनवाई और समाधान नजदीक ही नहीं, तेजी से भी होने की उम्मीद बढ़ गई है। 87.09 लाख मतदाताओं वाले केंद्र शासित प्रदेश में सभी दलों के लिए पूर्ण राज्य का मुद्दा सबसे अहम है। अनुच्छेद 370 के खात्मे के समय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया था कि विधानसभा चुनाव के बाद उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। जमीन और नौकरी का अधिकार, बेरोजगारी, महंगाई, अलगाववाद और सुरक्षा के हालात भी चुनाव पर अपनी छाप जरूर छोड़ेंगे।

भाजपा जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती के परिवारवाद पर 2014 के लोकसभा चुनाव से ही प्रखरता से प्रहार करती रही है। 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद इसे बड़ा मुद्दा बना दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में अवाम के बदले मिजाज का असर दिखा।

## चुनावी चर्चा

यही वजह रही कि दो पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बारामुला और महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजोरी सीट पर हार गए। इंडिया गठबंधन में आम राय नहीं बन पाई। उमर की पराजय अप्रत्याशित रही। महबूबा की शिकस्त का कारण भी नेशनल कांफ्रेंस रही। हालांकि पांच में से दो संसदीय सीटों पर लड़ी कांग्रेस सबसे अधिक 29.38 प्रतिशत वोट पाने के बावजूद शून्य पर रही। दो सीटों पर चुनाव मैदान में उतरी भाजपा ने 24.26 फीसदी वोट के साथ दो सीटें जीत लीं। नेशनल कांफ्रेंस ने भी दो सीटें हासिल कीं पर 22.30 प्रतिशत वोट लेकर वह तीसरे स्थान पर खिसक गई। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों में साफ है कि नेशनल कांफ्रेंस 34 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही। भाजपा ने 28, कांग्रेस सात और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी 5 सीटों पर बढ़त बनाई। बारामुला संसदीय सीट पर निर्दलीय जीते इंजीनियर रशीद 14 विधानसभा क्षेत्रों में अव्वल रहे। भाजपा की सहयोगी जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और पीपुल्स कांफ्रेंस एक-एक क्षेत्र में आगे रही।

2014 के विस चुनाव में 25 साल बाद 66.4 फीसदी मतदान हुआ था। उस समय लद्दाख की चार सीटों को मिलाकर 87 सीटें थीं। भाजपा ने इनमें से 25 सीटें जीती थीं, जबकि उसे 23.2 फीसदी वोट मिले थे। पीडीपी की सीटें सबसे अधिक 28 थीं लेकिन वोट प्रतशित 22.9 रहा। नेशनल कांफ्रेंस को 15 सीटें और 20.8 फीसदी मत मिले। कांग्रेस ने 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 12 सीटें पाईं थीं। त्रिशंकु विधानसभा के कारण अरसे तक राज्यपाल शासन के बाद मुफ्ती मोहम्मद सईद के नेतृत्व में सरकार बनी थी। अब स्थितियां बदली हुई हैं। नए दौर में नतीजे नए गठबंधन के नेताओं और नीतियों पर निर्भर करेंगे। वैसे, 2024 में जम्मू-कश्मीर को 'जन्नत-ए-जम्हूरियत' के तौर पर दर्ज कराने के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा को भरोसा है कि बरसों बाद पहली बार विधानसभा चुनाव में मतदान का हक पाने वाले मतदाता और बेहतरी के लिए उसे चुनने में गर्व महसूस करेंगे। अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची का आधार अलग-अलग होने के कारण मतदाताओं की संख्या में ही नहीं, चुनावी लिहाज से परिसीमन के बाद से जम्मू और कश्मीर में सीटों का संतुलन बन गया है। कुल 90 विधानसभा सीटों में जम्मू क्षेत्र 37 से बढ़ कर 43 हो गई हैं, जबकि कश्मीर में यह आंकड़ा 46 से केवल 47 तक पहुंचा है। यही नहीं, परिसीमन के बाद नौ सीटें अनुसूचित जनजाति और सात सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई हैं। भाजपा का जोर इन सीटों के जीतने पर है।

## स्पीड न्यूज

### एनटीपीसी पीटीपीएस में सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनटीपीसी पतरातु में रविवार से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अभियान का शुभारम्भ मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता ने किया । इस दौरान कॉरपोरेट और विभिन्न साइटों के सतर्कता अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया। उन्होंने सभी सतर्कता अधिकारियों को तीन महीने के अभियान के लिए प्रत्येक क्षेत्रों पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सतर्कता अधिकारियों को नाटकों, क्विज, सूचनात्मक वीडियो, ऑडियो, जिंगल और विक्रेता बैठकों जैसे विभिन्न तरीकों के माध्यम से व्यापक पहुंच का लक्ष्य रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बातचीत के दौरान सतर्कता जागरूकता बढ़ाने के लिए नवीन दृष्टिकोण तलाशने को भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन करते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा ने सतर्कता अधिकारियों से देश की समृद्धि के लिए संगठन के भीतर और व्यापक समुदाय में ईमानदारी की संस्कृति को लगातार मजबूत करने का आग्रह किया।

### दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में भंडारा



**रामगढ़।** प्रत्येक माह की पूर्णिमा को नईसराय स्थित माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। सावन पूर्णिमा को भी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व माता की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इस दौरान माता से याचना की गई की वे अपने भक्तों पर कृपा बनाएं रखें तथा क्षेत्र के लोगों को खुशहाल रखें। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संध्या शर्मा, नीतू ,कंजुला श्रीवास्तव, नेहा सिंह ,सीमा सिंह , लक्ष्मी देवी ,रेखा देवी ,बीना देवी, रीना साह, चमेली देवी ,मंजू देवी , अध्यक्ष अरुणमहतो ,मुन्ना शर्मा ,राजेश तिवारी,विक्रम तिवारी , अतिराज शर्मा , अमृत शर्मा ,टिंकू आदि उपस्थित थे।

### भगवान जगन्नाथ का भोग वितरित



**रामगढ़।** सावन पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ का भोग वितरण हुआ, जिसमें काफी श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन पूजन किया तथा इस्कॉन ने भजन-कीर्तन किया। साथ ही भगवान का महाभोग खिचड़ी वितरण हुआ। इस महीने रामगढ़ के अमित सिन्हा द्वारा खिचड़ी भोग वितरण किया गया। मौके पर उन्होंने भोग का वितरण करते हुए कहा की प्रभु की पूजा अर्चना से खुशहाली आती है। इसलिए बड़ी संख्या में लोग प्रभु की पूजा अर्चना के लिए मंदिर आते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भागवत नारायण चटर्जी,अमित सिन्हा, मदन गुप्ता, विनोद कुमार, नंदू गुप्ता, कीर्ति गौरव, गणेश महतो, राजेश महतो, गिरधारी महतो, सुदर्शन महतो, परितोष चटर्जी, इलारानी पाठक, रेणुका चटर्जी, इस्कॉन संस्था के सभी प्रभु भक्त प्रेमी उपस्थित थे।

### तरवाटांड़ में चूल्हा प्रमुख सम्मलेन 31 को



**कुजू।** 31 अगस्त को मुरपा तरवाटांड़ में आजसू का चुल्हा प्रमुख सम्मेलन को लेकर मंगलवार को सम्मेलन स्थल का आजसू कार्यकर्ताओं ने जायजा लिया। बैठक में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सदस्य हेमलाल महतो, मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, जिला उपाध्यक्ष तेजनाथ महतो तेजू, जयकिशोर महतो, जिला सचिव लालचंद महतो शामिल हुए। तिवारी महतो ने कहा कि चुल्हा प्रमुख सम्मेलन आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर किया जा रहा है। इसके माध्यम से हम चुनाव में अपनी जीत दर्ज करेंगे। न्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो व विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, रामगढ़ विधायिक सुनीता चौधरी, केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत का आगमण होगा। वहीं मांडू विधानसभा के 6 प्रखंड से 5 हजार से अधिक महिला-पुरूष कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे।

### पैंकी पुल के पास से शव बरामद

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के पैंकी पुल के नीचे पानी में तैरते एक शव को पुलिस ने बरामद किया। बाद में पंचनामा करते हुए अंत्यपरीक्षण करा शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। बूढ़ाखाप से अशोक सिनेमा मार्ग पर स्थित पैंकी पुल के नीचे सुबह टहलने के दौरान ग्रामीणों ने पानी में एक शव को तैरते देखा। इसके बाद इसकी सूचना कुजू पुलिस को दिया। सूचना पाकर पहुंची कुजू पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला। शव की पहचान नईसराय निवासी थॉमस (40 वर्ष) पिता स्व जोहन मुंडा के रूप में हुआ। वहीं मौके पर पहुंचे थॉमस के परिजनों ने बताया कि वह सोमवार से लापता था। साथ ही अत्यधिक शराब का आदी था। लोगों ने आशंका व्यक्त किया कि अत्याधिक शराब पीने के वजह से नीले पानी गिरने से उसकी मौत हुई होगी।

### अग्रसेन स्कूल में मना अक्षय ऊर्जा दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने सेमिनार में हिस्सा लेकर अक्षय ऊर्जा के लाभ और इसकी तकनीक पर चर्चा की। छोटे बच्चों ने सूर्य की रोशनी का उपयोग करते हुए पावर ग्लास से पेपर को जलाने का प्रयोग करते हुए सौर ऊर्जा की शक्ति को समझा। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधन कोयला, तेल, गैस इत्यादि से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग कर रही है। इन स्रोतों का आनेवाले समय में खत्म होना तय है। इसलिए हमें जल्द से जल्द अक्षय ऊर्जा की ओर शिफ्ट करने की रफ्तार बढ़ानी होगी।

# बीएसएफ ने सीतागढ़ में लगाया फ्री हेल्थ कैंप, 272 लोगों की हुई जांच

## मरीजों को दी गयी दवायें



खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** सीमा सुरक्षा बल मेरू ने मंगलवार को केएस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के नेतृत्व में सीतागढ़ गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा। मेडिकल कैंप में राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक (एसटीएस), राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक (प्रशासन), डीके प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप के डॉ. रमेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सदर अस्तपाल हजारीबाग से डॉ. प्रवीण, अपने चिकित्सीय स्टाफ के साथ, मेदांता रांची से डॉ. शैलेन्द्र, अपने चिकित्सीय टीम के साथ तथा डॉ. ममता भी उपस्थित रही। महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरु हजारीबाग द्वारा चिकित्सा शिविर का उद्धधाटन किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र हजारीबाग के चिकित्सा अधिकारी, मेदांता अस्पताल रांची तथा सदर अस्पताल, हजारीबाग के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों नें नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच व उपचार प्रदान किया।

चिकित्सा शिविर मे बड़ी संख्या में सीतागढ़ स्थित फील्ड फायरिंग रेंज के आसपास के गावों के नागरिकों नें अपने स्वास्थ्य की जाँच कराई जिनमे वृद्व आयु वर्ग के लोग अधिक थे जिन्हे वृद्वावस्था के आम रोग जैसेः- मधुमेह, कुपोषण, विटामिन की कमी प्रमुख थीं। शिविर के दौरान 272 नागरिकों की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर के दौरान रोगियों को निःशुल्क दवाई भी वितरित की गई। इस अवसर पर चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सीय परामर्श, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गई। आम नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने, स्वस्थ भोजन का सेवन, नियमित व्यायाम, आसपास की साफ-सफाई, गंदगी से होने वाली बिमारियों और उनसे बचाव के तरीकों से अवगत करवाया गया। सीमा सुरक्षा बल सदैव सार्वजनिक दायित्त्व के निर्वाह में अग्रणी रहा है। सीतागढ़ जो कि संस्थान की प्रमुख फायरिंग रेंज है, यहाँ के वासियों का सहयोग हमेशा सीमा सुरक्षा बल को मिलता रहा है, इसलिए समय-समय पर मेरू कैंप द्वारा आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाता है। महानिरीक्षक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष प्रशिक्षण केन्द्र मेरू कैंप द्वारा जरूरी गावों को चिन्हित कर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। आम नागरिकों के प्रति सीमा सुरक्षा बल द्वारा सदैव समय-समय पर मेड़िकल कैंप व सिविक एक्शन जैसे कार्यक्रम किए जाते रहे है, जिससे आम जनमानस को आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। महानिरीक्षक ने मेदांता अस्पताल रांची एवं सदर अस्पताल, हजारीबाग के चिकित्सकों व उनके सहकर्मियों को धन्यबाद दिया।

## बरही : बराकर नदी में अवैध बालू खनन के खिलाफ भाजपा ने एसडीओ को दिया आवेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** भंडारों पंचायत के बेहराबाद के लोगों ने बराकर नदी में हो रहे अवैध बालू खनन को लेकर गंभीर चिंता जताई है। जिप सदस्य प्रतिनिधि सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव के नेतृत्व में गांववासियों द्वारा दाखिल की गई एक औपचारिक शिकायत के अनुसार ये खनन गतिविधियां न केवल अवैध हैं, बल्कि स्थानीय पर्यावरण और आजीविका को भी गंभीर नुकसान पहुँचा रही हैं।

शिकायत में कहा गया है कि आसपास के क्षेत्रों के कुछ लोग इन अवैध गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हैं। बताया कि गांववासियों की कई चेतावनी और विरोधों के बावजूद ये गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। गांववालों को डर है कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं की गई, तो नदी और इसके आसपास के क्षेत्रों का परिस्थितिक संतुलन बुरी तरह से प्रभावित होगा, जिससे समुदाय के लिए दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं। गांव वासियों ने एसडीओ, सीओ एवं बरही थाना में आवदेन देकर इन अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने तत्काल जांच की भी मांग की है और इस मुद्दे के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप की आवश्यकता जताई है। इस शिकायत पर समुदाय के कई प्रमुख सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं, जो इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर गांववासियों की एकता और चिंता को दशार्ते हैं। गांव वासियों को उम्मीद है कि उनकी आवाज सुनी जाएगी और उनके पर्यावरण और आजीविका की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। आवेदन में परमानंद पांडेय, सीताराम पांडेय, बीरेंद्र पांडेय, प्रकाश पांडेय, रामजी पांडेय, रामावतार पांडेय, लोकनाथ पांडेय, रामस्वरूप पांडेय, जनार्दन पांडेय, अनिल पांडेय, अनुज पांडेय, पंकज पांडेय, अनुज पांडेय, अमित पांडेय सहित अन्य शामिल है।

### मील का पत्थर साबित होगा मुख्यमंत्री मंईयां योजना : उमाशंकर अकेला

बरही। मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में धनराशि जमा होने पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। विधायक ने कहा कि इस योजना से जिले की कई महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। अकेला ने राज्य सरकार की इस योजना को एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अकेला ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान देगी। नादरा बेगम, संगीता देवी, अनिता देवी, कलीमुन निशा, रेहाना खातुन, शालिका प्रवीण, सितारा खातुन ने मईयां योजना को लेकर विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## गोला में मनी राजीव गांधी की जयंती



खबर मन्त्र संवाददात

**गोला(रामगढ़)।** मंगलवार को गोला प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में दूर संचार क्रांति के जनक सह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती गोला प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में मनाई गई। जयंती में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशी का इजहार किया। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष सोनी, कॉंग्रेस कमिटी के जिला उपाध्यक्ष चितरंजन दास चौधरी, दुलमी प्रखंड की जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान, वरिष्ठ कॉंग्रेसी कमाल शहजादा, जनार्दन पाठक, अजीत करमाली, लुकमान अंसारी, प्रदीप कुमार महतो, विनोद करमाली, गुलाम सरवर, लखेश्वर महतो, अली इमाम, बालकिशन बेदिया, सत्यदेव महतो, दीपा कुमारी, मानिक पटेल, चमरू नायक, बंधु नायक, वेदम नायक, कुदुश अंसारी, छोटू रजवार ,संतोष करमाली,ज्ञानी मुंडा, कारू मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

### राज्य में भाजपा सरकार बनेगी : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर जिला प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने मंगलवार को ओबीसी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक। उन्होंने कहा कि संगठन के मजबूत होने से आने वाले चुनाव में राज्य में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनेगी। इधर बैठक से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जगेश्वर प्रजापति के जिला प्रभारी बनने पर बधाई दिया। वहीं जगेश्वर प्रजापति ने बाबूलाल मरांडी फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश प्रमंडलीय प्रभारी नरेंद्र चंचल का भी स्वागत किया।

### विष्णुगढ़ दौलत महतो मेमोरियल शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में टीएलएम प्रतियोगिता का आयोजन

**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में टीएलएम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षुओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार की शिक्षक अधिगम में प्रयुक्त होने वाली सहायक सामग्री को बनाया !महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुवेर्दी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करने का महत्वपूर्ण उद्देश्य भावी शिक्षकों में अध्ययन-अध्यापन के कार्यों में सृजनशिलता का संवर्धन होगा। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा, वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो, प्रवीण जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ. सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ. अंबरीश दुबे,डॉ. विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप पाठक,सीमा, छबि राम सिंह, प्रकाश कुमार,लक्ष्मण कुमार,आजाद एवं समस्त प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

## क्षेत्र की समृद्धि के लिए धार्मिक अनुष्ठान जरूरी : अंबा प्रसाद

▸▸ बुढ़वा महादेव मंदिर में विधायक ने की भोलेनाथ की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्रं संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सावन माह के अंतिम सोमवारी के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने सोमवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंची। यहां विधायक अंबा प्रसाद ने भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र की सुख समृद्धि और हरियाली खुशहाली की कामना की। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही घर परिवार और क्षेत्र में हरियाली खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले भक्तों के दुखों को हर कर भगवान शिव खुशियों की वर्षा करते हैं। अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए भक्ति आयोजन होते रहना चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह और राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पाण्डेय, चंदन साव, खुशबू कुमारी, उमेश कुमार, ललन राम, रंजीत तुरी, क्रांति सिंह, संतोष सिंह सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

### अंतिम सोमवारी पर लपंगा पंचायत में भव्य भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर लपंगा पंचायत के शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनुप कुमार ठाकुर ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि अनूप ठाकुर ने कहा कि भक्ति आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली खुशहाली का आगमन होता है। साथ ही भक्ति का संचार भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अपने घर परिवार और क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए धार्मिक अनुष्ठान होते रहना चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है इसलिए भक्तों को हर हाल में प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में अविनाश कुमार सिंह, सौरभ यादव, निखिल कुमार, रोशन कुमार, मंगल, प्रदीप कुमार, रोशन कुमार सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### मुरुमातु में सांसद की पहल से लगा ट्रांसफॉर्मर



**टाटीझरिया।** मुरुमातु गांव में ट्रांसफॉर्मर विगत दिनों जल गया था। इससे ग्रामीण परेशान थे। ग्रामीणों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह को इसकी जानकारी दी। उन्होंने तत्काल हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को समस्या से अवगत कराया। सांसद ने त्वरित पहल करते हुए विभाग से संपर्क कर पुराना ट्रांसफॉर्मर बदल कर नया 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन टाटीझरिया प्रमुख सह भाजपा महामंत्री संतोष मंडल, राजू यादव, जयप्रकाश ठाकुर ने फीता काटकर किया। ट्रांसफॉर्मर मिलने की खुशी में गांव के लोगों ने सांसद के प्रति आभार जताया है। मौके पर करमा गंझू, बिनोद अगेरिया, प्रकाश गंझू, तापेश्वर गंझू, राकेश गंझू, अर्जुन गंझू, यमुना गुप्ता, मरांडी गंझू, ईश्वर गंझू, राजेश गंझू, बंटी कुमार, चरका अगेरिया आदि शामिल रहे।

### टाटीझरिया में हाथियों का झुंड मचा रहा उत्पात

टाटीझरिया। डहरभंगा खैरा भराजो झरपो डूमर धर्मपुर टाटीझरिया बेडम आठों पंचायत के कई गांवों में विगत दो तीन वर्षो से जंगली हाथियों के द्वारा खेत में लगाए गए फसल को बर्बाद , कृषि यंत्र के पटवन मशीन पाइप लाइन,घरों को तोड़ फोड़ क्षति ग्रस्त करना थम नही रहा। वही घुघुलीया गांव के डुमरिया टांड़ मोहल्ला निवासी मो.सुलेमान अंसारी और भराजो पंचायत के आमनारी गांव निवासी कुलदीप प्रजापति ने बताया की डहरभंगा पंचायत के घुघुलिया , केशडा, आमनारी गांव में 22 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने सोमवार की बीते रात खेत में लगे फसलों में धान ,मक्का ,केला ,साग सब्जीयों को खाया और अपने पैरो तले रौंदकर बर्बाद कर दिया । भूक्त भोगी किसानों में आमनारी गांव के सूर्यकांत प्रजापति ,गणेश प्रजापति,भुनेश्वर प्रजापति,प्रदीप प्रजापति ,भोला प्रजापति, मो. मोईम ने सबंधित विभाग से क्षतिपूर्ति की मांग वन विभाग से की।

### बरही में धान और मक्का का हो रहा है बीमा

बरही। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव ने बरही प्रखंड के किसानों को जागरूक करते हुए खेतों में लगी धान और मक्का की फसल का बीमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। संजय यादव ने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि बीमा कराने के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन का करंट रसीद, वंशावली, मुखिया के हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बीमा की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। किसानों को समय रहते अपनी फसल का बीमा कराने का आग्रह किया गया है ताकि वे किसी भी प्राकृतिक आपदा या अन्य जोखिम से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने 31 अगस्त तक अंतिम तिथि तय की है, किसान जल्द से जल्द बीमा अवश्य करा लें।

### बरही में भारत बंद को लेकर बैठक

बरही। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गीकरण पर दिए गए हालिया फैसले के विरोध में 21 अगस्त को सम्पूर्ण भारत बंद की घोषणा की गई है। इस बंद को सफल बनाने के लिए सोमवार शाम 3 बजे बरही के अब्दुल कलाम पार्क में बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व भीम आर्मी के अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने किया, जबकि अध्यक्षता डपोक पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास ने की। रविदास ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह कानून एससी एसटी समुदाय को दो भागों में विभाजित करने का प्रयास है। रविदास महासभा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राम ने कहा कि यह नीति समुदाय की एकता को कमजोर करने के उद्देश्य से लाई गई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार शाम 5 बजे मशाल जुलूस निकाला जाएगा और 21 को पूरा बरही बंद रखा जाएगा। एससी एसटी समुदाय ने दुकानदारों से भी अपने-अपने दुकानें बंद रखने की अपील की है।

### पुतो दूमुहानी धाम में अखंड हरी कीर्तन संपन्न

बरही। चंदवारा प्रखंड के प्रसिद्ध सिद्धि पीठ पुतो दूमुहानी धाम में सावन पूर्णिमा पर एक माह से चल रहे अखंड हरी कीर्तन का समापन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के कई श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। मनोज यादव ने कीर्तन मंडली के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को धर्म के प्रति आस्थावान बनाते हैं।

### एनटीपीसी ने 170 बच्चों को दिया स्कूल बैग



**केरेडारी।** मंगलवार को चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, चट्टी बरियातु के 170 बच्चों को दिया स्कूल बैग। इस मौके पर झरि लाल महतो, मुखिया, चट्टी बरियातू उपस्थित थे। श्री महतो ने बच्चों को स्वतंत्रता, शिक्षा और समाज सेवा के महत्व के बारे में प्रेरणादायक बातें कीं। इस प्रयास ने न केवल बच्चों की पढ़ाई को सरल बनाया बल्कि उन्हें उनके भविष्य के लिए भी प्रेरित किया। इस तरह के सामाजिक पहल से स्थानीय समुदाय में एक सकारात्मक संदेश जाता है और शिक्षा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ती है। इस मौके पर वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बड़कागांव में भारत बंद को लेकर बैठक



**बड़कागांव।** एसटी,एससी के आरक्षण का वर्गीकरण के विरोध करने को लेकर देशव्यापी आंदोलन भारत बंद 21 अगस्त को बड़कागांव में बंद रहेगा ।इस संबंध में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संघ के सदस्यों ने बैठक कर निर्णय लिया। बैठक के बाद बड़कागांव थाना में बंद को लेकर लिखित सूचना दी गई। मंगलवार शाम को जुलूस निकाला गया। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह भोक्ता समाज के अध्यक्ष कुलेश्वर गंझू, मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष दीपक दास, पूर्व मुखिया बिशुन रजक, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला,रविदास महासभा प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम,अखिल भारतीय भुइयां समाज प्रखंड अध्यक्ष प्रभु भुइयां,पसस कृष्णा राम,पसस प्रतिनिधि सुरेश चौधरी,दिनेश्वर पासवान,रविदास महासभा नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, रघुनाथ राम, नरेंद्र राम, शंकर भुइयां ,सतीश कुमार दास, गिरजा भुइयां ,राजेश भुइयां, उदय राम, अखिलेश कुमार दास आदि शामिल थे।

### दारू दुर्गा मंडप में होगा भव्य डांडिया

**दारु।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति दारु इस वर्ष अपनी स्थापना का 125 वा वर्षगांठ भव्य ढंग से मनाया जायेगा। वर्षगांठ को लेकर बैठक समिति के अध्यक्ष भैया संतोष कुमार सिन्हा के आवास हुई। अध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा का प्रारंभ वर्ष 1899 ईस्वी मे भैया बैजनाथ सहाय और उनके कुछ सहयोगियों द्वारा किया गया था। यहाँ पर तभी से लगातार हर वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बार 125 वर्ष पुरा होने के मौके पर अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मंडप को भव्य स्वरुप प्रदान करते हुए दूसरे तल्ला की ढलाई किया जायेगा। भव्य पंडाल और आकर्षक विद्युत सज्जा भी इस वर्ष देखने लायक रहेगा। बैठक समिति के महासचिव कमल किशोर प्रसाद, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, राजन सिन्हा,भैया रंजीत कुमार, रौशन सिन्हा, भैया अजीत कुमार,राहुल कुमार सिन्हा, आजाद और प्रवीण सिन्हा आदि शामिल थे।

# हत्या के तीन आरोपीयों को उम्रकैद की सजा

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की आदालत ने सुनाई सजा, दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जमीन विवाद में गोली मारकर हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने मंगलवार को आरोपीयों जमाल मियां पिता महबूब मियां पांडेयडीह मुस्लिम मोहल्ला, रोशन पांडे पिता राजकुमार पांडे विद्यापूरी वार्ड नंबर-9 झुमरीतिलैया एवं शेखर विश्वकर्मा उर्फ चंद्रशेखर शर्मा को 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने जमाल मियां पिता महबूब मियां को आर्म्स एक्ट 25(1)ए में दोषी पाते हुए पांच वर्ष की सजा सुनाई है, साथ ही पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है, सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 2019 का है। इसे लेकर



कोडरमा थाना कांड संख्या 83/2019 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपीएंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 25 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पीपी एंजेलिना वारला ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन, सुरेश प्रसाद यादव एवं नवल किशोर ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को 302/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वहीं न्यायालय ने जमाल मियां को 25(1) ए आर्म्क के तहत दोषी पाते हुए 5 वर्ष की सजा सुनाई व पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया। इसे लेकर सुनील कुमार सोनी पिता हरिहर प्रसाद स्वर्णकार पूर्णानगर कोडरमा निवासी ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। थाना को दिए आवेदन में कहा था कि 05-06-2019 की रात्रि करीब 11:30 बजे उसे सूचना मिली कि सज्जाद अंसारी पांडेडीह निवासी के घर के सामने उसके भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जब वह वहां जाकर देखा तो उसके भाई खून से लतपथ मृत पड़ा था और वहां गोली और खोखा गिरा हुआ था। पता करने पर जानकारी मिली कि जमाल मियां अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके भाई की गोली मार कर हत्या कर दी है।

स्पीड न्यूज

### ग्रामीणों ने डीडीटी छिड़काव की मांग की

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बरसात के मौसम में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। जिसके कारण विभिन्न तरह की बीमारियां फैलने की आशंका बन गई है। प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से डीडीटी छिड़काव कराने की मांग की है।

### राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में 39वां वार्षिक समाधि महापर्व आज

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य पंचायत के राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में श्री श्री 108 श्री स्वामी कैलाश प्रसाद शिव का 39वां वार्षिक समाधि महापर्व बुधवार को मनाया जायगा। उक्त आशय की जानकारी उनके पोते अधिवक्ता निरंजन कुमार सिन्हा व सत्य नारायण प्रसाद सिन्हा ने दी।

### प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सतगावां (कोडरमा)। पुलिस ने मंगलवार को सतगावां थाना कांड संख्या 28/2023 आई पीसीकी धारा 306/34 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त चांदडीह निवासी 22 वर्षीय बंटी कुमार पिता आनंदी प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय कोडरमा में उपस्थापना हेतु भेज दिया गया है।

### सद्भावना दिवस का आयोजन

कोडरमा। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.राजीव गांधी की 80वां जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय झुमरीतिलैया में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.राजीव गाांी की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला सचिव मो. गालिब मंसूरी, जिला सचिव सह अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दशरथ पासवान, नवाब आलम कांग्रेस नेता सैयद नसीम, सेवा दल जिलाध्यक्ष सदानंद पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि 31 अक्टूबर 1984 को भारत के छठे प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गाांी की हत्या के बाद राजीव गाांी को अचानक प्राानमंत्री पद का आवेदक बना दिया गया।

# पति के झगड़े से तंग आकर गर्भवती पत्नी ने की आत्महत्या

### शराब पीकर करता था मारपीट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत विशनपुर रोड में जिला बल के कॉन्सटेबल शक्ति शिवम सिंह की पत्नी अंजली देवी ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के कारण विवाहिता के आत्महत्या की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि मृतका आठ महीने की गर्भवती भी थी, मृतका के पति आरक्षी शक्ति शिवम सिंह कोडरमा न्यायिक दंडाधिकारी के अंगरक्षक



के तौर पर कार्यरत हैं। घटना की जानकारी मिलते ही तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं आरक्षी के सर्विस रिवाल्वर को जब्त कर उन्हें हिरासत में लेकर अपने साथ थाना ले गयी एवं घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बता दें कि बिहार के छपरा के रहने वाले शक्ति शिवम सिंह के पिता की मौत के बाद वर्ष 2015 में उसे अनुकम्पा के आधार पर नौकरी मिली थी। जिसके बाद दिसंबर 2023 में ही उसकी शादी समस्तीपुर की रहने वाली अंजली से हुई थी, शादी के बाद से ही शक्ति शिवम सिंह और अंजली के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। विवाद का यह मामला कई बार थाने तक पहुंचा और दोनों के बीच सुलह भी करायी गई।

वहीं मृतका के परिजनों का कहना है कि शक्ति शिवम हर दिन शराब पीकर घर आता था और अपनी पत्नी अंजली के साथ मारपीट किया करता था। इसके अलावा ससुराल के अन्य लोगों पर भी प्रताड़ित करने का आरोप मृतका के परिजनों ने लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं दोनों पक्ष के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### अवैध ढिबरा लदा दो टेम्पो जब्त, दो गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही जंगल की ओर से भारी मात्रा में अवैध ढिबरा लदा टेम्पु तिलैया की ओर जा रही थी। सूचना के आलोक में कोडरमा थाना के गस्ती दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नाका लगाया गया। टेम्पू चालक ने पुलिस की मुस्तैदी देख भागने का प्रयास किया, जिसे पैंथर एवं सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। टेम्पु के तलाशी के दौरान दोनों टेम्पु में भारी मात्रा में लगभग 2.5 क्विंटल एवं 03 क्विंटल अवैध ढिबरा लदा हुआ पाया गया। इस संबां में कोडरमा थाना काण्ड संख्या 192/24 दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त में 25 वर्षीय दयानन्द यादव पिता प्रयाग यादव एवं 24 वर्षीय विजय यादव पिता भूषण यादव दोनों सपही वार्ड नम्बर 3 थाना डोमचांच कोडरमा निवासी हैं।

एक नजर में

### भारत बंद का राजद ने किया नैतिक समर्थन

**कोडरमा।** देश में दलित और आदिवासी संगठनों ने 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया है। इस भारत बंद को राष्ट्रीय जनता दल ने नैतिक समर्थन दिया है। वहीं राजद जिलाध्यक्ष सह जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि भारत बंद का राष्ट्रीय जनता दल पूर्णतः नैतिक समर्थन करती है। भारत बंद के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता भी दलित व आदिवासी संगठनों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर भारत बंद कराने सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में उप-वर्गीकरण (सब कैटेगराइजेशन) और आरक्षण में क्रीमीलेयर लगाने का फैसला 1 अगस्त को सुनाया था, जिसको लेकर इसका विरोध किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि भारत बंद का समर्थन संविधान और लोकतंत्र बचाने वाले राजनीतिक संगठन और कई राजनीतिक व सामाजिक संगठन कर रहे हैं। राजद हमेशा से संविधान और लोकतंत्र बचाने के पक्ष में खड़ा रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत बंद आंदोलन को लेकर दलित समुदाय और आदिवासी संगठन के लोगों में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा लिए गए फैसले को लेकर नाराजगी साफ दिखाई दे रही है। उनका मानना है की यह एक तरह से सविधान पर हमला, उनके अधिकारों को छीनने और आरक्षण खत्म करने के लिए किया जा रहा है। इस तरह का निर्णय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में उप वर्गीरकरण को लेकर दोनों समुदाय को अलग करने की योजना है। राजद सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हुए मांग करती है कि एससी-एसटी वर्ग को उप वर्गीकरण और आरक्षण में क्रीमीलेयर लाने का निर्णय वापस ले।

### अवैध शराब लदा कार को पुलिस ने किया जप्त

**कोडरमा।** पुलिस आीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव एवं थाना प्रभारी सुजीत कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब लदा कार को पुलिस ने जप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार एक सफेद रंग का कार जिसमें भारी मात्रा में शराब लोड कर कोडरमा घाटी होते हुए बिहार राज्य के तरफ जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न जगहों पर चेकनाका लगाया गया एवं एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में जगह-जगह पर एण्टी क्राईम जांच किया जाने लगा। पुलिस की मुस्तैदी देख सफेद कार वाहन संख्या डब्लूबी06ई 2268 कोडरमा थाना के गांधी चौक के समीप पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास किया। वहीं पीसीआर एक द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया गया तो चालक के द्वारा पीसीआर वाहन के दाहिने तरफ ाक्का देकर भागने लगा। फिर भी पुलिस द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया जाने लगा तो पुलिस को पीछा करते देख उक्त वाहन चालक एंव वाहन में बैठे अन्य एक व्यक्ति वाहन को बागीटांड़ चेकनाका के पास छोड़कर जंगल एवं अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गये। वहीं वाहन की तलाशी की गयी तो पाया गया कि उक्त वाहन में भारी मात्रा में शराब लदा हुआ है। जिसे विधिवत जप्त कर कोडरमा थाना काण्ड संख्या 191/2024 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुनि. सह थाना प्रभारी कोडरमा सुजीत कुमार, सअनि. सहदेव प्र. यादव, नियंत्रण कक्ष सअनि इसराज अहमद, कोडरमा थाना शामिल थे।

## प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उपायुक्त की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** हजारीबाग जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित प्रमण्डल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लाभुकों को स्वीकृति पत्र वितरीत किया जायेगा। कार्यक्रम में कोडरमा जिले के लाभार्थियों की भी भागीदारी होनी है। उक्त अयोजन की तैयारी एवं योजना के क्रियान्वयन के लिए मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई की 22 अगस्त 2024 को हजारीबाग जिले में प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इसीलिए सभी बीडीओ अपने-अपने स्तर से लाभुकों की सूची तैयार कर लें। साथ ही डीटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि लाभुकों के आवागमन हेतु लगभग 100 बसों का इंतेजाम रखें, जिससे लाभुकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्तउपायुक्त ने सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित प्रमण्डल स्तरीय कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए समुचित तैयारीयां कर लें।

## युवाओं का सपना चकनाचूर न हो, इसके लिए इस रैली में भारी संख्या में 23 को चलें रांची : डॉ. नीरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के शिव वाटिका में मंगलवार को रांची में आगामी 23 अगस्त को हेमंत सरकार के विरोध में होने वाली आक्रोश रैली को लेकर बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से विधायक डॉ.नीरा यादव एवं विधान सभा प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद उपस्थित हुए। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. यादव ने कहा कि हेमंत सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को ठगने का काम किया है। बहुत मुश्किल से आज के युवा रोजगार के लिए परीक्षा देने जाते हैं, परंतु हेमंत सरकार में पहले ही प्रश्नपत्र लीक हो जाता है। इससे युवाओं में काफी आक्रोश है। युवाओं का सपना चकनाचूर न हो, इसके लिए इस रैली में भारी संख्या में 23 अगस्त को रांची पहुंचे। वहीं अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि मुझे भरोसा है कि जिले से भरपूर



मात्रा में कार्यकर्ता जायेंगे। पार्टी ने इस कार्यक्रम को युवा के हाथ में सौंपा है। वर्तमान सरकार झारखंड की जनता को मूर्ख बना रही है। इस रैली के बाद ही झारखंड में बदलाव का असर दिखने लगेगा। उन्होंने युवा मोर्चा के निवर्तमान पदाधिकारी को भी जोर-शोर से तैयारी में लग जाने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कहा वर्तमान की झारखंड सरकार मंईयां योजना के बहाने जनता को मूर्ख बना रही है।

### केरल बाढ़ पीड़ितों के लिए शांति उदयन पब्लिक स्कूल परिवार ने दिए 16 हजार रुपए

**सिमरिया।** केरल के वायनाड में आई प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों और प्रभावित लोगों के लिए उदयन पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रबंधक समिति के सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य, प्राचार्या, शिक्षक संघ और छात्रों ने शोक व्यक्त किया।विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्या टेंसी थॉमस, शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने मिलकर केरल के मुख्यमंत्री राहत कोष में सोलह हजार एक रुपये की सहयोग राशि इकट्ठा की। इस सहयोग राशि को भारतीय स्टेट बैंक, सिमरिया शाखा के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार को सौंपा गया ताकि जरूरतमंद लोगों को तत्काल सहायता मिल सके। प्रबंधन समिति की ओर से प्रेमलता चंद्र, प्राचार्य टेंसी थॉमस, मो. आमान अंसारी और अलग-अलग वर्ग के विद्यार्थी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर बैठक

**गिद्धौर।** मंगलवार को प्रखंड सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर बैठक हुई जिसमें जिला परिषद सदस्य अनिता देवी, बीडीओ राहुल देव, प्रमुख अनिता यादव, उप प्रमुख प्रीतम यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ग्राम सभा के माध्यम से चयनित लाभुकों की सूची जमा की गई, लेकिन गिद्धौर पंचायत से सूची जमा नहीं होने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया और 24 अगस्त को बैठक का समय फिर से निर्धारित किया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, पंचायत सचिव उज्वल सिंह, दिगम्बर पांडेय, चितरंजन शर्मा, प्रियंका प्रिया सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

# कांग्रेस ने निकाली सद्भावना पदयात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** मंगलवार को राजीव गांधी के 80वें जन्मदिन पर कांग्रेस पार्टी ने सद्भावना पदयात्रा निकाली। पदयात्रा हर्षनाथपुर निकला से शुरू होकर चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए रेफरल अस्पताल पहुंची। जहाँ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, सिमरिया विस के भावी उम्मीदवार मुकेश पासवान, प्रेमरंजन पासवान सहित वरिष्ठ कार्यकताओं ने मरीजों के बीच फल वितरित किए और उनके परिजनों को नाश्ता दिया।



इस दौरान राजीव गांधी अमर रहे, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगे। जिला अध्यक्ष और भावी उम्मीदवारों ने स्व राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके मार्गदर्शन पर चलने का आह्वान किया। मुकेश पासवान ने कहा कि राजीव गांधी देश के विकासशील पुरुष थे और उनके कार्यकाल में देश तरक्की के मार्ग में हमेशा आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक आधुनिकीकरण उन्हीं का देन है जिसके कारण आज सम्पूर्ण भारत डिजिटल लाइसेंस की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साव, मुकेश सिंह, करम साव, युवा विधानसभा अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, मो कासिम, मतलु राम, सहदेव महतो, नागेश्वर महतो, मो कौशर, नसरुद्दीन अंसारी, मो अजमुद्दीन, ओमप्रकाश पाठक, लक्ष्मी साव, महावीर दांगी, रवि कुमार गुप्ता, रविंद्र सिंह, आनंद भारती, ब्रह्मदेव भारती, सुबेश राम, प्रतिमा देवी, प्रिया, बबिता देवी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जपुवा में मंगलवार को युवा नेता व समाजसेवी बैद्यनाथ कुमार दांगी व यदुनंदन पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों फलदार पौधों का रोपण किया गया। बैद्यनाथ कुमार दांगी ने कहा कि प्रकृति के बिना मनुष्य का जीवन असंभव है और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए सभी प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए युद्ध स्तर पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने विलुप्त हो रहे जीव जंतु और वनस्पतियों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया और अपने क्षेत्र को हरा-भरा एवं खुशहाल बनाने का प्रण लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में बिनोद ठाकुर, देवनारायण दांगी, सुरेंद्र दांगी, भुवनेश्वर दांगी, कार्तिक राणा, नागिन विश्वकर्मा, कपिल कुमार, मुन्नी पांडेय व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कालेश्वरी मंदिर प्रांगण में लगाई जा रही है स्ट्रीट लाइट

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कालेश्वरी मंदिर प्रांगण में रोड से लेकर मंदिर तक मंदिर समिति द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। इस नेक कार्य में समिति के निरंजन दांगी, राजेश दांगी, विनोद दांगी, लखन दांगी, आशीष कुमार और कपिल कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्ट्रीट लाइट लगाने की लागत लगभग 130000 रुपये है और यह ऑटोमेटिक सिस्टम पर काम करेगी। शाम 6:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक लाइट ऑटोमेटिक जलेगी, जिससे रात के अंधेरे में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

इसके अलावा, विवाह, जग मेला जैसे सुशोभित कार्यक्रमों में भी रात के अंधेरे में सामना नहीं करना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत संतोष साहू को मिली दो लाख रु. की सहायता राशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, एलडीएम रविंद्र कुमार सिंह और राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष प्रेमलता चंद्रा ने संयुक्त रूप से संतोष साहू को जीवन ज्योति योजना के तहत 2 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा।संतोष कुमार गुप्ता की पत्नी रेणु देवी पिछले ढाई सालों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि के लिए दर-दर भटक रही थीं। 30 जनवरी 2022 को संतोष कुमार गुप्ता पर 11000 वोल्ट का तार टूटकर गिर



गया था, जिससे उनके शरीर का दाहिना हाथ और दाहिना पैर काटना पड़ा था।बैंकों के उदासीन रवैये के कारण रेणु देवी पिछले ढाई सालों से सिर्फ कागजी कार्रवाई में उलझी रहीं। अंत में, उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष प्रेमलता चंद्रा से मदद मांगी। प्रेमलता चंद्रा ने भुक्तभोगी के साथ जाकर अनुमंडल अधिकारी से मदद की गुहार लगाई।अनुमंडल पदाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एलडीएम और बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि जितनी जल्दी हो सके पीड़ित को लाभ मिले। जिसके परिणामस्वरूप संतोष कुमार को आज 2 लाख रुपये की मुआवजा राशि मिली।संतोष कुमार और उनकी पत्नी ने अनुमंडल पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, बैंक बीसी मनीष कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# जनता दरबार में डीसी रमेश घोलप ने सुनीं आम लोगों की समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** प्रखंड के सीमावर्ती गांव की एक महिला ने जनता दरबार में उपायुक्त रमेश घोलप से मिलकर बताया कि बरसात के मौसम में उनके घर में सड़क का पानी घुस जाने के कारण उनका घर गिर गया है और अब वे तिरपाल लगाकर अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ रह रही हैं। महिला ने उपायुक्त से अबुआ आवास की गुहार लगाई। उपायुक्त ने मामले पर संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त चतरा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में सड़क, राशन, भूमि विवाद, अबुआ आवास समेत



अन्य मामले भी मुख्य रूप से शामिल थे। उपायुक्त ने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान जांच के बाद किया जाएगा। उन्होंने मौके पर संबंधित पदाधिकारी को मामले का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### जिले के वरीय अधिकारियों ने स्कूलों में भ्रमण कर बच्चों का हौसला बढ़ाया



गुमला। उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार सिकक्षा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय भ्रमण के क्रम में भरनो के अंचल अधिकारी श्री अविनाश कुजूर के द्वारा प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महादेव चेगरी का भ्रमण किया गया । वहीं बसिया के अंचल अधिकारी श्री नरेश मुंडा के द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय कुम्हारी बसिया का भ्रमण किया गया । दोनों पदाधिकारियों द्वारा अपने टैग विद्यालय के भ्रमण के क्रम में आगामी वर्ष मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं की काउंसलिंग करते हुए उत्कृष्ट परीक्षाफल के संबंध में आवश्यक टिप्स देते हुए मॉडल प्रश्नों के अभ्यास सहित नियमित रूप से सेल्फ स्टडी करने को आवश्यक बताया । विद्यालय भ्रमण के क्रम में पदाधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों को नियमित कक्षा संचालन कराते हुए ससमय सिलेबस पूरा करवाने तथा तेल टेस्ट के आधार पर कमजोर बच्चों की पहचान कर उनके लिए विशेष रिमेडियल कक्षाएं आयोजित करने का भी निर्देश दिया ।

### बीडीओ ने मुखिया और पंचायत कर्मियों के साथ की बैठक



घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को बीडीओ दिनेश कुमार ने मुखिया और पंचायत कर्मी के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने अधूरे पड़े अबुआ आवास का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने की बात कही। इसके साथ ही 2024-25 के नये अबुआ आवास देने को लेकर योग्य लाभुकों का दस्तावेज जल्द जमा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मनरेगा योजना में डिमांड और मास्टर रोल भराने हेतु पंचायत सचिव को निर्देश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में छूटे लोगों को चिन्हित कर आवेदन भरकर जमा कराने की बात कही। मौके पर कई मुखिया, पंचायत सचिव व कर्मी उपस्थित थे।

### माले रेड स्टार, जेएनडी व अन्य जन संगठनों की बैठक 25 को

गुमला। भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल तथा पार्टी के अन्य जन संगठनों को लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनता से जुड़ी जन समस्याओं को लेकर 25 अगस्त 2024 को दिन के 11 बजे से जिला मुख्यालय गुमला में बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में 11 सितंबर 2024 को सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक, साईं प्रकाश, एपीलाइन, इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के खून पसीने के जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर रांची स्थित मुख्यमंत्री के समक्ष होनेवाली 'न्याय दो मार्च' व जन प्रदर्शन कार्यक्रम तथा शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर 28 सितंबर 2024 को रांची में होनेवाली झारखंड बचाओ रैली की तैयारी पर विशेष रूप से बातचीत की जाएगी। बैठक में सांगठनिक मजबूती व जन समस्याओं को लेकर गुमला जिला में आंदोलन को तेज करने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

### पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष गफ्फार खान के निधन पर लोगों ने किया शोक व्यक्त

गुमला। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष रह चुके गफ्फार खान के निधन शोक व्यक्त किया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश कुमार चीनी ने गफ्फार खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. खान नगर पालिका के उपाध्यक्ष एवं तीन बार गुमला नगर पालिका के वार्ड पार्षद रह चुके हैं। जनसेवा उनका जुनून था। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वह कर्मठ एवं इमानदार व्यक्ति थे। शोक व्यक्त करने वालों में निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, प्रदेश कांग्रेस सचिव अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित उरांव, महिला जिला अध्यक्ष अमृता भगत, उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा,शांति देवी, अमर प्रदीप कुजूर, सगीर आलम, अरुण गुप्ता रहमान जय सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

### दुर्गा पूजा को लेकर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति की बैठक आज

गुमला। शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने को लेकर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति की आम बैठक 21 अगस्त बुधवार को संध्या 7 बजे से मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार चीनी ने बताया कि बैठक में गत वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया जायेगा तथा नये सत्र हेतु पूजा समिति के पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने नगर के सभी सनातन धर्मावलंबियों से बैठक में समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### भरनो के अमलीया में जंगली हाथी ने आधा दर्जन से अधिक घरों को तोड़ा, एक घायल

गुमला। भरनो प्रखंड के अमलीया गांव में एक हाथी ने आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जबकि एक किसान लच्छू उरांव गंभीर रूप से घायल हुआ है। वहीं अमलीया जंगल में फिर से जंगली हाथी के दस्तक से ग्रामीण भयभीत हैं। पिछले एक सप्ताह से ये हाथी दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घर को नुकसान पहुंचा चुके हैं। इधर बीती रात और अहले सुबह हाथी ने अमलीया महुवाटोली गांव में चार ग्रामीण घिनू उरांव, महाबीर उरांव, बलवीर सिंह और कंदरू महतो के घर को बुरी तरह से क्षतीग्रस्त कर दिया है। इसके अलावे बांधटोली निवासी बिरसा उरांव के घर, खरका गांव निवासी बुधवा उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद अहले सुबह 4 बजे जतरगड़ी गांव में लच्छू उरांव के ईट का पक्का मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। मकान के अंदर सोये हुए किसान लच्छू उरांव दिवाल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका पैर टूट गया है। आनन फानन में उसके परिजनों ने उसे तत्काल रिम्स रांची ले गए। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गयी है। हालंकि वन विभाग के वनरक्षी हड़ताल पर हैं। फिर भी प्रभावित ग्रामीणों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया गया है।

## जयंती पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि, निकाली सद्भावना यात्रा

# राजीव गांधी ने रखी थी आधुनिक भारत की नींव : चैतु



**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेसियों के द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गुमला जिला में सद्भावना यात्रा बिरसा मुंडा एग्रो पार्क स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निकाली गई जो महात्मा गांधी पार्क तक गई। तत्पश्चात महात्मा गांधी पार्क गुमला में स्व. राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर जयंती मनायी गयी। मौके पर अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती हम सभी कांग्रेसी मिलकर सद्भावना यात्रा कर मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने अपनी राजनीतिक कुशलता से समाज के सभी वर्गों के लोगों को अत्यधिक प्रभावित किया था। जिस आधुनिक भारत का लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है, यह राजीव गांधी की ही देन है।

मौके पर हांदु भगत, खालिद साह, गुलाम सरवर, राजु रंजन महतो, भुनेश्वर राम, इनायत आलम, कयुम आलम, मुकतार आलम, साहेब वंशीम, सदाब आलम, तरुण गोप, संजय गोप, लालू कुल्लू, फ्रांसिस बाड़ा, राजू उरांव, पवन केवट एवं काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुमला जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



गुमला। जिला कांग्रेस कार्यालय बड़ाइक मुहल्ला गुमला में प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश कुमार चीनी की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 80वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। ज्ञात हो कि स्व. राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की हत्या के पश्चात उन्होंने प्रधानमंत्री की बागडोर संभाली थी। वे अपने प्रधानमंत्रित्व काल में देश के विकास के लिये अनेकों महत्वपूर्ण काम किए। उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखने का काम किया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, प्रदेश सचिव अकिल रहमान, वरिष्ठ कांग्रेसी मुरली मनोहर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष मानिक चंद साहू, जिला सचिव अरुण गुप्ता, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र गुप्ता, रोहित उरांव, अमर प्रदीप कुजूर, मो. रहमान अंसारी, युवा कांग्रेस के जय सिंह, मो. समीर अंसारी, ओमप्रकाश शाह के साथ अनेकों कांग्रेसी शामिल थे।

# विद्यार्थी हमेशा अपने जीवन में पढ़ाई रुपी रंग भरें : पीडीजे

- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता की विजेताओं को पीडीजे ने किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गुमला में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें पीडीजे स्वयं उपस्थित होकर बच्चों से मिले तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बच्चियों क्रमशः पल्लवी कुमारी, आरती कुमारी एवं रुपाली कुमारी को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चियां मन लगाकर पढ़ाई करें तथा रंगों का महत्व समझें। उन्होंने कहा कि रंगों का बहुत महत्व होता है आप हमेशा अपने जीवन में पढ़ाई रूपी रंग भरें और आप अपने जीवन को सार्थक करें। पढ़ाई के माध्यम से आप जीवन के हर ऊंचाई तक पहुंच पाएंगे और मंजिल पाने में आपको कामयाबी मिलेगी। पढ़ाई कर आप एक अच्छे नागरिक बनेंगे और अपने क्षेत्र और अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे। जिला जज के साथ अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता, प्रभारी न्यायाधीश प्रतिक राज, समाजसेवी शंभू सिंह, मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

# फसल काटने नहीं दे रहे हैं कुछ लोग, गांव में है तनाव की स्थिति

- वन विभाग से मिले कुसुम के पेड़ पर लाभुकों ने की है लाह की खेती
- लाभुकों ने जन शिकायत निवारण दिवस पर उपायुक्त से की शिकायत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर कोनाटोली अंतर्गत तेलगांव के 30 से अधिक ग्रामीणों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनके गांव में वर्ष 2023 में वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा पी.एफ. में अवस्थित कुसुम के वृक्षों की गणना करवायी गयी थी एवं कुल 579 वृक्षों की सुरक्षा हेतु प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 7-7 वृक्ष आवंटित किए गए थे। वन प्रमंडल के द्वारा विधिवत प्रमाण पत्र भी ग्रामीणों को निर्गत कराया गया था। जिसके पश्चात ग्रामीणों ने अपने अपने वृक्ष की देखभाल की एवं उसपर लाह की फसल लगायी गयी। लाह की कटाई के समय उक्त ग्राम के कुछ ग्रामीणों के द्वारा फसल कटाई के लिए बाधा उत्पन्न किया जा रहा है एवं गांव में एक तनाव का माहौल उत्पन्न किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सहायता की मांग की। उन्होंने अनिश्चित काल तक वन प्रमंडल कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करने की भी बात कही। उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने इसपर जांच एवं आवश्यक कारवाई किए जाने हेतु ग्रामीणों को आश्वस्त किया। उन्होंने उक्त मामले की जांच हेतु संबंधित विभाग को पत्र अग्रसारित किया। गुमला जिले के 68 विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्र के बीएलओ ने आकर उपायुक्त से शिकायत की कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों की अब तक मानदेय राशि भुगतान नहीं की गई है। भरनो स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय के छात्रों ने उपायुक्त से पुस्तकालय में नयी समिति गठन करने एवं बसिया के टेगरा ग्राम के रहने वाले अनाथ एवं असहाय अमित बाड़ा ने पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इसके अतिरिक्त कई आवेदकों ने उपायुक्त से अबुआ आवास योजना, कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन, राशन, पेंशन, आपसी तनाव, जमीन विवाद जैसे कई मामले आये। संबंधित मामलों पर सहायता एवं आवश्यक कारवाई हेतु उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## लोहरदगा : स्व राजीव गांधी की जयंती पर युवा कांग्रेस ने किया याद

- किस्को में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि
- गोष्ठी का भी किया गया आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

लोहरदगा। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं सूचना प्रौद्योगिकी के जनक स्व. राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष असलम अंसारी के नेतृत्व में किस्को में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष असलम अंसारी ने कहा कि भारत रत्न एवं सूचना प्रौद्योगिकी के जनक स्व. राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें युवा कांग्रेस विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है। आज उनके किए गए कार्यों एवं देश के प्रति उनके विचार को हम युवा कांग्रेस को अपने समाज अपने देश में अपनाने की जरूरत है। सूचना प्रौद्योगिकी के जनक स्व. राजीव गांधी विकास पुरूष थे उनके द्वारा देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा। जिसके लिए हमारे देश का सर्वश्रेष्ठ नागरिक का पुरस्कार भी उन्हें दिया गया। आज उनके विचारधारा को हम युवाओं को अपनाते हुए उनको अपने मार्गदर्शन मानते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है और उनके जो विचार थे उनकी जो सोच देश के प्रति विकास, युवाओं के प्रति उनके उज्जवल भविष्य एवं सद्भावना की जो सोच थी उसे आज आगे बढ़ाने की जरूरत है।

इस मौके पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के नेता पवन महली, चांद उरांव, धीरज कुमार, अफसर अंसारी, ज्योति कुजूर, परमिला उरांव, असलम अंसारी आदि काफी संख्या में युवा कांग्रेस के साथी मौजूद थे।

# ठगबंधन सरकार ने राज्य के युवाओं को ठगा : समीर उरांव

- 23 अगस्त को लाखों की संख्या में आक्रोशित युवा रांची पहुंच करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव



**खबर मंत्र संवाददाता**

लोहरदगा। भाजयुमो द्वारा 23 अगस्त को आहूत मुख्यमंत्री आवास घेराव व आक्रोश रैली को लेकर भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। मौके पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य सभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि कोई भी राज्य किसी राजनीतिक पार्टी का जागीर नहीं होता। उस राज्य की जनता पांच वर्षो के लिए चुन कर उसे सुशासन चलाने के लिए सौंपती है। जिसे पांच वर्ष बाद छीन भी सकती है, परंतु हेमंत सोरेन झारखंड को अपनी जागीर समझ बैठे हैं, जो उनकी बहुत बड़ी भूल है।। उन्होंने कहा कि झारखंड की ठगबंधन सरकार युवाओं को ठगने का काम किया है। चुनाव के समय प्रत्येक वर्ष पांच लाख युवाओं को नौकरी या बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने का लॉलीपॉप दिखाया गया था। पांच वर्षों में किसी युवा को भत्ता नहीं दी गई और इन पांच वर्षों में सिर्फ 25 हजार युवाओं को ही नौकरी मिली। जिससे युवाओ में भारी आक्रोश है। प्रदेश के सभी युवा ऐसी निक्कमी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उतावले हैं। हेमंत सरकार द्वारा लायी गयी मंईयां योजना सहित सभी योजनाएं सिर्फ प्रलोभन देने वाली साबित हुईं। उन्होंने कहा कि किसानों का लोन माफी के लिए हेमंत सोरेन केंद्र पर आश्रित हैं। लोन माफी की चुनावी घोषणा हेमंत सोरेन ने की है। लोन माफी के लिए उतनी राशि राज्य सरकार को बैंकों में जमा करनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को लाखों की संख्या में आक्रोशित युवा रांची पहुंच मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे व सरकार की ताबूत में अंतिम कील ठोंकने का काम करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंह, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, राज मोहन राम, पूर्व महामंत्री, बालकृष्ण सिंह, उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, पशुपति नाथ पारस, अनिल उरांव, सरिता देवी, मीडिया प्रभारी विजय सोनी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार आदि उपस्थित थे।

### लोहरदगा में भाजयुमो का मशाल जुलूस आज

लोहरदगा। भाजपा युवा मोर्चा लोहरदगा के द्वारा 21 अगस्त को शाम 6:00 बजे 23 अगस्त को होने वाली युवा आक्रोश रैली को लेकर मशाल जूलूस का आयोजन किया गया है। यह मशाल जुलूस बस स्टैंड, साइडिंग से प्रारंभ होकर पावरगंज चौक तक जाएगा। यह जानकारी देते हुए मोर्चा के जिलाध्यक्ष वाल्मीकि कुमार ने भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा के वरिष्ठ कनिष्ठ अभिभावकगण, सम्मानित पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सभी मंच मोर्चा के सम्मानित पदाधिकारी गण, कार्यकर्तागण को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### जय श्रीराम समिति के सदस्यों ने तीन यूनिट रक्तदान कर बचाई दो मरीजों की जान

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति ने मानवता का परिचय देते हुए दो जरूरतमंद मरीज को तीन यूनिट ब्लड मुहैया कराया। जानकारी अनुसार कुडु प्रखंड के हनहट उरांव टोली निवासी फुलमनी उरांव पति चारो उरांव एवं सदर अस्पताल इलाजरत मरीज को सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज के क्रम में डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग जय श्रीराम समिति से संपर्क किये, जिसके बाद समिति ने तत्काल पहल करते हुए क्रमशः मन्हो समिति सदस्य लाल गौतम नाथ शाहदेव, जिला सदस्य करण कुमार एवं शुभम कुमार ने उक्त पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा पीड़ितों की सेवा करने से अलग ही आनंद आता है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी नगर महामंत्री सुशील पटनायक समेत आदि लोग मौजूद थे।

### बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी तथा हत्या को शर्मनाक बताते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार हर स्तर पर विफल रही है, राज्य में कानून व्यवस्था समाप्त हो गई है। गुंडे तथा असामाजिक तत्वों का राज्य सरकार पर कब्जा है, आम नागरिक विशेष कर महिलाएं राज्य में सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। ऐसी स्थिति में बंगाल में ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाना हीं राज्य के हित में होगा।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से डॉ रामेश्वर उरांव को विधायक दल के पद से हटाने की मांग

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र लिखकर लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को पार्टी संविधान के खिलाफ काम करने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से हटाने की मांग की है। श्री साहू ने पत्र में कहा कि कुछ दिन पहले आपने लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को झारखण्ड कांग्रेस विधायक दल का नेता मनोनीत किया था लेकिन डॉ रामेश्वर उरांव पार्टी की गरिमा के विपरीत जाकर कांग्रेस संविधान के खिलाफ काम किये हैं। डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि अफसर कुरैशी लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को हराने के लिए लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के लिए काम किया था जिसका प्रमाण भी मौजूद है। उसको अपना मंत्री प्रतिनिधि मनोनीत किये हैं। डॉ रामेश्वर उरांव के इस कृत्य से लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित हैं।

# मात्स्यिकी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दिया गया मोतीपालन का प्रशिक्षण

- एक मोती को तैयार होने में 18 से 24 माह लगता है, जिसकी कीमत गुणवत्ता के आधार पर 300 से 15 हजार रुपए तक होती है



**खबर मंत्र संवाददाता**

गुमला। मात्स्यिकी महाविद्यालय गुमला के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को मीठे पानी में मोतीपालन पर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में उन्हें मीठे जल में मोतीपालन के बारे में विस्तार से जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। मोती एक प्राकृतिक रत्न है जो सीप में पैदा होती है। मोती का निर्माण तब होता है जब कोई बाहरी कण या आकृति जैसे रेत सीप के अन्दर प्रवेश करता हो अथवा ऐसी कोई आकृति जिसपर सीप की लेयर बनाना हो। जिसे सीप में शल्यक्रिया से अंदर प्रवेश कराया जाता है। शल्य क्रिया स्थान के अनुसार तीन तरह से की जाती है। इसमें सतह का केंद्र, सतह की कोशिका और प्रजनन अंगों की सर्जरी शामिल है। सर्जरी के लिए बीड या न्यूक्लियाई उपयोग में आते हैं, जो सीप के खोल या अन्य कैल्शियम युक्त साम्रगी से बनाए जाते हैं। सीप के अन्दर प्रवेश हुए बाहरी कण अथवा आकृति को सीप बाहर नहीं निकाल पाता है। जिसकी वजह से सीप को चुभन होती है और इस कारण इसके मेंटल उत्तक के द्वारा एक लार जैसे लिक्विड का स्राव होता है जो रेत, बजरी एवं आकृति पर जमा होने लगता है। यह स्रावित पदार्थ सूखने के पश्चात चमकदार होता है तथा इसकी कई परतें जमा होकर मोती का स्वरूप लेती है। भारत में मोती पालन की प्रचुर संभावनाएं हैं। मोती का पालन एक ऐसा व्यवसाय है जिसकी शुरुआत के लिए किसी विशेष तकनीक की आवश्यकता नहीं होती है। मीठे जल में मोती पालन के लिए उपयुक्त प्रजातियों में लैमेलीडीन्स मार्जिनेलिस, लैमेलीडीन्स कोरिआनस और पेरेशिया कोरुगाटा है। एक मोती को तैयार होने में 18 से 24 माह लगता है और इसकी कीमत गुणवत्ता के आधार पर 300 से 15 हजार रुपए तक होती है। यह प्रशिक्षण सह-अधिष्ठाता डॉ. ए. के. सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ है। उन्होंने बताया कि किसान छोटे स्तर पर इसे शुरू करने के लिए 1000 सीपीयों का पालन कर सकते हैं। किसान खेती के साथ छोटे-छोटे सीमेंट तालाब बना कर मोतीपालन भी शुरू कर सकते हैं। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों में डॉ. प्रशान्त जना, डॉ. स्टेंजीन गावा, डॉ. रोहिताश यादव, डॉ. गुलशन कुमार, डॉ. तसोक लिया, डॉ. ओम प्रवेश कुमार रवि, डॉ. विसडम, सुश्री विष्णु प्रिया, डॉ. श्वेता कुमारी, डॉ. कस्तूरी चट्टोपाध्याय, एवं डॉ. मनमोहन उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गम्हरिया व सिफड़ी गांव के लोगों ने कहा- रोड नहीं तो वोट नहीं

- इन गांव में नहीं पहुंचा सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ
- सड़क, पानी व बिजली के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण



**शिवम केशरी**

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मालम पंचायत का गांव गम्हरिया एवं सिफड़ी आज भी विकास की बाट जोह रहा है। गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव आदीवासी बहुल गांव है। जहां आज भी बिजली- पानी -सड़क का है घोर अभाव है। इन गांवों के लोग किस युग में जीवन यापन कर रहे हैं देखने के लिए सरकारी नुमाइंदों को फुर्सत नहीं है। गांव तक पंहुच पथ नहीं होने के कारण अधिकारी गांव नहीं जाना चाहते हैं । बताते चलें कि इस गांव में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ, रोजगार, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली दुकान आदि मौलिक सुविधाओं का अभाव है। गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव जाने के लिए सड़क नहीं है।बीच में नदी पड़ती है जहां पुल का निर्माण नहीं हुआ है। इस नदी के कारण चार गांव के लोग गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं।

लोग पगडंडियों के सहारे बाजार,जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय पंचायत, एवं स्कूल कॉलेज आना जाना करते हैं। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में खटिया को एंबुलेंस के रूप में प्रयोग किया जाता है

**पहाड़ी पगडंडियों के सहारे 8 किमी दूर जाते हैं लोग स्वास्थ्य केंद्र :** गम्हरिया गांव में स्वास्थ्य के लिए कोई साधन नहीं है। यहां के लोगों को उप स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए नदी पार कर आठ किलोमीटर दूर चैनपुर आना पड़ता है सड़क नहीं रहने के कारण बीमार व्यक्तियों को खटिया में टांग कर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

**पानी के लिए हाहाकार, एक भी चापानल नहीं :** गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव में पानी के लिए हमेशा हाहाकार मची रहती है। नल जल योजना से दोनों गांव में जलमीनार लगाया गया है। जिसमें सिफड़ी गांव का जलमीनार खराब और बेकार पड़ा है। गांव के लोग कुंए का गंदा पानी पीने को विवश हैं। गर्मियों में कुएं का पानी सूख जाने से स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

**राशन लेने 5 किमी दूर जाते हैं लोग :** गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव के लोगों को राशन लाने के लिए लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं बरसात में नदी भर जाता है तो वो राशन से भी वंचित रह जाते हैं।

**ढिबरी युग में जीने की विवशता, गांव में बिजली नही पहुंची :** पूरे भारत में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत गांव में बिजली पहुंचाई जा रही है। लेकिन जोबला गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंची है। यहां के लोग आज भी ढिबरी युग में जी रहे है।

**खुले में शौच करते ग्रामीण :** स्वच्छता विभाग की ओर से हर गांव में शौचालय बनाया जा रहा है। लेकिन सिमरा जरा गांव में किसी के घर में शौचालय नहीं बना है। लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।

### सरकारी योजनाओं से वंचित हैं इन गांवों के लोग

गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव के लोगों की मानें तो सरकारी लाभ के नाम पर बस उन्हें राशन ही मिल पाता है। बाकि अन्य योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। जबकि सरकार के द्वारा गरीबों के लिए अनेक प्रकार की लाभकारी योजना चला रही है। ग्रामीणों ने अपने गांव की समस्याओं को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बोनीफास कुजूर के सामने रखा जिसके बाद आजसू नेता गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव का दौरा कर वहां के लोगों से समस्याओं की जानकारी ली और कहा कि यहां के लोगों हर्षवर्धन मुखिया कॉलोनी में मदद किया जाएगा।

# आपसी विवाद में पति ने कुदाल से मार कर की पत्नी की हत्या, फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भंडरा। थाना क्षेत्र के भंडरा मलार टोली में बीती रात एक पति ने अपनी ही विवाहिता पत्नी के ऊपर कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद पति फरार हो गया। सूचना पर पहुंची भंडरा थाना पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा बनाकर मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मलार टोली निवासी बेनामी मलार अपनी पत्नी 35 वर्षीय राखी मलार के साथ सोमवार को सावन पूर्णिमा के अवसर पर अखिलेश्वर धाम में पूजा अर्चना कर घर लौटा और शाम को शराब पीकर घर लौटा रात करीब 10.30 बजे किसी बात को लेकर झगड़ रहा था, तभी बाद विवाद इतना बढ़ गया कि पति बेनामी मलार ने घर में रखी कुदाल से पत्नी राखी मलार के गले पर हमला कर दिया। कुदाल के हमले से राखी खून से लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ी। राखी की हालत देखकर आरोपी पति बेनामी मौके से भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद एक घंटे तक राखी घायल अवस्था में पड़ी रही। घर में अन्य सदस्य नहीं होने के कारण उसकी मौत हो गई। राखी का छोटा बेटा सत्यम मलार पास ही अपने मामा के घर से सुबह घर पहुंचा तो वह अपनी मां को मृत पाया। जिसके बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। वहीं ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। मृतक राखी के दो पुत्र है दोनों पास ही अपने मामा के घर मे रहते हैं।

## आंदोलनरत वनरक्षकों ने विधायक रामचंद्र सिंह को सौंपा ज्ञापन

# 2014 की वनरक्षी नियुक्ति नियमावली को बहाल करने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक को ज्ञापन सौंपते वनरक्षी।

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य अवर सेवा संघ के पलामू प्रमंडल के आंदोलनकारी वनरक्षियों ने राज्य सरकार द्वारा हाल ही में किए गए वनरक्षी नियुक्ति नियमावली में संशोधन का विरोध तेज कर दिया है। मंगलवार को इन आंदोलनकारियों ने मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से 2014 की वनरक्षी नियुक्ति नियमावली को बहाल करने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने 7 अगस्त को एक कैबिनेट बैठक में वनरक्षी नियुक्ति नियमावली 2014 में बदलाव करते हुए झारखंड राज्य अवर वन सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी दी थी। इस नए संशोधन के अनुसार वनपाल पद पर नियुक्ति के लिए अब 50 प्रतिशत सीधी भर्ती का प्रावधान किया गया है, जबकि पूर्व में यह पद सौ प्रतिशत प्रमोशन के माध्यम से भरा जाता था। साथ ही इस संशोधन में वनरक्षकों के 1315 पदों को प्रधान वनरक्षी पद के लिए सृजित किया गया है। संशोधन के बाद राज्यभर में वनरक्षियों में असंतोष फैल गया है, और वे पांच दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह नया संशोधन उनकी सेवा शर्तों के विपरीत है, और इससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि राज्य सरकार 2014 की वनरक्षी नियुक्ति नियमावली को पुनः लागू करे। इसके अतिरिक्त उन्होंने वनरक्षी एवं वनपाल के लिए एक करोड़ रुपये का जीवन बीमा, सभी वनरक्षियों को 24 ग्रेड पे का लाभ, राशन भत्ता, वर्दी भत्ता, 13 महीने का वेतन, और फिक्स टीए जैसी अन्य मांगें भी रखी हैं। इधर विधायक रामचंद्र सिंह ने आंदोलनकारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को राज्य सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए वनरक्षियों की जायज मांगों पर विचार करना चाहिए, ताकि इस वर्ग के कर्मचारी अपनी सेवाएं सुचारू रूप से दे सकें।

उधर हड़ताल के चलते राज्य में वन सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों पर भारी असर पड़ रहा है। अब देखना यह है कि सरकार वनरक्षियों की मांगों पर कब तक विचार करती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पंकज कुमार पाठक, अमृत कुमार, संतोष सिंह, रजनीश सिंह, अखलेश सिंह, निर्भय कुमार, अरुण कुमार, रोहित कुमार, जितेंद्र कच्छप , अजीत पोल एक्का और गोरीशंकर समेत दर्जनों वनरक्षी शामिल थे।

## झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने रक्सी में किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



उद्घाटन करते जिला उपाध्यक्ष व अन्य।

➲ युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें तो लहरायेंगे सफलता का परचमः सितमोहन मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सरना खेल मैदान में मुस्कान क्लब रक्सी के द्वारा आयोजित खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, कुशेश्वर यादव, डब्लू प्रजापति व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हौसला अफजाई किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सितमोहन मुंडा ने कहा कि मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिए खेल बेहद जरूरी है। वर्तमान समय मे खेल के क्षेत्र में भविष्य संवारने के अपार संभावनाएं है, जरूरत है युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा दे। उद्घाटन के उपरांत पहला मुकाबला छोटू क्लब नगर बनाम यंग क्लब पुरनीराय के बीच चला, जिसमें मैदानी जंग में पुरनीराय ने एक गोल से विजय पाप्त कर दूसरे चक्र में अपना स्थान बनाया। वहीं दूसरा मैच जूनियर स्पोटिंग क्लब गुंटर बनाम नदी नगड़ी चितरपुर बीच खेला गया। मौके पर उप मुखिया पति मणिलाल यादव, शंकर उरांव, संतोष प्रजापति, रंजीत गिरी, अध्यक्ष योगेश प्रजापति, सचिव गोविंद प्रजापति, रोहित उरांव, गोपाल प्रजापति, रोहित उरांव समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनायी राजीव गांधी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने पार्टी कार्यालय में मंगलवार को राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस रूप में मनाया। प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी 1984 से 1989 तक भारत के प्रधानमंत्री थे, वे देश को आधुनिक बनाने और सामाजिक न्याय संबंधी चिंताओं से निपटने के अपने प्रयासों के लिए प्रसिद्ध रहे हैं, उनके प्रयास से ही शांति, शिक्षा और प्रौद्योगिकी में सुधार की पहल को लागू किया गया, राजीव गांधी ने कई बाधाओं को पार किया, लेकिन सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए उनके समर्पण का लंबे समय तक प्रभाव रहा, उनकी दृष्टि का सम्मान करने और लोगों को उनके मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करने के लिए सद्भावना दिवस मनाई जाती है। उन्होंने देश के विकास में बहुत योगदान दिया था, 1986 में भारत भर में उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए शिक्षा पर एक राष्ट्रीय नीति की घोषणा की, उन्होंने 1986 में समाज के ग्रामीण वर्ग के उत्थान के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रणाली नामक एक केंद्र सरकार आधारित संस्था की स्थापना की, जो उन्हें 6 वीं से 12 वीं कक्षा तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करती है, उनके प्रयासों के कारण 1986 में ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन के प्रसार के लिए सार्वजनिक कॉल कार्यालय भी बनाए गए। सद्भावना दिवस का लक्ष्य एकीकरण और राष्ट्रीय सामंजस्य की मजबूत भावना को बढ़ावा देना है, राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे, इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वे 40 वर्ष की आयु में प्रधानमंत्री बने थे।

उन्होंने मतदान की आयु 18 वर्ष निर्धारित की तथा पंचायती राज को भी इसमें शामिल किया, उन्होंने युवा शक्ति को बहुत प्रोत्साहित किया तथा कहा कि देश का विकास देश के युवाओं की जागरूकता पर ही निर्भर करता है। मौके पर वरिष्ठ नेता रामयश पाठक, निर्मल कुमार भारती, संजय दुबे, मोफील खान, सद्दाम खान, हाफिज शेर मोहम्मद, श्रीराम शर्मा, छोटू, गिदियोंन खाखा, करनालुस एक्का, बालजी उरांव, कैलाश बैठा, दामोदर उपाध्याय, छटन राम, सागर प्रजापति, मोहम्मद रसीद, हसनैन खान, अरुण भारती, बाबर खान, साजिद खान, बजरंगी सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।

## मनिका प्रखंड में स्वर्गीय राजीव गांधी की मनायी गयी 80वां जयंती



कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के लैंपस के समीप स्थित कांग्रेस कार्यालय में दिन मंगलवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह की अध्यक्षता में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी का 80 वां जयंती मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसी कार्यकताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान और प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके जनहित के कार्यों के विषय में कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दिया। मौके पर प्रखंड महासचिव गुड्डू सिंह, विशाल पासवान, रिंकू कुमार, प्रखंड महासचिव अजय कुमार यादव, अवध बिहारी प्रसाद,जुम्मन अंसारी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल सवार ने हाईवा को पीछे से मारा टक्कर पति-पत्नी घायल

**बालूमाथ।** रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर माधव ढाबा के समीप मंगलवार को आगे जा रही हाइवा को मोटरसाइकिल सवार दंपति ने पीछे से जाकर टक्कर मार दिया जिसमें मनोज गंझु 26 वर्ष पिता रामेश्वर गंझु एवं उसकी पत्नी रविता देवी 22 वर्ष दोनों ग्राम बिरबीर थाना बरियातू घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां आयुष चिकित्सक डॉक्टर निरंजन कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। मिली जानकारी के अनुसार दंपत्ति मोटरसाइकिल में सवार होकर चंदवा थाना के लुकुइया से अपने घर वीरबीर आ रहा था। इसी बीच आगे जा रही है हाइवा ने एकाएक ब्रेक लगा दिया। जिससे वह हाइवा से जा टकराया।वही इस घटना में मनोज गंझु का छः मांह का पुत्र को खरोच तक नहीं लगी।

## एक नजर में

### पलामू जिलाध्यक्ष को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बनने पर किया गया स्वागत



प्रदेश प्रवक्ता बनने पर समाज के लोग स्वागत करते हुए।

**लातेहार।** अंबाकोठी स्थित दीपक विश्वकर्मा के आवासीय कार्यालय मे मंगलवार को विश्वकर्मा समाज की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि समाज के पलामू जिलाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर समाज के लोगो ने भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा की आने वाले भविष्य मे लातेहार मे भी पहचान बनाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा की आज से लातेहार मे भी समाज का आगाज हुआ है। यहां भी समाज के संगठन का विस्तार किया जाएगा। नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। मौके पर उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए।उक्त अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा रविंद्र प्रसाद, दीपक विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, अविनाश विश्वकर्मा समेत समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

### पीडीजे ने खान निरीक्षक को उपस्थित कराने का दिया आदेश

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत ने अग्रिम जमानत की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सूचक खान निरीक्षक पदम लोचन ओहदार को अगली तिथि को अदालत में उपस्थित कराने का निर्देश प्रभारी लोक अभियोजक ए के दास को दिया है। जानकारी के अनुसार मनिका थाना क्षेत्र के कोपे एवं जगतु ग्राम में एक सरकारी योजना का निर्माण हेतु भंडारण किए गए बालू के दर्ज मामले पर अग्रिम याचिका की सुनवाई श्री सिंह की अदालत द्वारा किया जा रहा था। मालूम हो बंदुआ ग्राम निवासी दरोगी यादव एवं जगतु ग्राम निवासी अरुण कुमार सिंह के द्वारा अग्रिम जमानत याचिका 210/ 2024 अधिवक्ता सुनील कुमार के द्वारा दायर कराया गया है। मंगलवार को बहस के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता श्री कुमार ने कहा कि एनजीटी के रोक के पहले सरकारी कार्य हेतु भंडारण किए गए बालू पर भी मामला दर्ज कर दिया गया है। बहस के दौरान श्री सिंह की अदालत ने खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार को अगली तिथि में उपस्थित कराने का निर्देश जारी किया है।

### स्कूटी व बाइक की टक्कर एक की हालत गंभीर

**महुआडांड़।** डालटेनगंज मुख्य मार्ग पर बासकरचा मोड़ के समीप बाईक और स्कुटी वाहन में टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार पंकज सिंह ग्राम बारेसाढ़ को काफी चोट आई है। वहीं सोनू सिंह,विवेक उरांव को हल्की चोट आई है।सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज हेतू सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडांड़ लाया गया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।जिसके बाद पंकज सिंह के गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज हेतू रेफर कर दिया गया है।

### पंडित रामकृष्ण मिश्रा की पत्नी का निधन, शोक

**चंदवा।** जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ चंदवा के अध्यक्ष व पुरोहित पंडित रामकृष्ण मिश्र की धर्मपत्नी चंपा देवी (71 वर्ष) का निधन सोमवार देर शाम को हो गया, उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को देवनद नदी तट पर पंडित जितेंद्र पाठक के वैदिक मंत्रोचार के बीच संपन्न हुआ। पंडित रामकृष्ण मिश्र ने अपनी धर्मपत्नी को मुखाग्नि दी। स्व चम्पा देवी एक धर्मपरायण महिला थीं अपने मृदुभाषी स्वाभाव के कारण महिलाओं में काफी लोकप्रिय थीं पर्व त्योहार के अवसर पर काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती थीं। उनके निधन का समाचार जैसे ही लोगों तक पहुंची शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया। मंगलवार को उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया समाज के सभी वर्गों के लोग अंतिम यात्रा में पहुंचे थे।

## फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ



फुटबॉल टूनार्मेंट पर मौजूद लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** रक्षाबंधन के अवसर पर प्रखंड के पंचायत डुमारो में सरना स्पिटिंग क्लब डुमारो द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस के लातेहार विधान सभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी ललसु राम, जिलाधध्यक्ष पप्पू यादव, कलेन्द्र यादव ने संयुक्त रूप से संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर खिलाड़ियों एवं मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ललसु राम ने कहा कि प्रतियोगिता युवाओं के प्रतिभा को निखारने में अहम कड़ी होती है साथ ही साथ शारीरिक व मानसिक भी भलीभांति होता है। गांव के युवाओं की प्रतिभा को भी मंच मिले इसलिए समय समय पर ऐसे आयोजन होते रहना चाहिये। उद्घाटन के उपरांत पहला मुकाबला नाईट ब्रदर्स होटोहोटो बनाम कुसमाही के बीच खेला गया, जिसमे होटो होटो की टीम विजयी रही। मौके पर आयोजन समिति के संरक्षक केश्वर सिंह, अध्यक्ष सुनील उरांव, अंकित मुंडा, सचिव सीताराम सिंह, कोषाध्यक्ष चक्कू राम समस्य जगनंदन सिंह, संजय मुंडा, मुकेश, सचिन प्रजापति, विकास समेत सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## झारोटेफ मनिका प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन नीरज बने अध्यक्ष गोविंद बने सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मंगलवार को राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय मनिका में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह एवं मिडिया प्रभारी संदीप पासवान की उपस्थिति में झारोटेफ मनिका का पुनर्गठन एवम् प्रखंड स्तरीय कर्मचारी चेतन जागरण का आयोजन किया गया। सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा की गई

**प्रखंड कमेटी इस प्रकार है**

प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार, प्रखंड सचिव गोविंद पासवान, उपाध्यक्ष अनु कुमार रवि और राजेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास चंद्र, संयुक्त सचिव सुरेंद्र कुमार गुप्ता एवं उपेंद्र प्रजापति को सर्व सम्मति से चुना गया निर्वाचित सदस्यों को जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव एवं जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित की गई। बैठक के दूसरे सत्र में पेंशन चेतना जागरण कार्यक्रम के तहत झारोटेफ के 11 सूत्री मांग पर चर्चा की गई साथ ही आगामी 1 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित होने वाली पेंशन सुरक्षा महारैली के सफलता को लेकर चर्चा की गई आगामी 1 सितंबर पेंशन दिवस को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की लिए आहवाहन किया गया। इस बैठक में विजय लाल दीपक कुमार सत्यानंद मेहता अवध बिहारी पांडे संजय यादव राजेश्वर सिंह नीलू कुमारी तपनारायण राम अखिलेश पांडे संतोष त्रिपाठी उदय कुमार महतो संतोष कुमार शर्मा मृगेंद्र नारायण सिंह इकबाल अंसारी सतीश कुमार चौबे शंकर सिंह रवि भूषण मनोज दास निरंजन उरांव गंगा प्रसाद सहित सैकड़ो कर्मचारी शामिल थे।



कमेटी की गठन के मौके पर मौजूद लोग।

## सामाजिक समानता और न्याय की रक्षा हेतु एसी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण और उप वर्गीकरण के विरोध में मशाल जुलूस निकाला

खबर मन्त्र संवाददाता



मशाल जुलूस में शामिल लोग।

**महुआडांड।** महुआडांड़ के शहीद चौक से लेकर शास्त्री चौक तक आदिवासी मूलवासी एससी,एसटी समूह महुआडांड़ के बैनर तल मशाल जुलुस निकाला गया। जहां मशाल जुलूस जाति आधारित जनगणना जल्द कराओ,एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण मंजूर नहीं, संविधान से छेड़छाड़ बंद करो, अन्याय अब नहीं सहेंगे, एससी एसटी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस संबंध सामाजिक कार्यकर्ता जेरोम जेराल्ड कुजूर ने कहा कि सामाजिक शोषण, अन्याय, भेदभाव और तिरस्कार को देखते हुये सामाजिक समानता और प्रतिनिधित्व के लिये आरक्षण व्यवस्था लागू की गई थी। जब तक देश मे जातिवाद है, तब तक आरक्षण हमारा संविधान हक है। चूंकि अभी भी वही कुरीतियां और समस्याएं व्याप्त हैं और हजारों सालों का तिरस्कृत समाज पूर्ण रूप से सामाजिक बराबरी में नहीं आ पाया है। इसलिये विगत दिनों (1अगस्त 2024) सुप्रीम कोर्ट के 7 माननीय जजों के खंडपीठ द्वारा एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण/उप वर्गीकरण कर ओबीसी वर्ग की तरह आर्थिक मापदंड द्वारा क्रीमी लेयर श्रेणी की बात रखी गई है जोकि तत्कालीन समय अनुसार न्यायसंगत नहीं है। इसलिये उनके निर्गत दस्तावेज व टिप्पणीयों और वर्गीकरण/उप वर्गीकरण के विरोध में मशाल जुलुस द्वारा हम सभी विरोध दर्ज कराना चाहते हैं।

केंद्र सरकार और राज्य सरकार एससी/एसटी आरक्षण में वर्गीकरण/उप वर्गीकरण के फॉमूर्ले की आदेश-सलाह को जल्द निष्क्रिय करें और समान-शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य की व्यवस्था पर जोर करे। वही सभी ने भारत बंद का आह्वान किया। मौक पर अभय मिंज, कुलदीप मिंज, विक्रम, मोती, सुशील, अनिल मनोहर, एलेजियूस सहित कई अन्य कार्यकर्ताओ के साथ महिला-पुरुष व युवा वर्ग जुलुस मे शामिल हुए।

## सोलर ऊर्जा की रोशनी से जगमग होगा चकला पंचायत का सुदूरवर्ती तिलैयादामर गांव

◻ मुखिया ने ज्रेडा की पहल पर प्रीति इंजीनियरिंग कंपनी द्वारा जगाये गये सोलर मिनी ग्रिड का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते मुखिया व अन्य।

**चंदवा।** लंबे से समय से बिजली की राह देख रही प्रखंड अंतर्गत चकला पंचायत के सुदूरवर्ती तिलैयादामर गांव गांव को मंगलवार को बड़ी सौगात मिली है। अब तिलैयादामर गांव सोलर ऊर्जा की रोशनी से जगमग होगा। ऊर्जा विभाग झारखंड सरकार के शत प्रतिशत अनुदानित योजना अंतर्गत ज्रेडा के पहल पर प्रीति इंजीनियरिंग कंपनी द्वारा 50 किलोवाट सोलर मिनी ग्रीड का सौगात गांव को दिया गया है, जिसका शुभारंभ मंगलवार को पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न घरों में स्वीच दबाकर बिजली सेवा बहाल की। दशकों लंबे इन्तेजार के बाद गांव में बिजली की रौशनी पहुंचने के बाद ग्रामीणों के चेहरे में मुस्कान देखी गयी। इस मौके पर मुखिया रंजीता एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गाँव को मिली यह सौगात ग्रामीणों के जीवन मे सार्थक बदलाव लाएगी, अब ग्रामीणों को रात अंधेरे में नही बल्कि सोलर की गजगम रोशनी में गुजरेगी। इस मौके पर शाहरुख खान, अक्षय यादव, झमेंदर यादव, सुदेश गंझू, सुजीत गंझू, गोबिंद गंझू, मालेसर गंझू, संजय गंझू, दिलीप गंझू, केवल गंझू, लक्ष्मी देवी, अमित गंझू,धनेशर गंझू, प्रीति इंजीनियरिंग के कर्मी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जूनियर चिकित्सक की हत्या पर सोशल वर्कर संस्था ने निकाला कैंडल मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कैंडल मार्च में शामिल लोग।

**गढ़वा।** कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ सोशल वर्कर संस्था के बैनर तले कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च शहर के रंका मोड़ से शुरू हुआ, जो शहर के मझिआंव मोड़ तक गया। कैंडल मार्च के दौरान लोग पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारा लगा रहे थे।

मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि देश मे इस प्रकार की घटना काफी निंदनीय है। आज हमारे गढ़वा से अनेको बच्चियां बाहर जाकर उच्च शिक्षा हासिल कर रही हैं। यदि यदि इस तरह की घटना पर रोक नहीं लगाई गई तो बच्चियां कैसे शिक्षा प्राप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत देश के लोग बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा लगाते हैं। लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं रहता है। देश के कई जगहों पर इस तरह की घटना घटती हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता की घटना दिल दहलाने वाली है। इस घटना से लोगों अंदर भय का माहौल बना हुआ है। संजय राय जैसे लोगो की वजह से बेटिया आज अपने देश, अपने राज्य व शहर मे सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा जल्द से जल्द दोषी को फांसी की सजा दी जाए। ताकि हमारे देश मे कोई दूसरा संजय राय जैसे लोग जन्म न ले।

**मौके पर उपस्थित लोग**

मौके पर डॉ पतंजलि, मनीष गुप्ता, सुप्रीत केशरी, सूरज सिंह, दौलत सोनी, लखन कश्यप, सूरज गुप्ता, शुभम केशरी, राजेश गुप्ता, वेद प्रकाश, शिवम केशरी, उत्तम केशरी, सोनू यादव, रोबिन कश्यप, लकी, चन्दन जायसवाल, मंटू गुप्ता, अंजना जायसवाल, अनिता दत्त, पिंकी केशरी, अंशु कांश्यकार आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मुख्यमंत्री ने वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का किया निरीक्षण



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को वैशाली जिला के वैशालीगढ़ स्थित निमार्णाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पूरे परिसर के विकास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्तूप के भू-तल एवं प्रथम तल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने पुस्तकालय एवं ध्यान कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है। भगवान बुद्ध के जितने भी अस्थि कलश मिले हैं, उसमें वैशाली में मिला अस्थि कलश सबसे प्रामाणिक है। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-बुद्ध स्मृति स्तूप के बन जाने के बाद यहां बौद्ध भिक्षु के साथ-साथ बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक भी आएंगे। बोधगया और राजगीर आनेवाले श्रद्धालु भी यहां आएंगे। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय में महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित घटनाओं और बौद्ध धर्म से जुड़े प्रसंगों को यहां दशार्या जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले वैशालीगढ़ की क्या स्थिति थी और बाद में हमने इसको विकसित करने को लेकर जो योजना बनाई, उसके तहत जो कार्य किए गए हैं उसकी भी विवरणी को भी यहां दशाएं। इससे लोग जान सकेंगे कि इस ऐतिहासिक धरोहर को विकसित करने के लिए कितने कार्य किए गए हैं।

### पीके का तेजस्वी पर तंज, बाबू जी की राजनीति की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को दे रहे गाली



**पटना।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तेजस्वी पर सोमवार को पटना में कार्यकताओं के साथ बैठक के दौरान तंज कसते हुए कहा कि बाबू जी की राजनीति की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को गाली दे रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने ही पत्र लिख कर अपने कार्यकताओं और नेताओं से कहा कि आप जन सुराज में शामिल न हों। तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए बयान का मतलब यह है कि वे खुद अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं पर सवाल उठा रहे हैं। यदि वे कह रहे हैं कि राजद के लोग पैसा लेकर जन सुराज में जा रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि वे खुद अपनी पार्टी के सदस्यों की नीयत पर शक कर रहे हैं। पीके ने कहा कि ये तो तेजस्वी की राजनीतिक नादानी दिखाता है कि वो अपने ही कार्यकताओं को बिका हुआ बता रहे हैं। यह साफ जाहिर होता है कि केवल पिता जी की राजनीतिक विरासत मिल जाने से कोई बिहार का राजनेता नहीं बन जाता है। लालटेन से किरासन तेल निकलने के डर से तेजस्वी बौखलाए हुए हैं।

### एसएसबी ने तमसा नदी के पानी में फंसे दस श्रद्धालुओं की रेस्क्यू करके जान बचायी



**पश्चिम चंपारण(बगहा)।** सशस्त्र सीमा बल सीमा सुरक्षा सहित सामाजिक सुरक्षा और मानव सुरक्षा को ले भी तत्पर रहता है। इसी क्रम में सोमवार की शाम अंतिम सोमवारी और रक्षाबंधन के अवसर वाल्मीकि आश्रम दर्शन कर लौटते समय तमसा नदी में अचानक से आए पानी का तेज बहाव में फंसे दस श्रद्धालू का सफल रेस्क्यू सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों और जवानों ने किया। 10 श्रद्धालु जो भारत से वाल्मीकि आश्रम (नेपाल) दर्शन करने गये थे।दर्शन करने के उपरांत जब श्रद्धालु वापस आ रहे थे, तो अचानक तमसा नदी में तेज बहाव के साथ पानी का स्तर में वृद्धि हो गई, जिससे सभी श्रद्धालु नदी में फंस गए। सूचना पर एसएसबी 21 वी वाहिनी एफ-समवाए के समवाय प्रभारी को सूचना प्राप्त होते ही तत्परता दिखाते हुए अपने बलकर्मियों के साथ नदी के पास पहुंच अदम्य साहस, धैर्य, कुशलता का परिचय देते हुए मानव श्रृंखला बनाकर उपलब्ध संसाधन का प्रयोग करते हुए सभी 10 श्रद्धालू को, जिसमे आठ पुरूष और दो महिला को सकुशल तमसा नदी से बाहर निकाल लिया गया। इसके उपरांत सभी श्रद्धालु अपने-अपने गंतव्य को प्रस्थान कर गए। सभी श्रद्धालुओं ने 21वीं वाहिनी एफ समवाय स. सी. ब. के कार्मिकों को धन्यवाद दिया। 21 वीं वाहिनी एसएसबी की एक समवाय यहां भारत नेपाल सीमा पर वाल्मीकि आश्रम के नजदीक तैनात रहती है एवं हर पल सहायता हेतु तत्पर रहती है।

### पूर्व पीएम स्व. राजीव गाँधी की जयंती मनायी गयी



**भागलपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की जयंती मंगलवार को भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा के निवास स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय में समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक ने उनके तैल चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर किया तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने भी स्व० गाँधी के तैल चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी अपनी श्रद्धा निर्वेदित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। मौके पर विधायक ने उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्व० राजीव गाँधी भारत में संचार क्रांति के जनक हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में कंप्यूटर क्रांति लाई, जिसकी बदौलत पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन हुआ। स्व० गाँधी ने अपने कार्यकाल में 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार देकर देश में सरकार चयन में उनकी भूमिका सुनिश्चित किया। संविधान में संशोधन कर उन्होंने पंचायती राज और शहरी निकायों को अधिकार संपन्न किया। देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए यह देश उन्हें सदा याद करता रहेगा एवं आने वाली पीढ़ी को भी सदा प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रतिनिधि डॉ अभय आनन्द, नगर अध्यक्ष सोईन अंसारी, इंटक जिला अध्यक्ष ई. रवि कुमार, डॉ जय शंकर ठाकुर, रवीन्द्रनाथ यादव, नगर कांग्रेस (मध) अध्यक्ष सौरभ पारिक, रवि हरि, सिद्धार्थ शर्मा, डॉ प्रदीप सिंह, मंचुन यादव, सैफुल्लाह अंसारी, महिंद्रा मंडल, अजमल अशरफी, मो सादिक, मो प्रवेज अख्तर, मनतशा इत्यादि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चुनाव प्रचार शुरू


संबोधित करते नेता।

**रमना।** 2024 विधानसभा चुनावी घोषणा की तिथि अभी चुनाव आयुक्त द्वारा नहीं किया गया है, लेकिन इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अभी से ही कमर कस लिया है। 81 भवनाथपुर विधानसभा की जनता को एक नये अंदाज में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। इस नुक्कड़ नाटक का आयोजन सभी ग्राम में किया जा रहा है। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को इस क्षेत्र की मूल समस्याओं को कारण समाधान के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें पलायन, नोट के बदले वोट, अशिक्षा और इस क्षेत्र के विधायक के द्वारा क्षेत्र की जनता से वादा कर वादा पूरा नहीं करना जैसे अनेक जन समस्या को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग 02 के पास ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के बिच नोट के बदले वोट नहीं देने की अपील की और साथ ही बसपा नेता सह समाजसेवी पंकज कुमार चैबे के पक्ष में वोट करने की अपील की गई।

### इलाज के दौरान महिला की मौत

**डंडई।** प्रखंड निवासी पीयूष पटेल की पत्नी रंजू देवी उम्र 32 वर्ष की मौत इलाज के दौरान हो गई। जानकारी के अनुसार रंजू देवी को बीते कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। मेराल में इलाज के दौरान चिकित्सक ने बताया कि रंजू को डेंगू हो गया है। जिससे उनका प्लेटलेट्स डाउन हो रहा है। जिसके बाद रंजू को इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रंजू अपने पीछे पुत्री जोया 11 वर्ष, पुत्र रोहित 08 वर्ष को छोड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ऊर्फ छोटे राजा ने परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। रंजू का अंतिम संस्कार दानरो नदी में किया गया।

### नालंदा में महिला की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ।** जिले में कराय-परसुराय थाना क्षेत्र के चन्द्रकुरा बहियार में सोमवार की रात्रि एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान मखदुमपुर गांव निवासी शिव कुमार यादव की पत्नी बबीता कुमारी बतायी जाती है। घटना रात्री नौ बजे की है। घटना की सूचना कराय-परसुराय थानाध्यक्ष को दी गई। जिसमें बताया गया कि हिलसा-दनियावां पटना रोड से सटे चन्द्रकुरा बहियार के समीप एक महिला को गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। सूचना मिलते ही करायपरसुराय थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम, जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हिलसा और अंचल निरीक्षक हिलसा भी शामिल थे, तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे जहां घटनास्थल पर बबीता देवी का शव बेहद गंभीर हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि मृतका के बाएं कनपट्टी पर और छाती पेट पर गहरे जख्म निशान थे जिससे प्रतित होता है कि महिला को गोली मारी गई है।।पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने में जुट गई है। मृतका के पति शिव कुमार यादव द्वारा दिए गए बयान के आधार पर करायपरसुराय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## गढ़वा में 23 करोड़ रुपए की लागत से होगा पांच सड़कों का निर्माण

# झारखंड में है जनसरोकार की सरकार, पूरे राज्य में हो रहा है विकास : मंत्री मिथिलेश

▸▸ **मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में लगभग 23 करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें गढ़वा में दो, मेराल में दो तथा रमकंडा प्रखंड में एक सड़क का निर्माण शामिल है। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ प्रतापपुर ईदगाह से आरईओ रोड जाला तक पांच करोड़ 42 लाख 55 हजार 600 रुपए की लागत से 5.75 किमी, एनएच 343 से सोह तक एक करोड़ 80 लाख 85 हजार 700 रुपए की लागत से 1.53 किमी, मेराल प्रखंड में गढ़वा चिनियां मुख्य पथ (पेशका ऑफिस) से बगेशर स्कूल तक सात करोड़ 13 लाख छह हजार 900 रुपए की लागत से 7.7 किमी, लोवादाग पीएमजीएसवाई रोड से मदरसा टोला होते हुए अधौरा स्कूल तक तीन करोड़ 31 लाख 45 हजार 200 रुपए की लागत से 2.6 किमी तथा रमकंडा प्रखंड में चेटे मुख्य पथ द्वारिका साव के घर से चतरीटांड़ होते हुए गम्हरिया स्कूल तक चार करोड़ 94 लाख छह हजार 700 रुपए की लागत से 4.05 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनहित में इन सड़कों का निर्माण अतिआवश्यक है। इनकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। लोगों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इन सड़कों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोग इन सड़कों के निर्माण की हमेशा मांग करते थे। ग्रामीणों की मांग अब पूरी हो गई है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनसरोकार की सरकार है। जनता की हर समस्या दूर करना सरकार का कर्तव्य है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में हर क्षेत्र में चैतरफा विकास हो रहा है। सभी तबके के लोगों, महिलाओं आदि सभी को पूरा मान, सम्मान एवं उनका अधिकार दिया जा रहा है। आज सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से राज्य की आधी आबादी लाभान्वित हो रही है। सभी बेटी, बहनों के खाते में पैसा आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में आज हर ओर विकास का डंका बज रहा है।


मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

## भागलपुर : गंगा नदी का रिंग बांध ध्वस्त



**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को गंगा नदी का रिंग बांध अचानक ध्वस्त हो गया, जिससे नदी के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि गंगा नदी में आने वाले बाढ़ से गोपालपुर क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को बचाने के लिये बनाये गये रिंग बांध के स्पर संख्या आठ के पास मंगलवार की सुबह गंगा में आई बाढ़ के पानी के दबाब की वजह से करीब 80 फीट बांध का हिस्सा कट कर गंगा में समा गया है।रिंग बांध के कटने से बुद्धचक सैदपुर, लतरा गांव सहित गंगा के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल जाने के कारण लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। वहीं बांध पर रहने वाले लोगों को भी अन्यत्र भेजने का काम आरंभ कर दिया गया है। ताकि किसी तरह का अप्रिय वारदात नहीं हो सके।

## एफआईआर के 19 दिन बाद भी नहीं मिला लड़की का सुराग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के भुड़वा गांव निवासी एक छात्रा के जयनगरा मिडिल स्कूल जाने के दौरान गायब होने के 22 दिन बाद भी कोई अता पता नहीं है। कांडी थाना पुलिस को भी एफआईआर के 19 दिन बाद भी छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि पुलिस ने उस नाबालिग के अपहरण व पोक्सो एक्ट के मामले में जयनगरा गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर 3 अगस्त 2024 शुक्रवार को ही जेल भेज दिया है। इस मामले में छात्रा के पिता ने 2 अगस्त को अपनी पुत्री सुमन कुमारी (बदला हुआ नाम) के अपहरण करने व प्यार के जाल में फंसाने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया था। उक्त लड़की मध्य विद्यालय जयनगरा के वर्ग आठ में पढ़ती है। वह मंगलवार को पौने नौ बजे स्कूल ड्रेस में घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। उसके हाथ में एक दो किताब कॉपी भी थी। जिसे उसने गांव के ही बांस की बंसवारी में फेंक कर पैदल ही दक्षिण की ओर चली गयी थी। काफी खोजबीन के बाद भी अभी तक उसका कोई अता पता नहीं चल सका है। लड़की के पिता ने थाना में आवेदन देकर जयनगरा गांव निवासी सुभाष पासवान के पुत्र धीरज कुमार पासवान 19 वर्ष के खिलाफ अपनी लड़की का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर थाना ले गयी। पूछताछ करने व मोबाईल की जांच करने पर लड़की के साथ उस लड़के की जान पहचान व प्रेम संबंध होने का साक्ष्य मिला था। उसके बाद पुलिस ने उक्त लड़का को 3 अगस्त को जेल भेज दिया था। लेकिन अभी तक उक्त लड़की का कोई पता नहीं चल सका। लड़का व लड़की के बीच में प्रेम है इसका भंडाफोड़ सोमवार 29 जुलाई 2024 को स्कूल में ही हुआ था। जब उक्त लड़की वर्ग पांच में पढ़ने वाले एक लड़के को जो उक्त लड़का का पड़ोसी है को एक चिठ्ठी दे रही थी। जिसे स्कूल के शिक्षक देख लिए और उस चिठ्ठी को उस लड़का से छीनकर जब्त कर लिए। उसके बाद लड़की के पिता को स्कूल में बुलाकर मामले की जानकारी दी गयी थी। इस विषय में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार खोजबीन में जुटी है। लेकिन अभी तक पता नहीं चला है। मामले से जुड़े दो व्यक्तियों-लड़की व एक अन्य के मोबाइल का कॉल डीटेल रिपोर्ट (सीडीआर) निकालने के लिए भी टेक्निकल सेल में भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद परिणाम सामने होगा।



कांडी थाना।

## पलामू में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थगित

# कल आएंगे सीएम हेमंत : मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का 21 अगस्त को पलामू में आयोजित कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अब 22 अगस्त को अपने निर्धारित कार्यक्रम झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शुभारंभ करने पलामू आएंगे। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद के समर्थन में मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

जानकारी देते हुए झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का ऐलान किया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को एससी, एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर बनाने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कहा कि जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है उन्हें आरक्षण में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस फैसले को वापस लेने की मांग पर भारत बंद का आह्वान किया गया है। मंत्री ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं झारखंड सरकार भारत बंद का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में केंद्र सरकार को अध्यादेश लाकर आरक्षित वर्ग के हित में उचित निर्णय लेना चाहिए।

## सम्मान समारोह सह कार्यसमिति की बैठक आयोजित


सम्मानित करते पूर्व मंडल अध्यक्ष।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी चन्द्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय कांडी के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह सह कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 23 सितम्बर को मोरहाबादी रांची में आयोजित आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा किया गया। कांडी मंडल से लगभग 500 भाजपा कार्यकर्ता आक्रोश रैली में शामिल होने के लिए रांची जाएंगे। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। मौके पर प्रभारी विरेन्द्र दुबे, नव मनोनीत भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, मुखिया ललित बैठा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमरेश चंद्र, महामंत्री भोला मेहता, सीताराम तिवारी, ललन राम, भोला पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंह, राम लखन चंद्रवंशी, चंद्रमणि मिश्रा, मोतीलाल यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में भाजपाईयों ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** हेमंत सोरेन की सरकार के द्वारा युवाओं के हक एवं रोजगार की वादा खिलाफी की लड़ाई को लेकर नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र पासवान ने कहा कि भारतीय युवा मोर्चा के तत्वाधान में युवा आक्रोश रैली आगामी 23 अगस्त को रांची के मोहराबादी मैदान में कार्यक्रम आयोजित की गई है। कहा कि वर्तमान भ्रष्ट हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन ने 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता एवं अनुबंध कर्मी को स्थाईकरण करने का वादा किया था। लेकिन उसके वादे सभी खोखले निकले। इस युवा आक्रोश रैली रांची के मोराबादी मैदान में एक लाख भाजपा कार्यकर्ताओ का जुटान होना है। उसे इस घृणित कार्य को लेकर गद्दी से उखाड़ फेंकने तथा अगले चुनाव में बुरी तरह परास्त करने का संकल्प लेना होगा। वही मंडल अध्यक्ष पवन कुमार ने रांची के मोराबादी मैदान में युवा आक्रोश रैली में नगर मंडल के सभी बूथों से कार्यकताओं को भारी संख्या में रांची चलने का आह्वान किया है। साथ ही सभी बूथ अध्यक्षों से प्रत्येक बुथ से 10 से 15 की संख्या में कार्यकताओं को शामिल होने का आग्रह किया है। बैठक में मंडल महामंत्री दीपक कुमार, सबेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह डॉ धनंजय सिंह, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र नाथ दुबे, वीरेंद्र प्रसाद, सच्चिदानंद सिंह, दिलीप सिंह, विनय पाठक, वीरेंद्र पाठक, अरविंद चैबे, शाहिद खान, शिवकुमार मेहता, बसंत पांडेय सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


बैठक के दौरान भाजपा नेता।

स्पीड न्यूज

### उप्र : संघ के वरिष्ठ प्रचारक बालकृष्ण त्रिपाठी का निधन



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और पूर्व अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख बाल कृष्ण त्रिपाठी का लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। वह जिला प्रचारक, विभाग प्रचारक, प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक, अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक और क्षेत्र के संपर्क प्रमुख रहे।

### अजमेर ब्लैकमेल मामले में 6 को उम्रकैद की सजा

**अजमेर।** अजमेर में 32 साल पहले हुए बहुचर्चित अश्लील ब्लैकमेल कांड में दोषी करार छह आरोपितों को अजमेर की पोक्सो प्रकरण की अदालत संख्या दो ने मंगलवार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले की पीड़ित महिलाओं और उनके परिजनों को यह फैसला आने का इंतजार था। सभी ने इसे न्याय की जीत कहा।

# हिंद प्रशांत में भारत का अहम साझीदार है मलेशिया : मोदी

## उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेंगे दोनों देश

▶▶ सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, एआइ और क्वांटम टेक्नोलॉजी पर समझौता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने अपनी विस्तारित रणनीतिक साझीदारी को समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप देने और सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का मंगलवार को फैसला किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने कामगारों के रोजगार, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, युवा एवं खेल, संचार, डिजिटल तकनीक, वित्तीय क्षेत्र सहित आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये तथा भारत मलेशिया सीईओ रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की।

मोदी ने इब्राहिम के पहले भारत दौरे पर स्वागत किया और कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही मुझे भारत में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है।₹



उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच विस्तारित रणनीतिक साझीदारी का एक दशक पूरा हो रहा है, और पिछले दो सालों में, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के सहयोग से हमारी साझीदारी में एक नयी गति और ऊर्जा आई है। आज हमने आपसी सहयोग के सभी क्षेत्रों पर व्यापक रूप से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि आसियान और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में मलेशिया, भारत का अहम साझीदार है। भारत आसियान केन्द्रीयता को प्राथमिकता देता है। हम अंतराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप नौवहन एवं उड्डयन की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं। और, सभी विवादों के शांतिपूर्वक हल का पक्ष रखते हैं।

मोदी ने कहा कि हम सहमत हैं कि भारत और आसियान के बीच मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को समयबद्द तरीके से पूरा करना चाहिए। आज हम दोनों ने रक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग की नयी संभावनाओं पर भी बात की है। आतंकवाद और अतिवाद के खिलाफ लड़ाई में भी हम एकमत हैं। मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया सदियों से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। मलेशिया में रह रहे लगभग 30 लाख भारतीय प्रवासी हमारे बीच एक जीवंत सेतु हैं। भारतीय संगीत, खान-पान और उत्सव से लेकर मलेशिया में तोरण गेट तक हमारे लोगों ने इस मित्रता को संजोया है उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष मलेशिया में हुआ पीआईओ दिवस एक बहुत सफल और लोकप्रिय कार्यक्रम था। जब हमारे नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना हुई, तो उस एतिहासिक क्षण का जोश मलेशिया में भी देखा गया। कामगारों के रोजगार संबंधी समझौते से, भारत से कामगारों की भर्ती के साथ-साथ उनके हितों के संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि आर्थिक सहयोग के मामले में दोनों देशों के लिए अभी भी काफी संभावनाएं मौजूद हैं।

## भाजपा ने नौ सीटों के लिए जारी की सूची

### राज्यसभा चुनाव

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील मनन मिश्रा को बिहार से बनाया प्रत्याशी

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने राज्यसभा चुनावों के लिए मंगलवार को विभिन्न राज्यों से नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार की ओर से जारी सूची के मुताबिक पार्टी ने बिहार में सुप्रीम कोर्ट वरिष्ठ अधिवक्ता मनन मिश्र, हरियाणा में किरण चौधरी, मध्य प्रदेश म जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र में धौर्यशील पाटिल और ओडिशा में ममता मोहंता,असम में मिशन रंजन दास, रामेश्वर तेली को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा पार्टी ने राजस्थान में सरदार नवनीत सिंह बिट्टू और त्रिपुरा में राजीब भट्टाचार्जी को उम्मीदवार घोषित किया है। चुनाव में असम, बिहार और महाराष्ट्र से राज्यसभा के लिए क्रमशः दो-दो सीटों, हरियाणा, मप्र, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा से क्रमशः एक-एक सीट के लिए चुनाव होने हैं। असम में कामाख्या ताशी व सवार्नंद सोनोवाल, बिहार में मीसा भारती व विवेक ठाकुर, हरियाणा में दीपेंद्र हुड्डा, मप्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र में छत्रपति उदय राजे भोसले, पीयूष गोयल, राजस्थान में केसी वेणुगोपाल और त्रिपुरा में बिपल्ब देब के संसद बनने से रिक्त हुई है सीट।

## जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रथम चरण के मतदान की अधिसूचना जारी कर दी है। पहले चरण में किश्तवाड़, अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिले में मतदान होगा। इस चरण के लिए 27 अगस्त तक नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन की जांच 28 अगस्त को होगी और नाम वापसी 30 अगस्त तक होगी। इस चरण में 24 विधानसभा सीटों पामपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनपोरा, शोपियाँ, डी.एच. पोरा, कुलगाम, देवसर, डोरू, कोकरनाग (अ.ज.जा), अनन्तनाग पश्चिम, अनन्तनाग, श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहाड़ा, शानगुस-अनन्तनाग पूर्व, पहलगाम, इन्दरवाल, किश्तवाड़, -पाडेर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन और बनिहाल में मतदान होगा। आयोग ने शुक्रवार को दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की घोषणा की थी।

## पूर्वी यूक्रेन के एक और शहर पर रूस का कब्जा

**मॉस्को।** रूस पर यूक्रेन के ताजा हमलों के बीच रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के एक और शहर पूर्वी यूक्रेन के डोनेस्क क्षेत्र में जालिजने टाउन पर कब्जा कर लिया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसके सुरक्षाबलों ने पूर्वी यूक्रेन के डोनेस्क क्षेत्र में जालिजने टाउन पर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही रूस डोनेस्क क्षेत्र के ही टोरेस्क और पोकरोवस्क की ओर आगे बढ़ रहा है। वहीं यूक्रेन ने कुर्स्क में सोमवार को सियाम नदी पर बने तीसरे पुल को नष्ट कर दिया है। दूसरी ओर, रूस के कुर्स्क क्षेत्र के बड़े हिस्से पर नियंत्रण कर चुकी यूक्रेनी सेना भी स्थिति मजबूत करने में लगी है। उसने सोमवार को यहां एक और पुल को नष्ट कर दिया है। रूस जालिजने को सोवियत काल के एर्टियोमोवो नाम से पुकारता है। इसे माइनिंग टाउन के रूप में जाना जाता है।

### फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में करीना लंदन की ठंडी सड़कों पर कैमरे की तरफ पीठ करके चलती हुई दिखाई दे रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है।जो स्कैम 1992ः द हर्षद मेहता स्टोरी, फिल्म में ऐश टंडन, सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार और कीथ एलन भी हैं। द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर एक ब्रिटिश-भारतीय जासूस जसमीत भामरा की भूमिका निभा रही हैं, जिसने हाल ही में अपने बच्चे को खो दिया है। उसे बकिंघमशायर में मारे गए 10 वर्षीय बच्चे का मामला सौंपा गया है।

## भारत में मोबाइल धारकों की संख्या 117 करोड़ पार

**नयी दिल्ली।** देश में जून 2024 में मोबाइल फोन धारकों की संख्या बढ़कर 15.7 लाख बढ़कर 117.05 करोड़ हो गयी । ट्राई द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जून 2024 में मोबाइल और बेसिक टेलीफोन धारकों की कुल संख्या 120.56 करोड़ हो गयी। बेसिक टेलीफोन धारकों की संख्या 3.51 करोड़ रही है। शहरी क्षेत्रों में मोबाइल धारकों की संख्या 63.50 करोड़ रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल धारकों की संख्या 53.55 करोड़ रही है।

## एमजी विंडसर का नया टीजर लांच

**गुरुग्राम।** एमजी मोटर इंडिया ने क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल (सीयूवी) एमजी विंडसर का नया टीजर लांच किया। इस टीजर में पानी में फर्राटे से चलने की बेजोड़ विशेषताएं हैं। भारत में हर साल मानसून के मौसम जल जमाव एक आम चुनौती है, जिसका सामन हर कार चालक को करना पड़ता है। बहुत ही सावधानी के साथ डिजाइन की गई। विंडसर आसानी से गहरे पानी में संतुलन बनाए रखती है।







